धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

26.05.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, तृतीया , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 311

12 चक्रवाती तूफान रेमल से भारी बारिश की आशंका

## न्यूज डायरी

### राजकोट के मॉल में आग से 24 की मौत

**अहमदाबाद।** राजकोट के एक मॉल में शनिवार को भीषण आग से 24 की मौत होगयी। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। आशंका है कि मौतों का आंकड़ा बढ़ा सकता है। आग इतनी विकराल थी कि एक किलोमीटर दूर तक इसका धुआं देखा गया। आग मॉल के गेम जोन में लगी। सूचना पर तमाम एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंची थीं। मॉल में जब आग लगी उस वक्त पर गेम जोन में काफी बच्चे मौजूद थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है गेमिंग जोन बनाने में लकड़ी का ज्यादा इस्तेमाल किया था। इसलिए आग ज्यादा भड़की। मालिक को अरेस्ट कर लिया गया है। सारे गेम जोन को तत्काल रूप से बंद कर दिया गया है।

### बंगाल में हिंसा के बीच सर्वाधिक 78.19% वोटिंग

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के के छठे चरण में छह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर चुनाव संपन्न हुआ। बंगाल में हिंसा के बीच रिकार्ड 78.19% मतदान हुआ। वहीं दिल्ली में 54.31% और यूपी में 54.02% वोटर्स ने वोटिंग की।

### पीएम मोदी हटायें, देश को तानाशाही से बचायें : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह तानाशाह की तरह काम करते हैं। जनता को उनकी तानाशाही से बचना है तो गठबंधन को जिताकर उन्हें सत्ता से दूर रखें। मोदी को सबक सिखाना जरूरी है।

### अनुपमा सिंह ने बेरमो में किया मतदान

**बोकारो।** बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह (अनूप सिंह) ने अपनी पत्नी धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के साथ गिरिडीह के बेरमो विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 111 में मतदान किया। दोनों ने लोग से अपील की कि मतदान करने के लिए जरूर पहुंचे ताकि लोकतंत्र मजबूत हो सके।




## झारखंड की चार संसदीय सीटों पर 61.41 फीसदी वोटिंग, रांची सबसे पीछे, जमशेदपुर सबसे आगे

# शहर के मुकाबले गांवों में भारी मतदान

### धनबाद में 58.90%, गिरिडीह में 65.44 %, जमशेदपुर में 66.79 %, रांची में 58.73 % वोटिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में देश के छठे चरण व झारखंड में तीसरे चरण की चार संसदीय सीटों पर शनिवार शाम पांच बजे तक हुए मतदान में ओवरआल 61.41% वोटिंग हुई। रांची लोकसभा सीट पर सबसे कम 58.73 % मतदान हुआ। कहीं से हिंसा की कोई खबर नहीं है। इस बार भी पिछली बार की तरह शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में बंपर वोटिंग हुई। जमशेदपुर सीट पर सबसे अधिक 66.79 % वोटिंग हुई। धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची लोकसभा सीट के लिए 93 प्रत्याशियों के भाग्य इवीएम में कैद हो गया। इसका फैसला 4 जून को होगा। झारखंड के सभी बूथों पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी थी। इस दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन समेत कई दिग्गजों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है और लोगों से वोट की अपील की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। मतदानकर्मी इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए मतदान केन्द्रों से वापस लौटने लगे हैं।

**कई वीवीपैट और ईवीएम बदले गये :** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि मतदान के दौरान अब तक 14 बैलेट यूनिट, 8 कंट्रोल यूनिट और 43 वीवीपैट बदले गए हैं। धनबाद में 6 बैलेट यूनिट, चार कंट्रोल यूनिट और 8 वीवीपैट तकनीकी खामियों की वजह से बदला गया है। गिरिडीह में मतदान के दौरान सिर्फ 14 वीवीपैट बदले गये। जमशेदपुर में चार बैलेट यूनिट, 2 कंट्रोल यूनिट और 14 वीवीपैट। वहीं, रांची में चार बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट और सात वीवीपैट बदले गये।



### पिछले दो चुनाव में हुए मतदान

| | | |
|---|---|---|
| रांची | (2014)- 63.75%. | (2019)- 64.49%. |
| जमशेदपुर | (2014)- 66.38%. | (2019)- 67.19%. |
| गिरिडीह | (2014)- 64.24%. | (2019)- 67.12%. |
| धनबाद | (2014)- 60.24%. | (2019)- 60.47%. |

### धालभूमगढ़ में एक बूथ पर बहिष्कार

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला अनुमंडल स्थित धालभूमगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छौडिया बूथ सं 154 पर ग्रामीण नहीं पहुंचे वोट देने। स्वर्णरेखा नदी पप्पू घाट पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर, नरसिंहगढ़ से लेकर कनास गांव तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण हैं नाराज।





### अनुमानित प्रतिशत 62.13 रहा : रविकुमार

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि गिरिडीह, धनबाद, रांची एवं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए संपन्न मतदान का शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित प्रतिशत 62.13 रहा। इसमें गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 65.44 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं धनबाद निर्वाचन क्षेत्र में 58.90, रांची में 58.73 एवं जमशेदपुर निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित मतदान प्रतिशत 66.79 रहा। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में बदलाव संभव है। अंतिम मतदान प्रतिशत रविवार तक ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा होने के बाद मिलेगा। पोस्टल बैलेट से हुए मतदान की संख्या जुड़ने के बाद मतदान प्रतिशत में कुछ और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सुबह छह बजे से ही मतदाता कतार में खड़े थे। मॉकड्रिल की प्रक्रिया सम्पन्न होते ही मतदान शुरू हो गया।

### वोटिंग फैक्ट फाईल ( विधानसभा वार)

| रांची लोकसभा सीट : | 58.73% | जमशेदपुर सीट : | 66.79% |
|---|---|---|---|
| हटिया : | 55.00% | बहरागोड़ा : | 77.24% |
| ईचागढ़ : | 75.96% | घाटशिला : | 72.16% |
| कांके : | 54.61% | पूर्वी जमशेदपुर : | 57.66% |
| खिजरी : | 57.01% | प. जमशेदपुर : | 57.10% |
| रांची : | 54.90% | जुगसलाई : | 69.25% |
| सिल्ली : | 62.45% | पोटका : | 73.12% |

| धनबाद संसदीय सीट : | 58.90% | गिरिडीह संसदीय क्षेत्र : | 65.44% |
|---|---|---|---|
| बोकारो : | 49.50% | बाघमारा : | 62.74% |
| चंदनकियारी : | 70.50% | बेरमो : | 62.75% |
| धनबाद : | 54.43% | डुमरी : | 69.04% |
| झरिया : | 54.49% | गिरिडीह : | 64.45% |
| निरसा : | 65.55% | गोमिया : | 65.50% |
| सिंदरी : | 68.16% | टुंडी : | 68.16% |

### 93 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद

झारखंड की चार सीटों के कुल 93 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 82 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने इवीएम में लाक कर दिया। गिरिडीह में भाजपा की सहयोगी आजसू का झामुमो और जेबीकेएसएस में टक्कर है। धनबाद में मुकाबला ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह में है। जमशेदपुर में मुकाबला भाजपा के विद्युत वरण महतो और झामुमो के समीर मोहंती में है। रांची में मुकाबला भाजपा के संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय में है।

## बूथ पहुंचने से पहले पत्नी की मौत शव घर पहुंचाया, फिर डाला वोट

**रांची(खबर मन्त्र ब्यूरो)।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजधानी में लोकतंत्र के महापर्व के प्रति समर्पण की मिसाल देखने को मिली। शहर के पुनदाग (दीपा टोली) स्थित फातिमा नगर निवासी शफीक अहमद और शाहिना परवीन (पति-पत्नी) फातिमा नगर स्थित ज्ञान सिंधु विद्या मंदिर बूथ संख्या 208 पर वोटिंग करने निकले थे। रास्ते में ही अचानक शफीक अहमद की पत्नी शाहिना परवीन गिर पड़ीं। मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अचानक हुए हादसे से शफीक अहमद घबरा गये। इसके बावजूद उन्होंने हौसला नहीं खोया। पत्नी के शव को पहले घर पहुंचाया। अपने परिजनों को पूरी घटना बतायी। पहले मतदान करने की ठानी और मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट डाला। बाद में अंतिम संस्कार की तैयारी की। मतदान के प्रति इस तरह के समर्पण की मिसाल पेश करने वाले शफीक अहमद की हर ओर सराहना हो रही है। यह लोकतंत्र



के महापर्व में मतदाताओं के बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने का एक उदाहरण है। इससे लोकतंत्र की महत्ता का पता चलता है। हादसे की खबर मिलते ही रांची सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय शफीक अहमद गे घर पहुंची। परिजनों से मिलीं एवं सांत्वना दी। उन्होंने कहा, श्री अहमद ने लोकतंत्र में चुनाव के महत्व को अहमियत देते हुए पहले मतदान करने का निर्णय लिया, यह अत्यंत सराहनीय है।

# केंद्र की तानाशाह सरकार से जनता त्रस्त : कल्पना

### यही मौका है, जुमलेवाजों को बदल डालें

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड के संथाल परगना प्रमंडल में चुनावी तपिश बढ़ गयी है। सभी दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में कल्पना सोरेन ने जामताड़ा के नाला विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया और जेएमएम प्रत्याशी के लिए वोट मांगा। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को तानाशाह सरकार बताया। साथ ही कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव तानाशाह सरकार



बनाम त्रस्त जनता का चुनाव है। यह चुनाव तानाशाह सरकार बनाम त्रस्त जनता के बीच है।

**मोदी का एक भी वादा पूरा नहीं :** कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि 10 साल में केंद्र में मोदी सरकार ने जो वादे जनता के साथ किए थे, एक भी वादा पूरा नहीं किया। मोदी सरकार ने नौजवानों को 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, किसानों की आय दोगुनी करने और काला धन वापस लाकर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15 लाख देने के वादा किया था, पर अब तक ये वादे पूरे नहीं हुए। चुनावी जनसभा में कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। कल्पना सोरेन ने लोगों से एक जून को होने वाले चुनाव के दिन जिम्मेदारी के साथ अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।

(शेष पेज 11 पर)

## एससी-एसटी आरक्षण मुसलमानों को देने की साजिश में इंडी : मोदी

# भ्रष्टाचारियों की पूरी जिंदगी जेल में ही कटेगी

### बिहार को मोदी की गरंटी

खबर मन्त्र टीम

**पटना।** बिहार की कई चुनावी सभाओं में पीएम मोदी ने शनिवार को इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले एससी-एसटी का आरक्षण मुसलमानों को देने की साजिश कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि मुस्लिम आरक्षण के लिए एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण बदल दें। इसके लिए वे सत्ता हथियाना चाहते हैं। उन्हें आपकी चिंता नहीं है। पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों को मैं गारंटी देता हूं कि किसी को गरीबों का हक नहीं मारने देंगे। नौकरी के नाम पर जिन्होंने गरीबों की जमीन लिखवायी है, उनका समय पूरा हो गया है। पीएम ने कहा, वैसे लोगों को जेल जाना ही होगा और उनकी जिंदगी जेल में ही बीतेगे, यह बिहार



और मोदी दोनों की गारंटी है। पीएम मोदी शनिवार को पाटलिपुत्र, काराकाट, बक्सर और रोहतास में राजग उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभा में बोल रहे थे।

उन्होंने काराकाट से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा (गैस सिलिंडर), सासाराम से भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम और आरा से केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की। (शेष पेज 11 पर)

### युवराज जायेंगे विदेश कांग्रेस- राजद भिड़ंगे

मोदी ने कहा कि चार जून की शाम होते-होते बिहार में एक और काम होगा। राजद वाला कहेंगे कि कांग्रेस वालों ने लुटिया डूबो दी। दूसरा काम होगा कि कांग्रेस के युवराज, खड़गे पर ठीकरा फोड़ विदेश में छुट्टी मनाने चले जायेंगे। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन वाले देश को डराते हैं। ये ऐसा डराते हैं कि पीओके मत मांगिये, पाक के पास एटम बम है। हम डरनेवालों में से नहीं हैं। वे कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बना तो देश में बवाल होगा। क्या हुआ, रोज हजारों लोग रामलला दर्शन करने आते हैं। धारा 370 पर भी डराते थे। कहते थे कि काश्मीर पाकिस्तान में चला जायेगा। धारा 370 हटाने पर कुछ हुआ क्या।

## राज्यपाल, कल्पना, सेठ और सहाय, नरेंद्रन समेत दिग्गजों ने डाले वोट

# धोनी के आते ही बूथ पर सेल्फी लेने उमड़े वोटर्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में पूरा देश उत्साह चरम पर था। रांची में राज्यपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धौनी, रांची के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाये, झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, वहीं टाटा स्टील के एमडी सह सीइओ टीवी नरेंद्रन ने जमशेदपुर के बिस्टुपुर के एक बूथ पर सपरिवार मतदान किया। इन सभी दिग्गजों ने आम लोगों से भी लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

(शेष पेज 11 पर)

### धोनी को देखते उमड़ी भीड़



टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने पूरे परिवार के साथ जैसे ही जेवीएम श्यामली स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचे सभी मतदाता उनके साथ सेल्फी लेने दौड़ पड़े। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाल लिया। एमएस धोनी ने पिता पान सिंह धोनी, मां देवकी देवी, पत्नी साक्षी धोनी और भाई नरेंद्र सिंह धोनी के साथ जेवीएम स्कूल के बूथ नंबर 318 पर मतदान किया। उनके पिता मैकॉन कंपनी में काम करते थे। (शेष पेज 11 पर )

### राज्यपाल ने की वोटिंग



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को एटीआइ स्थित बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल ने सेल्फी पॉइंट पर तस्वीर भी खिंचवाई। राज्यपाल ने कहा कि सभी मतदताओं से मेरा आग्रह है कि वे भी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मैंने विकास के लिए मतदान किया है। उन्होंने कहा कि धन तभी बांटा जा सकता है। (शेष पेज 11 पर )

### मतदान लोकतंत्र का पर्व : कल्पना



झामुमो की स्टार प्रचारक और गांडेय विस की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने रांची के संत फ्रांसिस स्कूल में शनिवार को मतदान किया। वह अपने पुत्र के साथ मतदान केंद्र पहुंची थी। लोगों के साथ पंक्ति में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद लोगों से भी बातचीत की। मतदान के बाद बाहर निकलने पर संवाददाताओं से बातचीत की। (शेष पेज 11 पर

## झामुमो और कांग्रेस ने सिर्फ अपनी तिजोरी भरी : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड में आखिरी चरण में संथाल परगना प्रमंडल की तीन सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा में होनेवाले चुनाव को सभी पार्टियां धुआंधार प्रचार में जुटी है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को पाकुड़ में राजमहल प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। अर्जुन मुंडा ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खनिज संपदा को लूटा। भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। साथ ही अपनी तिजोरी भरने का काम किया। अर्जुन मुंडा ने कहा कांग्रेस और झामुमो ने प्रदेश के लोगों के साथ वादा खिलाफी की



है। उन्होंने राजमहल से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को संसद भेजने की अपील जनता से की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह चुनाव देश का बेहतर भविष्य बनाने का है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी ने अनाज, शौचालय, शुद्ध पेयजल, आवास मुहैया कराने का काम किया। (शेष पेज 11 पर)

चक्रवाती तूफान रेमल के कारण बदलेगा मौसम

# झारखंड में तूफानी हवाओं के साथ झमाझम बारिश का यलो अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एक ओर जहां देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू कहर बरपा रही है, वहीं झारखंड में मौसम कूल-कूल रहने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान 'रेमल' की वजह से झारखंड में मौसम बदलेगा। इसलिए 26 मई यानी आज रविवार से 31 मई तक राज्य के कई स्थानों में गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग की मानें तो 26 और 27 मई को राज्य के पूर्वी, दक्षिणी व मध्य भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन, वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-



खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ जिले में देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के बाकी बचे हिस्सों, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ा है। यही नहीं एक अन्य साइक्लोनिक सर्कुलेशन दक्षिण-पूर्व राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्रों पर स्थित है।

### अगले दो-तीन दिनों में तापमान में आयेगी गिरावट

झारखंड में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि अगले दो से तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव 26 मई की सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जायेगा। यह उत्तर-पूर्वी दिशा में आगे बढ़ रहा है। 26 मई की मध्य रात्रि से यह तूफान 110 से 135 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाले तूफान में बदल जायेगा।

यही नहीं एक ट्रफ रेखा दक्षिण-पूर्व राजस्थान पर बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन से एमपी होते हुए छत्तीसगढ़ तक फैली है। दक्षिण केरल पर भी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। जिसका असर झारखंड में भी हो रहा है। इससे झारखंड में गरज, चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा दबाव अगले 24 घंटे के दौरान चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। यह 26 मई की रात को 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के समुद्र तटों से टकरा सकता है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह तूफान 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। इसके प्रभाव से 26 से 27 मई के दौरान पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओड़िशा के तटीय जिलों में भारी बारिश होगी।

# पूर्वी सिंहभूम : वोट डालने जा रहे मतदाता को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुनाव आयोग की हिदायत के बावजूद भी वन विभाग मुस्तैद नहीं रहा। वन विभाग की लापरवाही के कारण शनिवार को हाथी ने एक मतदाता की जान ले ली। पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा प्रखंड की मुटूरखाम पंचायत के गोबराबनी गांव के ग्राम प्रधान सुरेंद्रनाथ हांसदा (65) की शनिवार सुबह एक हाथी के हमले में मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, वह सुबह मतदान करने के लिए जंगल के रास्ते धोलाबेड़ा स्थित मतदान केंद्र पर जा रहे थे। इस दौरान एक हाथी ने उनपर हमला कर दिया और पटककर मार डाला।

### क्या था राज्य निर्वाचन आयोग का निर्देश

राज्य निर्वाचन आयोग ने झारखंड के वन विभाग को निर्देश दिया था कि मतदान के दिन जंगली जानवरों से मतदाताओं की सुरक्षा करें। राज्य निर्वाचन आयोग ने वन विभाग को ऐसा निर्देश पहली बार दिया था और कहा था राज्य के कई लोकसभा लोकसभा क्षेत्र के जंगली इलाकों पर जंगली जानवरों का भ्रमण होता रहता है। इस पर विशेष नजर बनाए रखें। निर्देश देते हुए यह भी कहा था कि ऐसे क्षेत्रों में वन विभाग के ट्रेंड कर्मचारियों को तैनात रखें। अगर मतदान के दौरान जंगली हाथी या अन्य जंगली वन्य जीवों का विचरण होता है तो मतदाता और मतदानकर्मियों को सुरक्षा दी जा सके।

### एलीफेंट अलर्ट एप उपयोग करने का निर्देश

वन विभाग ने भी कहा था कि कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि जंगली क्षेत्र से मतदाता अकेले ना जाएं कुछ लोगों को साथ लेकर चलें। अगर कहीं भी हाथी के आने की सूचना मिलती है तो एलीफेंट अलर्ट एप का भी उपयोग करें। साथ ही जो सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे, उन्हें भी वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा समय समय जानकारियां दी जाएगी।

# राजेश ठाकुर ने परिवार संग डाला वोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बोकारो के को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित अनुरक्षण भवन बूथ पर अपने पिता नंदकिशोर ठाकुर एवं भतीजे ऋषभ ठाकुर के साथ मतदान किया। राजेश ठाकुर ने झारखंड में तीसरे चरण में चार सीटों पर हुए चुनाव में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के प्रति अपना भरोसा



जताने के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने मतदाताओं के रुझान को देखते हुए कहा कि चारों सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नाकामियों और झूठे वादों को सामने रखकर जनता ने इस चुनाव में भाजपा से दूरी बना ली है। जिसका पूरा फायदा इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों को मिल रहा है। झारखंड में बाकी तीन सीटों पर भी जनता का भरोसा इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के प्रति बना हुआ है।

# ओड़िशा के प्रथम नागरिक राज्यपाल रघुवर दास का जमशेदपुर में मतदान करना आश्चर्यजनक : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने ओड़िशा के राज्यपाल का जमशेदपुर में मतदान करने पर आश्चर्य प्रकट किया है। पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास द्वारा मतदान किया जाना हतप्रभ करता है। किसी भी राज्य का राज्यपाल उस राज्य का प्रथम नागरिक होता है। उनसे यह अपेक्षा होती है कि वह अपने राज्य के संवैधानिक प्रमुख होने के नाते उस राज्य में मतदान करे, ताकि मतदाताओं के लिए एक उत्साहवर्द्धक संदेश प्राप्त हो। झारखंड के प्रथम नागरिक माननीय राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा रांची लोकसभा में मतदान किया जाना न सिर्फ उदाहरण है। यह प्रश्न आज के लिए प्रासंगिक है कि रघुवर दास अपने राज्य ओड़िशा को अपना नहीं




मानते या ओड़िशा के प्रबुद्ध जनता उन्हें अपना नहीं मानती। हम सब जानते हैं कि जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में लाखों लोग बांग्ला के साथ-साथ ओड़िया वासी भी हैं।

रघुवर दास क्या यह संकेत देना चाहते हैं कि ओड़िया भाषी लोग किसी एक राजनैतिक दल का समर्थन नहीं करेंगे तो ओडिशा के लोगों के प्रति उनका आने दिनों का व्यवहार कैसा रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग को भी यह संज्ञान लेना चाहिए. कि जब भारत के राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू ने अपने प्रिय राज्य ओडिशा को छोड़ कर राजधानी दिल्ली में मतदान किया। वो कौन सी परिस्थिति हुई कि ओड़िशा के राज्यपाल को अपने मूह राज्य में आकर मतदान करना पड़ा। उनका यहां मतदान करना स्थानीय प्रशासन को प्रभावित करना एवं मतदाताओं को भ्रमित करने का एक निंदनीय प्रयास है, जो लोकतंत्र के लिए एवं संधीव ढांचे के लिए अशुभ है। उन्होंने ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपना उपस्थिति दर्ज करवा कर झामुमो के उपकृत किया है। उन्होंने समीर मोहंती की विशाल जीत को पक्का करने का काम किया है।

## रांची में 4.67%, जमशेदपुर में 2.89%, गिरिडीह में 2.21%, धनबाद में 1.43% वोटिंग घटा

# छठे चरण में झारखंड की चारों सीटों पर 2019 के मुकाबले मतदान में आयी कमी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान संपन्न हो गया। रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह से ही मतदान केंद्रों में वोटर्स की कतार लगी रही, लेकिन चिंता की बात यह रही कि इन चारों सीटों पर 2019 के मुकाबले मतदान का प्रतिशत कम हुआ है। रांची लोकसभा सीट पर वोटिंग का प्रतिशत 2019 के मुकाबले 5.67 प्रतिशत घट गया। वहीं जमशेदपुर लोकसभा सीट पर वोटिंग प्रतिशत 2019 की तुलना 2.89 फीसदी घटा है। वहीं गिरिडीह लोकसभा सीट पर वोटिंग का प्रतिशत पिछले साल की तुलना 2.21 फीसदी घटा है, जबकि धनबाद लोकसभा सीट पर वोटिंग का प्रतिशत 1.43 फीसदी घटा है। हालांकि यह तुलना चुनाव खत्म होने के बाद आये प्रारंभिक आंकड़ों पर आधारित है। फाइनल रिपोर्ट आने के बाद वोटिंग प्रतिशत घट या बढ़ भी सकता है।

**गिरिडीह में सर्वाधिक वोटिंग, लेकिन पिछली बार से 2.21 % कम मतदान** : शनिवार को हुए चारों लोकसभा सीटों में से गिरिडीह लोकसभा सीट पर इस बार सबसे अधिक वोटिंग हुई, लेकिन यहां पिछले लोकसभा चुनाव से कम मतदान हुआ। वहीं 2019 में गिरिडीह में 66.96 फीसदी वोटिंग हुई थी, जबकि इस बार 64.75 फीसदी मतदान हुआ। वहीं रांची लोकसभा सीट पर 2019 में 64.40 फीसदी वोटिंग हुई थी, जबकि इस बार 58.73 प्रतिशत मतदान हुआ। धनबाद में 2019 में 60.33 फीसदी मतदान हुआ था, जबकि इस बार 58.90 फीसदी वोटिंग हुआ। वहीं जमशेदपुर में इस बार 64.30 फीसदी वोटिंग हुई, जबकि 2019 में वहां 67.19 प्रतिशत वोट पड़े थे।

**धनबाद** : धनबाद में 2019 में 60.33 फीसदी वोट पड़े थे। कुल वोटों का 66.03 फीसदी वोट भाजपा को मिला था। भाजपा प्रत्याशी कुल 8,27,234 वोट लाकर चुनाव जीते थे। उन्हें कांग्रेस





के प्रत्याशी कीर्ति आजाद से 4,86,194 वोटों की लीड मिली थी। आजाद को कुल वोटों का 27.22 फीसदी वोट मिला था।

**गिरिडीह :** गिरिडीह लोकसभा सीट में 2019 में 66.96 प्रतिशत वोट पड़े थे। आजसू पार्टी को कुल वोटों का 58.57 फीसदी वोट मिला था। आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी 6,48,277 वोट लाकर जीते थे, जबकि झामुमो के जगरनाथ महतो को 36.13 फीसदी यानी कुल 3,99,930 वोट मिले थे।

**रांची :** रांची लोकसभा सीट पर 2019 में 64.40 प्रतिशत वोट पड़े थे। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को कुल वोटों के 57.21 फीसदी वोट मिले थे। उन्होंने कुल 7,06,828 वोट हासिल किये थे, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय को 34.3 यानी 4,23,802 वोट प्राप्त हुए थे।

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 2019 में 67.19 फीसदी वोटिंग हुई थी। भाजपा के हिस्से में कुल वोटों का 59.40 फीसदी हिस्सा आया था, जबकि झामुमो के हिस्से में 33 फीसदी वोट आया था। भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो को 6,79,632 और झामुमो प्रत्याशी चंपाई सोरेन को 3,77,542 वोट मिले थे।

**शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए व्यापक प्रबंध** : छठे चरण में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए चुनाव आयोग के द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। हालांकि कई बूथों पर शेड की समुचित व्यवस्था नहीं होने और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष तैयारी नहीं किए जाने की शिकायत आयोग तक पहुंची।

### कई वीवीपैट और ईवीएम बदले गये

राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि मतदान के दौरान अब तक 14 बैलेट यूनिट, 8 कंट्रोल यूनिट और 43 वीवीपैट बदले गए हैं। नेहा अरोड़ा ने कहा कि धनबाद में 6 बैलेट यूनिट, चार कंट्रोल यूनिट और 8 वीवीपैट तकनीकी खामियों की वजह से बदला गया है। वहीं, गिरिडीह में मतदान के दौरान सिर्फ 14 वीवीपैट बदले गए। जमशेदपुर में चार बैलेट यूनिट, 2 कंट्रोल यूनिट और 14 वीवीपैट। रांची में चार बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट और सात वीवीपैट बदले गए हैं। उन्होंने मतदान शांतिपूर्ण जारी होने का दावा किया है।

## झारखंड में छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के पांच मामले हुए दर्ज : सीइओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। मतदानकर्मी इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए मतदान केन्द्रों से वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि छठे चरण में 6-गिरिडीह, 7-धनबाद, 8-रांची एवं 9-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए संपन्न मतदान का शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित प्रतिशत 62.13 रहा। इसमें गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 65.44 प्रतिशत मतदान हुआ।

वहीं धनबाद निर्वाचन क्षेत्र में 58.90, रांची में 58.73 एवं जमशेदपुर निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित मतदान प्रतिशत 66.79 रहा। यह बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने संयुक्त रुप से प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया जारी है। देर शाम तक मतदान प्रतिशत के आंकड़े को अपडेट किया जायेगा। पोस्टल बैलेट से हुए मतदान की संख्या जुड़ने के बाद मतदान प्रतिशत में कुछ और वृद्धि होगी।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात जॉन मांझी का निधन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 5 मामले दर्ज किए गये हैं। रांची संसदीय क्षेत्र से एक, जमशेदपुर से 2 एवं गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो मामले दर्ज किए गये हैं। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर के बहरागोड़ा के गुड़बांधा में चुनाव ड्यूटी पर तैनात 38 वर्षीय जॉन मांझी की तबीयत बिगड़ गयी। उन्हें जमशेदपुर के टीएमएच में ले जाया गया। जहां उनका निधन हो गया। जॉन मांझी रिजर्व में तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र पर थे।

### अबतक 12846.16 लाख की नगद धनराशि और सामग्री जब्त

**पारसनाथ, पीरटांड एवं झुमरा के क्षेत्रों में भी शांतिपूर्ण मतदान**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने से अबतक 12846.16 लाख की नगद धनराशि एवं सामग्री जब्त किये गये हैं। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि चारों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि छठे चरण के चारों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 764 मतदान केन्द्र उन क्षेत्रों में अवस्थित थे, जहां पूर्व में नक्सली गतिविधियां रहीं थीं। इसमें गिरिडीह जिले का पीरटांड़ एवं पारसनाथ तथा बोकारो जिले के झुमरा के क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए 49,509 जवान लगाये गये थे। उन्होंने कहा कि 38 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट को सील कर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त किया गया था। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को पूरी सुरक्षा के साथ वापस लाया जा रहा है।

## छठे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद इंडी गठबंधन और भाजपा के अपने अपने दावे

# झारखंड में इंडी गठबंधन के पक्ष में अंडर करंट : कांग्रेस-झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में झारखंड की चार सीटों पर वोटिंग खत्म हो गयी। रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। शनिवार को हुए मतदान के बाद कांग्रेस, झामुमो और भाजपा ने अपनी अपनी जीत का दावा किया है।

**बीजेपी राज्य में खाता नहीं खोल पाएगी : कांग्रेस**

झारखंड में लोकसभा के चार सीट रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य की जनता ने पहले के दो चरणों की तरह आज भी महंगाई, बेरोजगारी और संविधान बचाने के मुद्दे पर वोट किया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि जनता ने साफ कर दिया है कि उन्हें 1100 रुपये का गैस सिलेंडर नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटिंग से यह साफ हो गया कि राज्य में सभी 14 लोकसभा सीट भाजपा-आजसू हारने जा रही है। 4 जून के बाद देश में इंडी गठबंधन की सरकार होगी।

**इडी गठबंधन के पक्ष में इस बार सुनामी : झामुमो**

रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह लोकसभा सीट पर मतदान संपन्न होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव मनोज पांडेय



ने कहा कि आज की वोटिंग से साफ हो गया कि इंडी गठबंधन के दलों के पक्ष में राज्य में अंडर करंट है। यह सुनामी की तरह है, जिसमें भाजपा और उसके सहयोगी आजसू पार्टी की हार सुनिश्चित है।

जेएमएम नेता मनोज पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता ने संविधान बदलने की बात करने वालों के खिलाफ मतदान किया है। पहले से 07 सीट इंडी गठबंधन जीत रहा था, आज के मतदान के बाद यह संख्या बढ़कर 11 हो गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं की बेचैनी उन्हें बार-बार झारखंड आने को मजबूर कर रही है लेकिन उसका कोई फायदा इसलिए नहीं मिल रहा है क्योंकि कल्पना सोरेन अकेले ही इन सब पर भारी पड़ रही हैं।

# भरपूर मिला जनसमर्थन करेंगे 400 पार: भाजपा

### मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री

झारखंड में चार सीटों पर हुई वोटिंग पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि हम अपने कार्यकर्ताओं के उत्साह और मतदाताओं की भागीदारी से देश के साथ झारखंड में भी चुनाव जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने पूर्व के दो चरणों की तरह आज भी पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अकेले 370 सीट और सहयोगियों के साथ 400 पार के संकल्प को पूरा करेगी और दिल्ली में फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी।

# अब तक इवीएम में कैद हो गया दस कमल फूल और एक केला

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अदित्य साहू ने कहा कि झारखंड की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। अबतक 10 कमल फूल और एक केला ईवीएम में कैद हो गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की ठगबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है। जनता इनसे त्रस्त हो चुकी है।

श्री साहू ने कहा कि चिलचिलाती धूप में मतदाता वोट डालने बूथ पर पहुंचे। कई वोटरों वोट देने से वंचित रह गए। उनका नाम मतदाता सूची में नहीं था। इस बारे में चुनाव आयोग को चिंता करनी चाहिए। उन्हें ध्यान देना चाहिए कि कोई भी



मतदान करने से वंचित नहीं रहे। इसमें सुधार करने की जरूरत है, वरना आयोग के प्रति लोगों का विश्वास कम होगा। उन्होंने कहा कि कई सुरक्षा कर्मियों के नाम के आगे वोटर लिस्ट में पोस्टल बैलेट दर्ज था जबकि उनलोगों ने पोस्टल मतदान नहीं किया था। ऐसे मतदाताओं को मतदान से वंचित रहना पड़ा। श्री साहू ने कहा कि मतदाताओं ने मजबूत और विकसित भारत के लिए वोट दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आस्था और विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। प्रत्येक दरवाजे पर विकास करके माध्यम से दस्तक दिया है। बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है।

# आइएएस मनीष रंजन से 28 मई को पूछताछ

**रांची।** टेंडर घोटाले मामले में आईएएस मनीष रंजन को ईडी ने समन भेजकर 28 मई को तलब किया है। पूर्व में ईडी की तरफ से समन भेजकर 24 मई को हाजिर होने के लिए कहा था। मनीष रंजन ने ईडी को लेटर भेजकर अगली तारीख देने का आग्रह किया था। मनीष रंजन को ग्रामीण विकास आयोग मामले समन जारी किया गया है। मनीष रंजन को अपने और परिवार के सदस्यों की आय और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी साथ लाने को कहा था। इडी को जांच में एक्सल सीट में मनीष नाम के व्यक्ति की जानकारी मिली थी। यह कोई और नहीं आईएएस अधिकारी मनीष रंजन ही हैं। टेंडर घोटाले की जांच कर रही है ईडी ने दावा है कि यह 3000 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है। टेंडर कमीशन घोटाले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी गिरफ्तार किया था। दस्तावेज जब्त किए हैं जिनसे पता चला है कि आलमगीर आलम और विभाग के अन्य नौकरशाहों को कटौती और कमीशन मिलता था।

# जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 66.79 प्रतिशत मतदान

## शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बंपर मतदान, लाइन में लगे आम से लेकर खास मतदाता, सभी ने पूरे अनुशासन से किया वोटिंग



संत जॉन स्कूल गोलमुरी में मतदान के दौरान निरीक्षण करने पहुंचे सीनियर एसपी किशोर कौशल व सिटी एसपी मुकेश लुणावत।



लोयला में वोट देने के बाद स्याही दिखलाते टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन और उनकी धर्मपत्नी रुचि नरेंद्रन।



कबीरिया स्कूल में मतदान के लिए कतार में लगी मुस्लिम समाज की महिलाएं।

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** 09-जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 66.79 प्रतिशत मतदान हुआ है। अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी जमशेदपुर शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका और जुगसलाई में जबर्दस्त मतदान हुआ है। शहरी क्षेत्र जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम के लिए संतोष जनक बात यह रही कि युवा मतदाताओं ने बंगलोर,चेन्नई, दिल्ली और मुंबई ,हैदराबाद जैसे शहरों में जॉब करने के बावजूद जमशेदपुर आकर मतदान किया जबकि स्पीप कार्यक्रम के बावजूद शहरी मतदान ग्रामीण मतदान के आगे फीका ही रहा।

लोकसभा चुनाव को लेकर अच छी बात यह रही कि वोटिंग शुरु होने के ढेढ़ घंटा पहले से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतार लग चुकी थी। यद्यपि ईवीएम की मॉक ड्रिल के दौरान कुछ मशीने फेल हो गई तो आनन-फानन में वैकल्पिक ईवीएम मशीने मजिस्ट्रेट द्वारा उपलब्ध करायी गईं। मतदान केंद्रों पर महिला सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार से मतदाता बेहद खुश और संतुष्ट नजर आये। बुजुर्ग मतदाताओं को बड़े ही आदर एवं स्नेह से महिला सुरक्षाकर्मियों द्वारा प्राथमिकता के साथ वोटिंग करायी गयी। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने डीडीसी मनीष कुमार के साथ शाम पौने छह बजे समहरणालय में संवाददाताओं से बात की।

मित्तल ने बताया कि खुशी की बात है कि जिले के सभी मतदान केंद्रों शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतदान संपन्न हो गया। हमारे लिए संतोष की बात है कि तमाम मतदानकर्मी सुरक्षित एवं स्वस्थ तरीके से अपने-अपने कलस्टर लौट आये हैं। एक सवाल पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान कुछ मतदान कर्मियों को गर्म हवाओं से तबियत खराब हुई तो तत्काल उन्हें मेडिकल सपोर्ट उपलब्ध कराया गया। यद्यपि एक मतदानकर्मी की तबियत ज्यादा खराब होने पर टाटा मेन हॉस्पिटल लाया गया किन्तु चिकित्सकों ने जांच के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत मतदानकर्मी की पहचान जॉन मार्डी-35 वर्ष है और वे यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया के कर्मचारी थे। अनन्य मित्तल ने बताया कि शाम पांच बजे तक जो भी मतदाता पर्ची के साथ लाइन लग चुके थे उन सभी को मतदान करने का अवसर दिया गया और पूरी प्रक्रिया शाम सात बजे तक पूरी कर ली गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि कुछ जगहों पर स्लो वोटिंग की शिकायत मिली तो वहां अतिरिक्त संशाधन उपलब्ध करा कर वोटिंग की गति को बढ़ाया गया।

एक सवाल पर अनन्य मित्तल ने कहा कि जाकिरनगर में कुछ लोगों ने दो ईवीएम के साथ दंडाधिकारी के मतदान केंद्र में प्रवेश करने को लेकर कुछ गलतफहमी हो गयी थी जिसे दूर कर लिया। वास्तव में हर मजिस्ट्रेट को 10-10 मतदान केंद्रों के लिए दो-दो इमर्जेंसी ईवीएम दिए जाते हैं ताकि कही ईवीएम खराब होने पर मशीन तुरंत बदली जा सके। जाकिरनगर में भी यही मसला था। अनन्य मित्तल ने उम्मीद जतायी कि अधिकांश ईवीएम मध्य रात्रि 2 बजे तक को-ऑपरेटिव कॉलेज और एलबीएसएम कॉलेज में बनाये गए बज्र गृह सुरक्षित तरीके से पहुंचा दिए जायेंगे।

जो ईवीएम ग्रामीण क्षेत्रों के सुदूर कलस्टर में सुरक्षित होंगे उन्हें हर हाल में रविवार सुबह 9 बजे तक बज्र गृह पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।



ठक्कर बप्पा स्कूल,धातकीडीह में वोट के लिए कतार में लगे मतदाता।



घाटशिला में वोट करने के बाद बुर्जुग महिला

### जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मतदान प्रतिशत- 7 बजे (अधतन)

09- जमशेदपुर लोकसभा- 66 .79 प्रतिशत
विधानसभावार
44- बहरागोड़ा- 77 .24
45- घाटशिला-72 .16
46- पोटका-73 .12
47- जुगसलाई- 69 .25
48- जमशेदपुर पूर्वी-57 .66
49- जमशेदपुर पश्चिम- 57 .10



लोयला स्कूल में कतार में लगे टीवी नरेंद्रन।



मतदान करने के बाद युवतियां।

### इन्होंने भी किया मतदान



ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास हरिजन स्कूल,भालूबासा में अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी और बेटे-बहू के साथ किया मतदान।



डीबीएमएस स्कूल,कदमा में वोट देने के बाद पत्नी और बेटे संग सेल्फी खिंचवाते मंत्री बन्ना गुप्ता।



परिवार संग केएमपीएम वाकेकेशनल कॉलेज,बिष्टुपुर के बूथ पर मतदान के बाद सरयू राय।

## डीसी ने देश-विदेश से आकर गृहनगर में मतदान करने वाले युवाओं को सैल्यूट किया



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीडीसी मनीष और प्रियंका सिंह।

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने उन युवा मतदाताओं के प्रति अपना सैल्यूट व्यक्त किया है जिन्होंने विदेश एवं देश के महानगरों से आकर गृहनगर जमशेदपुर में मतदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता हमारे लिए खास हैं, और हम उनके देश के लिए मतदान को लेकर जज्बे को सलाम करते हैं। इन युवाओं से शहर के उन मतदाताओं को सिखना चाहिए, प्रेरणा लेनी चाहिए जो गृह क्षेत्र में रह कर भी मतदान नहीं कर पाये।

### डीडीसी मनीष ने पहले किया मतदान, फिर रक्तदान



उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने मतदान के बाद सदर अस्पताल में रक्तदान कर मतदान एवं रक्तदान के महादान का संदेश दिया।

## देश के लोकतंत्र के लिए यूसील के मतदानकर्मी जॉन मार्डी हुए बलिदान

### यूसिल मतदानकर्मी जॉन मार्डी की चुनावी ड्यूटी के दौरान मौत

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**जादूगोड़ा।** यूसिल मतदानकर्मी जॉन मार्डी (35) की चुनावी ड्यूटी में बिगड़ी तबियत के बाद संध्या समय टाटा मेन अस्पताल में मौत हो गई।

पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जॉन मार्डी की चुनावी ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने और उनकी मौत की पुष्टि की है। खबर मन्त्र को मित्तल ने बताया कि मृत मतदानकर्मी का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, और जिला प्रशासन मार्डी की मौत पर शोक व्यक्त करता है, और उनके परिजनों के प्रति संवेदना। हमारे जादूगोड़ा सेवाददाता के मुताबिक जॉन मार्डी यूसिल की जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट में पदस्थापित थे तथा उन्हें चुनावी ड्यूटी में गुड़ाबाधा प्रखंड कार्यालय भेजा गया था। इसी दौरान करीबन 11 बजे उसकी तबियत खराब होने लगी और उन्हें खून की उल्टियां हुईं।

इसके बाद तत्काल उन्हें धालभूमगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहा से उसे बेहतर इलाज हेतु टाटा मेन अस्पताल लाया गया जहा डॉक्टरों ने मृत्य घोषित कर दिया। मृतक कंपनी कर्मी जॉनमार्डी ( 35 ) जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के सीता डागा का रहने वाला है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बच्चे व माता पिता, भाई समेत हरा भरा परिवार छोड़ कर चला गया।इधर यूसिल कर्मी जॉन मार्डी ( 35 ) की चुनावी ड्यूटी में मौत के बाद जादूगोड़ा में शौक की लहर दौड़ गई है।



दिवंगत जॉन मार्डी की फाइल फोटो।

## कोल इंडिया के पूर्व चेयरमैन डा आरएन शर्मा ने परिवार संग किया वोट



जमशेदपुर। आर .एन शर्मा, पूर्व चेयरमैन कोल इंडिया व पूर्व एमडी टिनप्लेट कंपनी ने परिवार समेत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर मतदान जरूर करें।

## धालभूमगढ़ बूथ संख्या-154 पर पड़े मात्र एक वोट

**गांव में विकास का काम नहीं होने से नाराज थे ग्रामीण, प्रशासन ने बहुत हाथ-पैर जोड़ा तब एक ग्रामीण ने किया वोट**

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**धालभूमगढ़।** गांव के विकास की पहल नही करने को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शनिवार को उस समय देखने को मिला, जब प्रखंड के बुथ संख्या 154 उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोड़िया सिर्फ एक ही मत पड़ा। हालांकि मतदान केन्द्र में वोट दिलाने को लेकर दिनभर अधिकारी माथा पच्ची करते रहे लेकिन उसका कोई फायदा नही हुआ। दिन के 12 बजे गांव के ही एक व्यक्ति कार्तिक सिंह सरदार को प्रशासनिक अधिकारी ने समक्षा बुझाकर मतदान केन्द्र तक लाया और उनसे मतदान करवाया गया। उसके बाद एक भी व्यक्ति ने केन्द्र पर जाकर मतदान नही किया। जानकारी के अनुसार बुत संख्या-154 पर सुबह से ही मतदान कर्मी बैठे थे,लेकिन कोई मतदाता मतदान करने नही आ रहा था। जब पता किया गया तो बताया गया कि गांव में समुचित विकास नही होने के कारण लोग वोट का बहिष्कार किया है। इसके बाद जानकारी मिलने पर घाटशिला अनुमंडल के डीसीएलआर नित निखिल सुरीन, धालभूमगढ़ सीओ समीर कश्यप, थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मुंडा अपने दलबल के साथ मतदान केन्द्र पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से छोड़िया तथा छबीसा गांव में आने-जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। साथ ही ग्रामीण पुल निमार्ण की मांग कर पहले ही चेतावनी दिया था, लेकिन उसे हल्के में लिया गया, जिसके कारण हम लोग मतदान में हिस्सा नही लिया। इस बूथ पर 1069 वोटर थे। जिसमें छोड़िया के 698 छविसा के 334 और धोड़ासही के 12 मतदाता शामिल है। इनके साथ 32 विकलांग भी है और 12 लोगों की मृत्यु हो गई है। इस प्रकार कुल 1069 मतदाताओं के लिए पूरा प्रशासनिक तंत्र मनाने में जुटे थे, लेकिण ग्रामीण टस से मस नहीं हुए।

## नक्सलियों के गढ़ में बही लोकतंत्र की बयार, 72.16 % मतदान



खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**घाटशिला।** कभी नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले घाटशिला विधान सभा में मतदाताओ ने बैखौफ होकर सारे रिकार्ड को तोड़ते हुए 72.16 प्रतिशत मतदान किया। छिटफूट घटना को छोड़ दे तो पुरे विधान सभा में संध्या पांच बजे तक मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान घाटशिला प्रखंड के झारखंड बंगाल सीमा पर अवस्थित सबसे नक्सल प्रभावित गांवों में कभी गिने जाने वाले झांटी झरना के तीन बुथो पर कुल 78 प्रतिशत मतदान कर लोगों ने यह बता दिया कि अब वह विकास के मार्ग पर अग्रसर है। घाटशिला विधान सभा के लगभग सभी बुथो पर सुबह से ही मतदाताओ को लंबी कतार शहर से लेकर गांवों तक में देखने को मिला। हालांकि सुबह 7 बजे से लेकर दिन के 11 बजे तक लंबी लंबी कतार देखने को मिली, उसके बाद पारा चढ़चे ही मतदान का प्रतिशत कम होते गया। लेकिन दिन के तीन बजे के बाद एक बार फिर मतदान ने रफ्तार पकड़ी और संध्या होते होते अबतक के सारे रिकार्ड को तोड़ते हुए आंकड़ा 72 प्रतिशत कर पहुंच गया। मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे और अधिकतर बूथो में बीएसएफ, आईआरबी, सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया था। हालांकि इस दौरान घाटशिला प्रखंड के बुथ संख्या-102 पर मतदान करने आये मुराकाटी गांव निवासी बुढ़ान हांसदा का लू लगने से मौत हो गयी। वही दूसरी ओर घालभूमगढ़ प्रखंड के उमवि छौड़िया में ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार किया, जिसके कारण इस बूथ पर मात्र एक ही वोट पड़ा। दूसरी ओर गुड़ाबांदा प्रखंड में मतदान कराने रिजर्व में गये युसील कर्मी जॉन मांझी की मौत ईलाज के क्रम में हो गयी।

स्पीड न्यूज

## सांसद बीडी राम ने किया मतदान



मेदिनीनगर। लोकतंत्र के महापर्व में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने रांची में अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा देश को समृद्ध बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। सांसद राम वोटिंग शुरू होते ही सपत्नी मतदान केंद्र पर पहुंचे और अपने वोट डाले। सांसद राम ने बताया कि लोकतंत्र में मतधिकार का प्रयोग अत्यंत जरूरी है। यह देश की दशा दिशा, समृद्धि सुरक्षा व विकास के लिए जरूरी है।

## युवक द्वारा ससुराल वालों को फंसाने की साजिश की आंशका





तरहसी (पलामू)। पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के बांसगुरु स्थित अमानत नदी में दफनाया हुआ एक युवक जिंदा हालत में मिला है। युवक की पहचान पलामू जिले के नीलांबर – पितांबरपुर (लेस्लीगंज) थाना क्षेत्र के पिपरा– महरजा निवासी सुदामा महतो के पुत्र पूरनचंद्र महतो के रूप में हुआ है। तरहसी थाना पुलिस ने युवक का बयान दर्ज करने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। जहां युवक का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार युवक पूरनचंद्र महतो अपने ससुराल तरहसी थाना क्षेत्र के नौगढ़ गांव में पत्नी को लेने गया था। उसके बाद से युवक लापता हो गया। युवक के परिजनों ने 22 मई 2024 को उसे गुमशुदी होने का रिपोर्ट थाना में कराया था। 25 मई की सुबह तरहसी के बांसगुरू अमानत नदी में स्थानीय लोग जब शौच करने गए तो एक युवक को दफनाया हुआ देख गांव में हल्ला किया। इसके बाद गांव के लोग नदी में जुट गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तरहसी थाना पुलिस को दिया। पुलिस और स्थानीय लोग जब घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा गया कि युवक का सिर बाहर हैं। जबकि अन्य शरीर बालू से ढक्का हुआ है और जिंदा है। पुलिस ने युवक से पूछा तो उसने अपना नाम पूरनचंद महतो पिता सुदामा महतो लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पिपरा का रहने वाला बताया। साथ ही युवक ने बताया कि उसका ससुराल तरहसी के नौगढ़ गांव में हैं। पत्नी को लेने ससुराल आए थे, जहां ससुराल वालों ने घर में उसे चार दिनों तक बंधक बनाकर जान मारने के नियत से मारपीट किया। शुक्रवार की रात 24 मई को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिलाया और मरा हुआ समझ नदी में दफना दिया। तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि 22 मई को युवक के परिजनों ने उसे ससुराल से लापता होने का आरोप लगाया था। 25 मई को उसे नदी से अर्ध नग्न अवस्था में जिंदा हालत में बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि ससुराल वालों को फसाने के नियत युवक खुद साजिश रचने का काम किया है। हालांकि युवक द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को भी पुलिस गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

**विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसा कर रचाया था सातवां शादी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक प्रेमचंद महतो ने विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसा कर सातवां शादी किया था। शादी के बाद से लगातार युवक महिला के साथ मारपीट कर रहा था। जिसे नाराज होकर महिला अपने मायके तरहसी के नौगढ़ आ गई थी। चर्चा है कि नौगढ़ निवासी प्रीत महतो के पुत्री के शादी लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। इसके बाद युवक का संपर्क किसी तरह उक्त महिला से हो गया। युवक ने महिला को प्रेम जाल में फंसाकर शादी कर लिया। बताया जाता है की शादी के बाद से युवक उसे मारपीट करने लगा। कई बार गांव में समझौता को लेकर बैठक किया गया। मगर युवक अपने आदत से बाज नहीं आया। चर्चा है कि युवक इसके पहले 6 शादी कर चुका है। युवक के खराब चरित्र के कारण एक भी पत्नी नहीं रही। चर्चा है कि युवक जब ससुराल अपने पत्नी के लेने गया तो ससुराल द्वारा पत्नी को उसके शादी विदाई करने से मना किया तो युवक ने ससुराल वालों को फसाने के लिए इस तरह का साजिश रचा। बताया जाता है कि यदि कोई किसी व्यक्ति को घर में जान मारने के नियत से चार दिनों तक बंधक नहीं बना सकता है। तरहसी पुलिस को भी मानना है कि सिर छोड़ उसके अन्य अंग को ही सिर्फ नहीं दफनाएग। कहीं न कहीं इसमें साजिश है।

## एमके डीएवी में 10 दिवसीय एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर आयोजित



मेदिनीनगर। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 22 मई से शुरू हुआ प्रशिक्षण 31 मई तक संचालित होगा। इसमें ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनसीसी 44 वीं बटालियन पलामू के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि एनसीसी भारतीय सेना की दूसरी लाइन है। इसमें प्रशिक्षित कैडेट्स सेना के तीनों अंगों में भर्ती के समय अधिभार प्राप्त करते हैं और सफल होते हैं। उन्हें वरीयता भी दी जाती है। डीएवी संस्थाएं राष्ट्रसेवा में सदैव तत्पर है। इन सब कार्यक्रमों से प्रशिक्षुओं में राष्ट्रभक्ति व राष्ट्र चेतना का जागरण होता है, जो आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आयोजन के प्रमुख अधिकारी सूबेदार मेजर मन्ना उरांव ने बताया कि 10 दिनों तक सभी प्रशिक्षुओं को प्रात: जागरण के साथ शारीरिक व्यायाम, परेड, ड्रिल का अभ्यास कर वेपन ट्रेनिंग, फायरिंग कोर्सेज, अग्निशमन प्रशिक्षण, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, पर्यावरण, व्यक्तित्व विकास एवं अन्य सिविल कोर्सेज का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में कुल आठ विद्यालयों/महाविद्यालयों के कुल 517 छात्र प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिसमें 396 बालक एवं बालिका कैडेट्स की संख्या 121 है। इसमें जीएलए कॉलेज, जेएस कॉलेज, वाईएसएम कॉलेज डाल्टनगंज एवं एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, गिरवर इंटर कॉलेज, ब्राह्मण विद्यालय,जिला स्कूल डाल्टनगंज एवं इंटर कॉलेज बालूमाथ के कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें प्रशिक्षक की भूमिका में सूबेदार विमलेश सिंह, दीपक कुमार साहनी, नायक सूबेदार बिरसा उरांव, एके हेंब्रम, हवलदार रमेश कुमार, एमटीयू, हवलदार स्वर्णजीत सिंह समेत अन्य लोग महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जी एन खान ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र चेतना से परिपूर्ण, राष्ट्र सेवा में तत्पर व्यक्ति होते हैं। डीएवी संस्थाएं राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देने हेतु सदैव तत्पर रहती है। मैं ग्रीष्मावकाश के दौरान हर वर्ष इस तरह के आयोजन हेतु विद्यालय परिसर उपलब्ध कराकर इसी परंपरा का पालन करता हूं। विद्यार्थी एक सफल व्यक्ति के साथ–साथ राष्ट्र चेतना के अग्रदूत भी बने।

# स्वास्थय के प्रति महिलाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी : हितेंद्र अवस्थी

## ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा लगाया गया स्त्री रोग जांच व उपचार शिविर





खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा विशुनपुर स्थित परिवार कल्याण केंद्र में ग्रामीण महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्त्री रोग जांच व उपचार का विशेष शिविर लगाया गया। जिसमें 135 महिलाओं का जांचोपरांत मुफ्त इलाज किया गया। इसके अलावा महिलाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक भी किया गया। इससे पहले शिविर का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने दीप प्रजव्लित कर किया। उन्होंने कहा कि समाज मे महिलाओं की भागीदारी पुरूषों के बराबर है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रही हैं। वे परिवार की रीढ़ होती हैं,सबों का समुचित ध्यान रखती हैं, लेकिन व्यस्तता में खुद का ख्याल नहीं रख पाती हैं। वे दूसरों को फल व पोषक खाद्य खिलाती हैं पर खुद नहीं खाती हैं जिसके कारण उनमे अक्सर हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है। महिलाओं की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण है कि जब कोई महिला बीमार हो जाती हैं तो पूरा परिवार अस्त व्यस्त हो जाता है। अवस्थी ने कहा कि जागरूकता एवं सफाई किसी भी बीमारी से बचने का सबसे कारगर माध्यम है, लेकिन फिर भी अगर कोई बीमारी हो जाती है तो समय पर समुचित इलाज करानी चाहिए। महिलाएं जागरूक होंगी तो पूरा परिवार एवं समाज स्वस्थ होगा। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सी एस आर टीम को बधाई दी। शिविर में महिलाओं को बीमारियों से बचने एवं संबंधित सावधानी बरतने के बारे में डॉ अनूपा कुजूर ने विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरि ने किया। शिविर में महिलाओं के जांच में विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लैब टेक्निशियन रूपा गुप्ता ने महवपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में परिवार कल्याण केंद्र के डॉ पी पी पांडेय, मो कैफ, मारुति नंदन त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, योगेश पाल, श्रीकांत सिंह, भोला अंग, सत्येन्द्र सिंह, अनिता देवी ने शिविर के सफल आयोजन में योगदान दिया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सचिव अनुपमा मिश्र सहित कई लोग मौजूद थे।

# बाजार क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देनेवाला गिरफ्तार

### चोरी के तीन चांदी का सिक्का व अन्य सामान बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में चोरी की घटना से जहां एक ओर व्यवसायियों में हड़कंप मचा था वहीं दूसरी ओर शहर थाना के लिए सिरदर्द बना हुआ था। एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चला रहे थे। इस दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी है। एक चोर राजा कुमार उर्फ कुकु डोम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी पोद्दार ने बताया कि पांच मई को बाजार क्षेत्र में दीपू कुमार गुप्ता के दुकान में चोरी हुई थी। इस मामले में आवेदन दिया गया था। इसके पूर्व भी एक स्वर्ण व्यवसायी के दुकान में चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में राजा कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके निशानदेही पर चोरी के तीन चांदी का सिक्का व ताला तोड़ने का औजार बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ तीन और चोर शामिल हैं जो फरार हैं जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता में टीओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान व अन्य शामिल थे। छापेमारी में एसआई संगीता झा, राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार, आरिफ आलम, सत्येंद्र यादव, मंजेश, प्रफुल्ल सिंह आदि शामिल थे।

## मेहनतकशों के प्रति अपनी रचनात्मक एवं सृजनात्मक क्षमता समर्पित करना होगा : इप्टा

### स्थापना दिवस पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक संगठन इप्टा के स्थापना दिवस के अवसर पर इप्टा की पलामू इकाई ने संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। बता दें कि बाबा साहब अंबेडकर पार्क में इप्टा की पलामू इकाई ने 2023 में स्थापना दिवस के अवसर पर ही सद्भावना वृक्ष लगाया था। इस सद्भावना वृक्ष की बुनियाद में पांच राज्यों के शहीदों के स्थल और चर्चित साहित्यकारों व कलाकारों के जन्मभूमि की मिट्टी दफन है। संवाद कार्यक्रम के प्रारंभ में इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी उपेंद्र कुमार मिश्रा, सदस्य इप्टा पलामू अध्यक्ष प्रेम भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह, प्रगतिशील लेखक संघ पलामू के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव व एमजे अजहर एवं ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद सहित तमाम रंगकर्मियों ने सद्भावना वृक्ष की जड़ों में जल समर्पित किया। इसके बाद इप्टा के रंगकर्मियों ने शांति के संदेका लेई के मुरली के तान में अइल नगाड़ा लेकर इप्टा मैदान में गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रेम भसीन, सुरेश सिंह, पंकज श्रीवास्तव, शिव शंकर व युवा रंगकर्मी अनुभव मिश्रा व एमजे अजहर सहित अन्य रंगकर्मियों ने इप्टा के स्थापना दिवस पर इप्टा के संघर्षों को याद करते हुए कलाकारों के नाम संदेश जारी किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि शुरू से ही संघर्ष में अपनी अहम भूमिका निभाई है। वर्तमान दौर में भी कलाकारों को अपनी भूमिका तय करना होगा। हमें अपने पुरोधाओं की बातों को याद रखना होगा और अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक क्षमता को मेहनतकशों और सुंदर दुनिया के निर्माण में लगे नौजवानों के प्रति समर्पित करना होगा।

## देश में प्रसिद्ध है पलामू के चेड़ाबार का आम



रंजीत पाण्डेय

**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत चेड़ाबार के आदिवासी किसान के चंदन बगान के आम पलामू ही नहीं देश भर में प्रसिद्ध हैं। गर्मी के दिनों में आम की मांग बाजारों में बढ़ने लगती है। वहीं आम तैयार होते ही लोग चंदन बगान में पहुंचने लगते हैं। इस वर्ष जलस्तर नीचे जाने की वजह से किसान बेहद परेशान हैं। पिछले वर्ष इस बगान से 10 लाख रुपये के आम की बिक्री हुई थी। फिर भी आम लेने लोग दूर दूर से आ रहे हैं। चेड़ाबार निवासी आदिवासी किसान तारकेश्वर सिंह चेरो ने इस बागान को वर्ष 2011 में शुरू किया था, जहां आम के पेड़ लगाना उन्होंने शुरू किए। बताया कि 12 वर्ष पहले 7.5 एकड़ बंजर जमीन को उपजाऊ बनाना शुरू किया। सीमित संसाधन के साथ बाहर से आम के पौधे लाकर फसल तैयार की। सरकार द्वारा आश्वासन के अलावा कोई सहयोग नहीं मिला। अगर अब भी सहायता मिले तो किसानों को नए तरीके से लाभ कमाने की प्रेरणा दे सकते हैं। तारकेश्वर ने बताया कि मैंने पढ़ा है कि एक आम 100 पुत्र के बराबर है। इसी उद्देश्य से मैंने आम के वृक्ष लगाना शुरू किए। आज 400 से अधिक आम के वृक्ष इस बागान में हैं। आठ प्रजातियों के आम इस बगान में मौजूद हैं।

## विधायक डॉ मेहता के प्रयास से लोहरसी में लगा नया ट्रांसफार्मर



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर/पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विभाग से नया ट्रांसफार्मर दिलवाया। बताते चले कि लोहरसी पीपल के पेड़ के पास के ग्रामीणों के द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की सुचना विधायक डॉ मेहता को दिया था। विधायक ने संज्ञान मे लेते हुए त्वरित कारवाई करते हुए विभाग से ट्रासफार्मर उपलब्ध करवाया गया। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के वजह से भीषण गर्मी में लोहरसी के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांसफार्मर नया लग जाने से ग्रामीणों के बिच में काफी खुशी का माहौल है। मौके पर प्रतिनिधि रंजय ठाकुर,डाक्टर सुरेंद्र मेहता, विनय मेहता, धर्मदेव मेहता, अनिल साहू, रवि सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## घर-घर संपर्क व हर गली झंडा जीत का बज रहा हैं डंका : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह दुमका विधानसभा सदर मंडल प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने मंडल अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी के साथ दुमका सदर मंडल अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के भुरकुंडा पंचायत के विभिन्न बूथों के मतदाताओं के घरों में पर्ची देने के साथ मुख्य स्थानों पर पार्टी झंडा लगाने का कार्य किया। विदित हो कि दुमका लोक सभा का सातवें चरण में मतदान को देखते हुए पार्टी के साथ तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी जी जान से विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों को पूरा करने में लगे हैं और यहां उसी के निमित्त सभी काम संपन्न किए जा रहे हैं । जबकि आगामी 28 मई को देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए भी सभी लोग पूरे उत्साह के साथ अपने कार्यों में लगे हुए हैं। आज के भ्रमण एवं पर्ची वितरण कार्यक्रम में अविनाश वर्मा ने लोगों से 1 जून को भारी संख्या में मतदान करने के आग्रह के साथ मोदी जी के आगमन की जानकारी दी और कहा कि उनके आगमन को देखते हुए पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण कायम है जो जीत की गारंटी देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल, वरिष्ठ नेत्री प्रोफेसर अंजुला मुर्मू, अंजना डे, विधानसभा विस्तारक विजेंद्र ओझा, कार्यालय प्रभारी श्याम कुमार महतो, निर्मल बाथ, नंदलाल महतो, देवाशिष महतो, आकाश वर्मा, कुश मुंडा शामिल थे।

## मासिक लोक अदालत में 62 मामलों का निस्तारण

मेदिनीनगर। झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमे 62 मामले का निस्तारण किया गया। साथ ही 29 लाख 12 हजार 500 रुपए का मामला सेटल हुआ। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर 11 पीठों का गठन किया गया था। वही एक हेल्प डेस्क लोगों को मदद के लिए बनाया गया था। जिसमे अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों को मदद कर रहे थे। वन विभाग को 10 हजार व उत्पाद बिभाग को 66 हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। विधुत विभाग को एक लाख 94 हजार रुपये व रेलवे को तीन हजार दो सौ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग के 25 मामले, पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे । इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या पाँच में सिविल के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या आठ में एक मामले , पीठ संख्या नौ में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से संबंधित 15 मामले पीठ संख्या 11 में एग्जेक्युटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे।

## नीलगाय द्वारा फसल बर्बाद करने से परेशान हैं किसान



श्यामाधीर मेहता चुनमुन

**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड अंतर्गत तुकबेरा ग्राम के किसान नीलगाय के आतंक से परेशान हैं। गांव के गरीब किसान भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी अपनी पेट और घर परिवार चलाने के लिए फसल उगाते हैं। लेकिन रात को नीलगाय के द्वारा पूरे फसल को बर्बाद कर दी जाती है। जिसके कारण यहां के किसान काफी परेशान हैं। भीषण गर्मी और कई वर्षो से अच्छी बारिश नही होने से जल स्तर भी नीचे चला गया है। गांव के सुनील ठाकुर, बिनोद कुमार मेहता, पप्पू मेहता, सुनील सिंहसमेत कई किसानो ने बताया की हम अपनी जीविकोपार्जन के लिए पूर्ण रूप से खेती पर निर्भर हैं। लिहाजा घर परिवार चलाने व अथोर्पार्जन के उदेश्य से किसी तरह मूंग और सब्जी की फसल लगाए है जिन्हे रातों में नीलगाय के द्वारा बर्बाद कर दिया जा रहा है लेकिन सरकार अथवा बिभाग का इस पर कोई ध्यान नही है। किसानो ने बताया कि कई बार नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी इसकी जानकारी दी। उसके बाद भी हमलोग को कोई मुआवजा नही दिया जाता है यदि सरकार इस पर ध्यान नही देती है तो हमलोगों को मजबूरन अपनी पेट चलाने के लिए खेती करना छोड़ पलायन को मजबूर होना पड़ेगा।

### एक साथ चार पीढ़ी के मतदाता को मतदान करने पर किया गया सम्मानित



मेदिनीनगर। पलामू में 13 मई को मतदान सम्पन्न हो गया। मतदान के दौरान पंडवा के लोहड़ा में बुथ संख्या 146 पर चार पीढ़ी के मतदाताओ एक साथ मतदान किया था। जिसमें लोहड़ा निवासी बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी अरूण मिश्रा की दादी सुबा कुंवर 105 वर्ष पिता कृष्णचंद्र मिश्रा, माता राम दुलारी देवी, पत्नी सिन्धु देवी व पुत्र सौरव मिश्रा ने एकसाथ मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किया था। शनिवार को विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने लोहड़ा परिवार को सम्मानित किया।

## पारस और कुसुम द्वारा कराया गया प्राथमिकी गलत व बेबुनियाद : मंजू देवी



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना की मुखिया मंजू देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 22 मई को गाली गलौज, मार पीट तथा जाति सूचक अभद्र भाषा के प्रयोग कर बनते घर को दीवार गिराने के आरोप लगा कर रंजीत सिंह, अमन, सिंह, सहदूल मियां पर आरोप लगाकर एससी एसटी एक्ट के तहद मुकदमा दायर किया गया है जो सत्य से परे, गलत व बेबुनियाद हैं। ज्ञातव्य है कि अमन सिंह मार्च महीना 2024 से दिल्ली में यूनिवर्सिटी में रहकर मैनेजमेंट का पढ़ाई करता है। इसके बावजूद अमन सिंह पर केस दर्ज है जो गलत है।

स्थल पर किसी प्रकार के कोई लड़ाई झगड़ा या मार पीटनही हुई है, लेकिन कुछ राजनीतिक तत्वों के द्वारा गहरी साजिश के तहत बहकावे में आकर ये तीनो व्यक्तियों पर केस किया है जिसका कोई मतलब नहीं बनता है। मुखिया ने कहा कि मेरा पुत्र रंजीत सिंह ने स्व रजाक मियां के पत्नी एवं उनके तीनो बेटे से जमीन लिया था उसी को लेकर जमीन संबंधित हलका फुल्का मामला था जो राजनीतिक तत्वों द्वारा मामला को हवा दे दिया गया है। मुखिया ने कहा कि इसी तरह गांव घर या पंचायत के लोगो को कभी एससी एसटी तो कभी चोरी डकैती या मार पीट का मुकदमा दर्ज होता रहेगा, तो कैसे अमन पसंद के लोग आपस में कैसे मिलजुल कर रह पाएंगे। कहा कि हमे पलामू प्रशासन एवं पलामू न्यायालय पर पूर्ण भरोसा है कि मेरे घर के परिवार तथा मेरे कार्यकर्ता को न्याय मिलेगा।

## बालाजी भारत गैस के सभी उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य : विनोद कुमार पासवान

सेफ्टी चेकिंग भी भारत गैस स्टाफ के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें जिन उपभोक्ता का पांच साल गैस कनेक्शन लिए हुए हो गया है उनका सेफ्टी चेक किया जा रहा है



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** मेसर्स बालाजी भारत गैस के सभी उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। उक्त बातें मेसर्स बालाजी भारत गैस के प्रोपराईटर विनोद कुमार पासवान ने कही। पासवान ने कहा कि 21 मई को भारत पेट्रोलियम रांची के कार्यालय में मिटिंग की गई थी। जिसमें यह निर्देश दिया गया कि भारत गैस के सभी उपभोक्ताओं को ई केवाईसी किया जाये। जिन उपभोक्ता का ई-केवाईसी नहीं होगा तो उनका सब्सीडी बंद हो जायेगा तथा गैस कनेक्शन रिजेक्ट कर दिया जायेगा। इसलिए मेसर्स बाला जी भारत गैस के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ई-केवाईसी का अंतिम तिथि 31 मई तक अपना-अपना ई-केवाईसी करा लें। उपभोक्ता अपना आधार कार्ड, गैस पासबुक व मोबाईल नंबर के साथ यथाशीघ्र मेसर्स बालाजी भारत गैस के कार्यालय पंडवा मोड़ से संपर्क करें। ताकि समयावधि में ई-केवाईसी का कार्य पूरा किया जा सके। प्रोपराईटर मेहता ने कहा कि सेफ्टी चेकिंग भी भारत गैस स्टाफ के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें जिन उपभोक्ता का पांच साल गैस कनेक्शन लिए हुए हो गया है उनका सेफ्टी चेक किया जा रहा है।

सेफ्टी चेक में ग्राहकों के गैस कनेक्शन का हाउस पाईप, स्टोव, डीपीआर एवं रख-रखाव का चेकिंग किया जायेगा यह भी आवश्यक है। यदि आप सेफ्टी चेक नहीं करवाते हैं और रख-रखाव अच्छी नहीं है, तो किसी तरह का खतरा होता है तो जिम्मेवार आप खुद होंगे।

# गिरिडीह मे मतदान शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा का चुनाव 25 मई शनिवार को संपन्न हुआ। बेरमो प्रखंड के 142 बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जो देर शाम 5 बजे तक निरंतर चलता रहा। बेरमो विधानसभा में 62.85 प्रतिशत मतदाना हुआ। जबकि बेरमो प्रखंड में 56.78 प्रतिशत मतदाना हुआ। बेरमो प्रखंड के कुल 138140 मतदाताओं में 78 हजार 439 (पुरुष 40 हजार 189 -महिला 39 हजार 250) मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि 59701 मतदाता मतदान देने से वंचित रहे। वहीं बेरमो विधनसभा में 62.75 प्रतिशत मतदाना हुआ। गर्मी के बीच वोटिंग को लेकर मतदाताओं का उत्साह चरम पर था। फर्स्ट टाइम वोटरो ने भी अपना मतदान डालकर खुशी का इजहार किया। फुसरो शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदान देने के लिए सुबह से 11 बजे तक मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। उसके बाद मतदाताओं की संख्या कम होती चली गई जो देर शाम तक जारी रहा। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह अपनी पत्नी सह धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के साथ मध्य विद्यालय ढोरी के बूथ संख्या 111 में मतदान किया। गिरिडीह लोकसभा निर्दलीय उम्मीदवार ड़ा. उषा सिंह ने फुसरो स्थित न्यू भागलपुर स्कूल में अपना मत डाला। गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने मध्य विद्यालय फुसरो के बूथ संख्या 134 में अपनी पत्नी लक्ष्मी पांडेय व पुत्र विक्रम पांडेय के साथ मतदान किया।बेरमो प्रखंड में सुबह सात से नौ बजे तक 11.09 प्रतिशत, नौ बजे से 11 बजे तक 25.99 प्रतिशत, 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 40 प्रतिशत, एक बजे से तीन बजे तक 50.64 प्रतिशत, पांच बजे तक 56.78 प्रतिशत मतदाना हुआ। बेरमो प्रखंड के बूथों पर पहली बार मतदाना कर रहे युवा वोटरों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही अभिभावकों के साथ युवा मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाना किया।

### पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी लोकतंत्र में निभायी भागीदारी

सुबह चुनाव को लेकर पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी घरों से बाहर निकाल कर लोकतंत्र की मजबूती को लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिलाएं सुबह से ही मतदान केदो पर कतार में खड़ी होकर अपनी बारी का इंतजार करती नजर आयी।

## एक नजर में

### बोकारो में मतदान शांतिपूर्वक हुआ सम्पन्न, मतदान प्रतिशत चंदनकियारी में सर्वाधिक रहा

बोकारो । बोकारो जिला में कुल मतदान प्रतिशत 61.41 प्रतिशत रहा। जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़े के अनुसार 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र: 67.62 प्रतिशत, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र: 63.69 प्रतिशत, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र: 52.07 प्रतिशत एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में 71.41 प्रतिशत मतदान हुआ। रात 7 बजे तक चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में मत देनेवालों की कतार लगी रही। डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता हेतु, मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिये अतिरिक्त कर्मियों को भी लगाया गया। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

### डालसा ने नशीली दवाओ के खतरे से निपटने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान




**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को बालगृह (बालिका), धधकिया, दुमका में आवासीत किशोरियों के बीच नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने नशीली दवाओं की जोखिम और उससे होने वाले उसके दुष्परिणाम के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। बच्चों को नारकोटिक ड्रग एंड साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस एनडीपीएस अधिनियम के बारे में भी बताया। उन्होंने आगे बताया कि नशे अथवा ड्रग्स की लत को एक चरित्र दोष के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे एक बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए। नशीली दवाओं के सेवन से जुड़े कलंक को सामाजिक जागरुकता और स्वैच्छिक प्रक्रियाओं जैसे मनोवैज्ञानिक द्वारा चिकित्सा सहायता के साथ-साथ परिवार के मजबूत समर्थन के माध्यम से कम करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को नशीली दवाओं के उप पदार्थ से दूर रहने की सलाह देते हुए भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए भी प्रेरित किया। जागरूकता हेतु बच्चों के बीच संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया। मौके पर बालिका गृह की गृहमाता उर्मिला दत्ता, प्रभारी कुमारी अर्पणा, मामला कार्यकर्ता अंजू कुमारी, काउंसलर पूनम कुमारी, अकाउंटेंट रुचिका कुमारी, एएनएम शालू कुमारी, न्यायालयकर्मी, मो खुर्शीद आलम अंसारी एवं पीएलबी नीतिन कुमार उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव तेनुघाट और आसपास के पंचायतों में शांति पूर्ण सम्पन्न




**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** गिरिडीह लोकसभा का चुनाव तेनुघाट, उलगडा, सरहचीया, घरवाटांड में शांति पूर्वक एवं सदाचार पूर्वक संपन्न हुआ। बताते चले कि तेनुघाट पंचायत में तीन बूथ 207, 208 और 209 में कुल 1457 मतदाता अपने मत का प्रयोग किया। बूथ संख्या 207 में कुल 1049 मतदाता में से 503 मतदाता अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें 266 पुरुष और 238 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं 208 बूथ में 984 में से 428 मतदाताओं में जिसमें 233 पुरुष और 195 महिला प्रत्याशी ने मत का प्रयोग किया। बूथ 209 में 1026 मतदाता में 526 मतदाताओं में से 274 पुरुष और 252 महिला मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। इस तरह कुल 3059 मतदाताओं में से 1457 मतदाता जिसमें 772 पुरुष और 685 महिला प्रत्याशी ने अपने मत का प्रयोग किया जाएगा।

### बेरमो के जारंगडीह और कथारा मे सुबह से ही वोटरों की लंबी कतार



**बेरमो।** आज अहले सुबह से ही बेरमो अनुमंडल के लगभग सभी बूथो पर बीना किसी बाधा के वोटिंग का कार्य शुरू हुआ जो दिन चढ़ने के साथ बढ़ता चला गया। खास कर बेरमो और कथारा क्षेत्र में लगभग सभी बूथो पर सुबह से ही वोटरों की लंबी लंबी कतार देखी गई जो दोपहर होते होते काफी कम हो गया। दोपहर के समय इस क्षेत्र के लगभग बूथो पर सन्नाटा पसरा रहा मगर ढाई से तीन बजते बजते फिर एक बार बचे हुए वोटरों का बूथो पर आना शुरू हो गया। इस उमस भरी गर्मी के मद्देनजर जिला व प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक व्यवस्था वोटरों को लिये विशेष व्यवस्था की गई थी जिसमे लगभग सभी बूथो के बाहर धुप से बचाव के इंतजाम, बूथो पर शितल पेयजल, मेडिकल, विलचेयर आदि की व्यवस्था के साथ साथ विधालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे आंगनबाड़ी केंद्र के सेविकाओं और सहायिकाओ की भी तैनाती की गई थी ताकि वोटरों को वोटिंग के दौरान किसी तरह की असुविधा ना हो। सभी बूथो पर प्रयाप्त मात्रा में पुलिस व सुरक्षा बलों की भी तैनाती देखने को मिली। मौके पर संवाददाता ने अनेको वोटरों से भी बात की ताकि यह जाना जा सके कि इस बार वोटरों के मन और दिमाग में क्या चल रहा था और वे वोट किस मुद्दे को लेकर वोट कर रहे थे। मौके पर अधिकांश मतदाताओं ने अपने वोट देने का मुख्य मुद्दा बताया गरीबी, बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई वही कुछ वोटरों ने मोदी के विकास व देश की सुरक्षा की बातो को समाने रखते हुए वोट देने की बाते कही।

### डीवीसी बीटीपीएस मे विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बेरमो।** बोकारो थर्मल मे बीते दिनों दामोदर घाटी निगम बोकारो ताप विद्युत केन्द्र में विश्व पर्यावरण दिवस के आलोक में बोकारो थर्मल पावर स्टेशन तकनीकी भवन एवं प्लांट कैंटिन के पास साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, वरीय महाप्रबंधक (एफजीडी) एसएन प्रसाद, महाप्रबंधक (वि.) एस. भद्रा, उपमहा प्रबंधक (प्रशा.) बीजी होलकर, उपमहा प्रबंधक सोमेन मंडल, नरेश मुरास्कर, सौभिक धारा, विश्वमोहन गोस्वामी, अखिलेन्दु सिंह, शैलेन्द्र कुमार, वरी. प्रबंधक शशि शेखर, सरफराज शेख, रौशन कुमार, अमित कुमार, राहुल ओरेन, एके. चौबे, कल्याणी कुमारी, शाहिद इकराम इत्यादि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अगले चरण में वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान एवं अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा बोकारो थर्मल विवेकानन्द (फुटबॉल) ग्राउण्ड एवं दामोदर घाटी निगम के नये सेनिटेशन कार्यालय में पौधा रोपण किया गया। पर्यावरण एवं वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान ने सभी अधिकारीगण/कर्मचारी एवं बोकारो थर्मल वासियों से विशेष रूप से अपील की।

### चंद्रपुरा डीवीसी प्रबंधन ने मतदाताओं के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराई

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रबंधन द्वारा चंद्रपुरा क्षेत्र में मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने मतदाताओं से अपील किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और प्रजातंत्र में एक अच्छी सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। श्री ठाकुर ने मतदाताओं को सुचारू और आरामदायक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई।

## स्पीड न्यूज

### विधायक सपरिवार वोट देकर मनाया उत्सव



**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह और घनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बेरमो के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर माँ दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही पूज्य पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं माताश्री का आशीर्वाद लेकर देश के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदान किया। अपने बेरमो विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि आप मतदान अवश्य करें और अपने स्वजनों एवं आसपास के लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करें तथा भारत के विकास में नई गति नई दिशा प्रदान करने में भागीदारी बनें। इस मौके पर विधायक श्री सिंह का भाई कुमार गौरव उनकी धर्म पत्नी और माता रानी सिंह ने भी वोट दिया।

### रेफरल न्यायाधीशों और मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में रेफरल न्यायाधीशों और मध्यस्थों के लिए मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुप तिर्की द्वारा उपस्थित मध्यस्थतों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए मध्यस्थता से संबंधित कार्य प्रणाली एवं उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही उनसे मध्यस्थता की कार्यवाही में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने रेफरल जजेज की मध्यस्थता के लिए रेफर किए जाने वाले प्रकरणों की कार्यवाही के बारे में बताया। प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा द्वारा मध्यस्थता की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दिया। प्रशिक्षित मध्यस्थों ने मध्यस्थता कार्यवाही में आने वाली समस्याओं एवं कार्य प्रणाली में सुधार किए जाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

### हत्या के आरोपी को 20 वर्ष 1 माह की सजा

**गोड्डा।** मामला गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड के रांगा टांड़ ग्राम की घटना है। पथरगामा थाने में दर्ज कांड संख्या 20/18 दिनांक 6/3/2018 प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कांड के तीन आरोपियों को अपने कब्जे में लेते हुए पूरे साक्ष्य सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर गोवर्धन महतो पुत्र स्वर्गीय हलधर महतो, अमरजीत महतो पुत्र शक्ति धर महतो, सुनील महतो पुत्र हलधर महतो को गोड्डा व्यवहार न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत अलग अलग सजा सुनाई है कुल मिलाकर 20वर्ष एक माह सश्रम सजा के साथ आर्थिक दंड की सजा दी गई है।

## सीता सोरेन के पक्ष में बाबूलाल मांगे वोट, कहा

# झारखंड में कमिशनखोर भ्रष्टाचारियो की खैर नहीं

### उन्होंने केंद्र के मोदी सरकार के कई कल्याणकारी योजनाएं को गिनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को रामगढ़ प्रखंड के ठाडीहाट बाजार, जोरडीहा,झांझर, लखनपुर, धोबा, भतोडीया बी, बोडिया भंडारो समेत दर्जन भर क्षेत्रों में लोगों से जनसंपर्क कर दुमका भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में वोट देने का अपील किया। उन्होंने केंद्र के मोदी सरकार के कई कल्याणकारी योजनाएं को गिनाया। उन्होंने कहा झारखंड की हेमंत सरकार आज भ्रष्टाचार से लिप्त होने के कारण अपनी करनी से जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि बार बार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भाजपा को दोष देकर कहते हैं भाजपा के इशारे पर यह सब मेरे साथ हो रहा है। जबाब में उन्होंने कहा अगर वह निर्दोष है न्यायालय उनका वेल मंजूर क्यों नहीं कर रहा है। झारखंड में करप्शन का दुसरा विकेट भी गिर चुका है। भ्रष्ट मंत्रियों के पीए के आवास से करोड़ों रुपये बरामद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार सरकार से झारखंड का विकास कभी नहीं हो सकता है। झारखंड और देश को बचाना है तो कमल पर वोटिंग कर मोदी सरकार के हाथों को मजबूत करें साथ ही दुमका लोस के भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को भारी मतों से जिताकर संसद भेजिए, ताकी आपके दुमका लोस का समग्र विकास हो सके। मौके पर भाजपा के सुरेश मुर्मू, पुर्व जरमुंडी विधायक देवेन्द्र कुंवर के अलावा रामगढ़ के दोनों भाजपा मंडल के अध्यक्ष निरंजन मंडल व नवल किशोर मांझी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्लांट प्लाजा रोड में दो नए प्रोसेस वाटर पाइप लाइन का उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट प्लाजा रोड में सीआरएम वन एवं टू के इनलेट 02 में 600 एमएम डायमीटर के दो नए प्रोसेस वाटर पाइप लाइन का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण अतिरिक्त प्रभार उपयोगिताएँ) पीके बैसाखिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जल प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक सह विभागाध्यक्ष यतेंद्र सिंह यादव महा प्रबंधक अनुपम कुमार अपूर्व विश्वास कृष्णाशीष भट्टाचार्य उप महाप्रबंधक संजय खेस सहायक महा प्रबंधक गणेश कुमार अभिषेक आनंद प्रबंधक राजेश कुमार तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। यह वाटर पाइप लाइन पंप हाउस 02 के लाइन 03 तथा 05 से अंडरग्राउंड टनल से लेकर सीआरएम वन एवं टू के इनलेट तक पुराने वाटर पाइप लाइन के स्थान पर स्थापित किया गया है। पाइप लाइन के परिवर्तन का यह कार्य जल प्रबंधन विभाग के महाप्रबंधक अनुपम कुमार तथा सहायक महाप्रबंधक गणेश कुमार के देखरेख में संपन्न किया गया।

## झारखंडी संस्कृति और तिरंगे की थीम पर सजा डीपीएस बोकारो मतदान केंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के छठे चरण में होने वाले मतदान की कड़ी में नगर के सेक्टर 4 स्थित डीपीएस में बनाए गए मतदान केंद्र को अनूठे अंदाज में सजाया गया है। मतदाताओं के स्वागत में रेड कार्पेट बिछाया गया है। खास बात यह कि पूरा मतदान केंद्र झारखंड की परंपरा और संस्कृति के साथ-साथ तिरंगे के रंग में रंगा था। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के निर्देशन में स्कूल के कर्मियों ने आकर्षक तरीके से पूरे मतदान केंद्र परिसर को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गेट पर स्वागत वंदन से लेकर अंदर बूथों में प्रवेश तक मतदान के प्रति जागरूकतापरक नारे लिखे गए हैं। यहां वोटरों के लिए विशेष रूप से शरबत की भी व्यवस्था की गई। बता दें कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के इस मतदान केंद्र में कुल पांच बूथ बनाए गए थे। प्रत्येक बूथ के प्रवेश द्वार के समीप इस बार प्रत्याशियों की फोटोयुक्त सूची और मतदान हेतु प्रयुक्त किये जा सकने वाले 12 दस्तावेजों की लिस्ट के अलावा ईवीएम से मतदान करने की चरणबद्ध प्रक्रिया बूथ के भीतर क्या करें और क्या न करें इन तमाम चीजों की जानकारी दी गई।

# ईएसएल स्टील में मेगा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड के एचएसईएस और सीएसआर विभाग ने मिलकर एक मेगा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व आयोजित इस मेगा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में 200 प्रतिभागियों में प्रेरणा ट्यूटोरियल एक्सेल 30 सेंटर तीरंदाजी अकादमी वेदांता स्किल स्कूल आस विद्यालय के छात्र उनके अभिभावक शिक्षक जीविका एसएचजी की महिला उद्यमी और ईएसएल स्टील के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। कंसल्टिंग एक्जीक्यूटिव झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सौगत महतो और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संजय कुमार ने अपनी सम्मानित उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। ईएसएल स्टील की ओर से रवीश शर्मा (सीओओ) आशीष रंजन (प्रमुख सीएसआर व पीआर ईआर) और के संदीप (प्रमुख एचएसईएस) सहित राकेश कुमार मिश्रा (उप प्रमुख सीएसआर) संजय कुमार (सीनियर ऑफिसर पर्यावरण) और सीएसआर और पर्यावरण टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने ड्राइंग और मॉडल बनाने की प्रतियोगिता छात्रों द्वारा प्रभावशाली भाषण लघु नाटक प्रदर्शन सहित विभिन्न थीम पर आधारित कलात्मक अभिव्यक्तियों में भाग लिया। जिसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और ईएसएल के अधिकारियों और छात्रों द्वारा पौधे लगाए गए।

# आरक्षण खत्म होने पर जेनरल करेगा दुमका लोकसभा का प्रतिनिधित्व : बसंत

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड क्षेत्र के चिकनिया पंचायत के लकड़जोरिया मैदान पर शनिवार को प्रखंड के सभी स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों का हक छिनने का प्रयास कर रही है। भाजपा संविधान को बदलना चाहती है। संविधान को बचाने के लिये यह चुनाव बहुत आवश्यक है। इसी चुनाव से यहां के युवा बीडीओ, सीओ डीएसपी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुमका आरक्षित सीट है। अगर संविधान बदल गया तो ये सीट जेनरल हो जायेगा। जबकि यहां का सब कुछ आदिवासियों का है। दुमका विधानसभा का सीट भी आरक्षित है। इसपर हमारा हक है। झारखंड अलग राज्य के लिये सब दिन आदिवासियों ने लड़ा। कितने लोग शहीद हुए, जेल गये ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। जेएमएम पार्टी से ही दुनिया में दुमका को पहचान मिली है। हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से प्रभावित होकर केंद्र की सरकार ने उन्हें जेल में डालने का काम किया है। धोती साड़ी योजना, सखी मंडल, फुलो झानो आशीर्वाद योजना सहित अन्य सभी योजनाएं आदिवासियों के कल्याण के लिये बनाये गये हैं। इसी सरकार में आदिवासियों का कल्याण संभव है। मौके पर प्रमुख बसंती ज्योतिका मुर्मू, कालेश्वर सोरेन, सत्तार खां, रामकृष्ण हेम्ब्रम, कमीशन सोरेन, संतोष हांसदा, हेमलाल हांसदा सहित सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## समय संवाद

मानसिकता का फर्क है। मानसिकता का सीधा असर हमारे हार्मोन्स पर पड़ता है और हार्मोन्स से इम्यूनिटी प्रभावित होती है। इसलिए यदि आपके घर का कोई सदस्य कोरोना संक्रमण की चपेट में आ जाता है तो डरें नहीं, लेकिन सावधान जरूर हो जायें।

कोविड-19 से लड़ने की तैयारी यदि आप ईमानदारी से करना चाहते हैं तो दवाइयां जुटाने की अंधी दौड़ में शामिल होने से बचें। बाल रोग विशेषज्ञ और योग विशेषज्ञ स्वामी मुक्तरथ कहते हैं कि सबसे जरूरी है कि अपने शरीर को इस लड़ाई के लिए तैयार करें। यह वायरस श्वसन तंत्र पर हमला करता है तो जरूरी है कि श्वसन से जुड़े व्यायाम कर हम अपने श्वसन तंत्र को मजबूत करने का प्रयास करें।

# मजबूत मन जिससे बीमारी से लड़ सके हम

**स्वामी मुक्तरथ**

हर कोई कोविड से लड़ने के लिए दवाओं के जुगाड़ में लगा है। अब तो ऑक्सीजन की भी मारामारी मची है। असल में सारे जुगाड़ जिस भय के कारण किए जा रहे हैं, उससे तो खौफ बढ़ ही रहा है। कोरोना से लड़ने के लिए सबसे बड़ी और पहली जरूरत है हौसले की। संवेदनशीलता की।

शरीर को रोग से लड़ने के लिए तैयार करें

जो लोग नियमित रूप से प्राणायाम करते हैं वह इस लड़ाई में जल्दी से हारने वाले नहीं हैं। जो लोग प्राणायाम नहीं करते, वह अब भी शुरूआत कर सकते हैं। शुरूआत में केवल अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम ही पर्याप्त होगा। अनुलोम-विलोम प्राणायाम ये बड़ा सामान्य सा प्राणायाम और आमतौर पर सभी लोग इसके बार में जानते हैं। इस प्राणायाम के लिए ज्ञान मुद्रा में बैठें। ज्ञान मुद्रा में पालथी मारकर और अपने दोनों हाथों की इंडेक्स फिंगर और अंगूठे के सिरे को एक दूसरे से जोड़ते हुए हाथ की बाकी तीनों उंगलियों को सीधे रखना होता है। ज्ञान मुद्रा में आपकी बाहें सीधे घुटनों पर रखी होनी चाहिए। इसके बाद दाएं हाथ के अंगूठे से



दाहिनी नासिका को बंद करते हुए बायीं नासिका से सांस अंदर लें। पूरी सांस खींचने के बाद अनामिका उंगली से बायीं नासिका को बंद कर लें और सांस को दायीं से बाहर छोड़ दें। फिर से दायीं नासिका से सांस लें और अंगूठे से बंद करते हुए बायीं नासिका से छोड़ दें। इस प्रकार अनुलोम-विलोम प्राणायाम का एक चक्र पूरा होता है। कम से कम पांच मिनट इस प्रकिया को दोहराते रहें। इसी तरह भ्रामरी प्राणायाम कोविड-19 के मामले में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। भ्रामरी प्राणायाम करने से नाक में जो गुंजन होता है उससे नाइट्रिक ऑक्साइड बनता है। नाइट्रिक ऑक्साइड एंटीवायरल होता है। इससे खून पतला होता है और ब्लड प्रेशर कम होता है। शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड की कमी होने से दिल की बीमारियां और मधुमेह होने का खतरा रहता है। भ्रामरी करने के लिए पालथी मारकर बैठने के बाद दोनों हाथों के अंगूठों से अपने कान बंद कर लें। दोनों हाथों की इंडेक्स फिंगर अपने माथे पर रखें और बीच वाली दोनों उंगलियों पर बंद आंखों पर रखकर नाक से भंवरे की तरह गुंजन करते हुए सांस धीरे-धीरे बाहर की तरफ छोड़ें। मुंह को बंद रखते हुए नाक से सांस लें और फिर भंवरे की तरह गुंजन करते बाहर छोड़ें। यानी सांस छोड़ते हुए ओउम का उच्चारण करें। सांस लेने में तीन से पांच सेकेंड और भ्रमर ध्वनि के साथ सांस को धीरे-धीरे बाहर छोड़ने में 15 से 20 सेकेंड का समय लगाएं। तीन मिनट में इसे पांच बार दोहराना पर्याप्त माना जाता है।

**फेफड़ों को एक्टिव रखे प्राणायाम**

सभी प्राणायाम फेफड़ों को एक्टिव रखने में सहायक होते हैं और आजकल सबसे ज्यादा जरूरत फेफड़ों को एक्टिव रखने की ही है। उसका कारण है कि सामान्य फेफड़े एक बार में पांच सौ मि.ली ऑक्सीजन लेते हैं और एक्टिव फेफड़े एक बार में ही पांच लीटर तक ऑक्सीजन ले लेते हैं। डॉ. अग्रवाल के मुताबिक फेफड़ों में मधुमक्खी के छत्ते की तरह छोटे-छोटे घर (एल्बोलाई) बने होते हैं। यह छोटे-छोटे घर ऑक्सीजन के होते हैं। फेफड़ों में संक्रमण होने से इनमें पानी भर जाता है। ऐसे में ऑक्सीजन का सेच्यूरेशन कम होने लगता है, क्योंकि ऑक्सीजन का घर पानी छीन चुका होता है। प्राणायाम करने से ऐसी स्थिति में आराम मिलता है और नियमित प्राणायाम से ऐसी स्थिति आती ही नहीं। कोई भी प्राणायाम करें लेकिन करें जरूर। कुछ नहीं तो डीप ब्रीदिंग ही कर लें। इसके साथ ही सोच को सकारात्मक बनाए रखें और किसी की मदद करने में संकोच न करें। सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ें, सब अच्छा ही होगा, ऐसी सोच रखने से शरीर में अच्छे हार्मोन्स का स्त्राव होता है और अच्छे हार्मोन्स हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने का काम करते हैं।

# धर्म हिंसा नहीं सीखाता

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**विश्ववामित्र** को विशिष्ठ जी ने ही अयोध्या भेजा। राम को बक्सर लाने के लिए विशिष्ठ ने ही विश्ववामित्र को कहा कि आप अयोध्या जाये और राक्षसों, दानवों को पृथ्वी से समाप्त करें। यही कारण है कि जब विश्ववामित्र ने राजा दशरथ से राम को वन ले जाने की बात कही तब गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को समझाया कि राम को जाने दें। रावण का साम्राज्य बक्सर तक आ चुका था और ताड़िका वहीं के जंगलों में रहती थी। गुरु वशिष्ठ के कहने पर ही राम का वन गमन हुआ। इस क्रम में रावण वध सहित सभी घटनाएं घटित हुई। विश्ववामित्र गुरु वशिष्ठ की बातों का अनुकरण करते रहे। राम ने रावण के वध के बाद कहा कि जो हुआ वह गुरु कृपा से ही हुआ है जबकि सभी देवता राम पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। राम को मालूम था कि गुरु वशिष्ठ के आज्ञा को मानना ही उनके अवतार लेने का अर्थ मात्र है। गुरु में श्रद्धा का अर्थ है कि उनके सबसे निकटतम को पकड़ना उसका संग करना, उसके अनुसार काम करना। वशिष्ठ को मालूम था कि रामवातार होगा और उनके माध्यम से धर्म की स्थापना होगी। सबरी और अहिल्या का भी उद्धार होगा।

कोई भी धर्म के लिए संघर्ष नहीं करता है। कोई राम, कृष्ण, यीसू, अल्लाह के लिए नहीं लड़ रहा है। लोग नासमझी में लड़ते हैं दंगा करते हैं। इस प्रकार के हिंसा का इतिहास आजादी की लड़ाई के क्रम में उपजा है। किसी भी धर्म में घृणा का कोई स्थान नहीं है। आज कर्मकांड विज्ञान के विकास के साथ ही कम होता जा रहा है। आने वाले दिनों में भक्ति का प्रचार और तेज होगा। साधन का उपयोग होगा। भक्ति सीखना हो या भक्ति समझना हो तो सीता और राधा से समझी जा सकती है। अगर भक्ति पैदा करना हो तो हनुमान जी से अच्छा उदाहरण नहीं है। आज बड़ी संख्या में संत और महात्मा भक्ति का प्रचार-प्रसार अपने विचार,पंथ के अनुसार कर रहे हैं। भक्ति सभी बढ़ा रहे हैं। स्वार्थ के लिए की गयी भक्ति और प्रीत से भी कल्याण होता है। हमारे सदगुरु स्वामी शिवधर्मानंद जी परमहंस बक्सर के राजपुर आये। जब गढ़वा घाट से उन्हें छोटका राजपुर आने का आदेश हुआ तो उन्होंने गांव के गांव लोगों को भक्ति से जोड़ा। वे सभी से जुड़े और भक्ति का प्रसार किया।

मानव का शरीर एक पात्र जैसा ही है। इसे गढ़ने वाली माताओं के प्रति आदर का भाव और अधिकार दोनों को समझने की आवश्यकता है। गिलास कोई भी है उसका महत्व है। उसके बगैर जल या दूध कोई भी न तो आकार ले सकता है और न ही आप उसका उपयोग कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में भक्ति परम्परा में महिलाओं के त्याग और समर्पण को सबसे उपर रखा गया है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

# बच्चों की इंसानियत



**समर गौतम**

एक बार की बात है, एक विधालय में दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिये एक प्रतियोगिता करर्वाई गई। इसमे चार दल बनाई गई। हर दल में चार बच्चे थे। हर दल को लोगों से पैसे योगदान के रूप में लेकर विधालय में जमा करना था। जो दल सबसे ज्यादा योगदान देता उसे इनाम मिलता। एक दल के चारों बच्चे एक में रहते थे। उन्होंने पूरी गली से योगदान लिया पर वह सिर्फ एक हजार रुपये ही जमा कर पाते हैं। फिर उन्होंने नाटक का प्रदर्शन करने का फैसला किया। नाटक का शीर्षक दिव्यांग पर आधारित रखा गया। जिसमे हर व्यक्ति ने दिल खोलकर सहयोग दिया। अगले दिन जब बच्चे विध्यालय जा रहे थे तो उन्होंने एक अंधे व्यक्ति को भीख मांगते हुए देखा। वे बोल रहे थे कि उनके बेटे के आंखों का इलाज कराना था।

उन बच्चो ने बिना सोचे समझे वह पैसे उस आदमी को दे दिए। विधालय में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वह पैसे उन्होंने एक गरीब को दे दिए। अध्यापक ने उनके बात पर विश्वास नहीं किया। अध्यापकने उन्हें प्रधानाचार्य के पास भेजा दिया। प्रधानाचार्य ने उनके अभिभावकों को बुलाया। अभिभावकों के आने पर प्रधानाचार्य ने उन्हें माफीनामा पत्र लिखने को कहा। सभी अभिभावकों ने बच्चो का एकसाथ खेलना बंद करवा दिया। उनमें से एक बच्चा घर छोड़ के भाग जाता है। उस बच्चे के अभिभावक चिंतित होकर उसे ढूँढ़ते लगते हैं।

दूसरी ओर बच्चे को वह अंधा व्यक्ति नजर आता जब वह उसके पास जा रहा था। ये उसके सामने एक गाड़ी आ जाती है। जब उसने उसके देखा तो वह जा चुका था। जब उस बच्चे के अभिभावक उसे ढूँढ़ रहे थे तब वहां एक गाड़ी आती है। उसी बीच वहां पर वह बच्चा भी आ जाता है। उस गाड़ी में से प्रधानाचार्य और वह व्यक्ति निकलते हैं।

प्रधानाचार्य बताते हैं कि यह व्यक्ति समाज सेवा समिति का सदस्य है। यह देखना चाहते थे कि किसी असहाय को देखकर लोग उसकी सहायता करते हैं कि नहीं। अंत में प्रधानाचार्य उन बच्चो से माफी मांगते है , और ईनाम उन बच्चो को ही मिलता है। अभिभावकों को अपने किये पर पछतावा होता है।

# शखं बजाने के अनेक लाभ

**भारतीय** परिवारों में और मंदिरो में सुबह और शाम शंख बजाने का प्रचलन है। अगर हम रोजाना शंख बजाते है, तो इससे हमें काफी लाभ हो सकता है।

**शंख बजाने के 10 फायदे**

रोजाना शंख बजाने से गुदाशय की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। शंख बजाना मूत्रमार्ग, मूत्राशय, निचले पेट, डायाफ्राम, छाती और गर्दन की मांसपेशियों के लिए काफी बेहतर साबित होता है। शंख बजाने से इन अंगों का व्यायाम हो जाता है।

शंख बजाने से श्वांस लेने की क्षमता में सुधार होता है। इससे हमारी थायरॉयड ग्रंथियों और स्वरयंत्र का व्यायाम होता है और बोलने से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं को ठीक करने में मदद मिलती है।

शंख बजाने से झुर्रियों की परेशानी भी कम हो सकती है। जब हम शंख बजाते हैं, तो हमारे चेहरे की मांसपेशियां में खिंचाव आता है, जिससे झुर्रियां घटती हैं।

शंख में सौ प्रतिशत कैल्शियम होता है। रात को शंख में पानी भरकर रखें और सुबह उसे अपनी त्वचा पर मालिश करें। इससे त्वचा संबंधी रोग दूर हो जाएंगे।



शंख बजने से तनाव भी दूर हो जाते है, जो लोग ज्यादा तनाव में रहते हैं, उनको शंख जरुर बजाना चाहिए। क्योंकि शंख बजाते समय दिमाग से सारे विकार चले जाते है। शंख बजाने से घर के अंदर आने वाली नकारात्मक शक्तियां भी दूर रहती है। जिन घरों में शंख बताया जाता है, वहां कभी नकारात्मकता नहीं आती है।

शंख बजाने से दिल के दौरे से भी बच सकते है। नियमित रूप से शंख बजाने वाले को कभी हार्ट अटैक नहीं आती है। शंख बजाने से सारे ब्लॉकेज खुल जाते हैं। इसी तरह बार-बार सांस भरकर छोड? से फेंफड़े भी स्वस्थ्य रहते हैं। शंख बजाने से योग की तीन क्रियाएं एक साथ होती है झ कुम्भक, रेचक, प्राणायाम।

शंख की आकृति और पृथ्वी की संरचना समान है नासा के अनुसार झ शंख बजाने से खगोलीय ऊर्जा का उत्सर्जन होता है जो जीवाणु का नाश कर लोगो को ऊर्जा ० शक्ति का संचार करता है।

फेफड़ों के रोग करें खत्म : शंख बजाने से चेहरे, श्वसन प्रणाली, श्रवण तंत्र तथा फेफड़ों की बहुत बढि ?ा एक्सरसाइज होती है। जिन लोगों को सांस संबंधी समस्याएं है, उन्हें शंख बजाने से छुटकारा मिल सकता है। हर रोज शंख बजाने वाले लोगों को गले और फेफड़ों के रोग नहीं होते। इससे स्मरण शक्ति भी बढ़ती है।

वैज्ञानिक मानते हैं कि शंख फूंकने से उसकी ध्वनि जहां तक जाती है, वहां तक के अनेक बीमारियों के कीटाणु ध्वनि-स्पंदन से मूर्छित हो जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं। यदि रोज शंख बजाया जाए, तो वातावरण कीटाणुओं से मुक्त हो सकता है। बर्लिन विश्वविद्यालय ने शंखध्वनि पर अनुसंधान कर यह पाया कि इसकी तरंगें बैक्टीरिया तथा अन्य रोगाणुओं को नष्ट करने के लिए उत्तम व सस्ती औषधि हैं। रोजाना सुबह-शाम शंख बजाने से वायुमंडल कीटाणुओं से मुक्त हो जाता है। इसीलिए सुबह-शाम शंख बजाने की परंपरा है।

# सूर ने कृष्ण की लीलाओं का जीवंत चित्रण किया

**मनीष कुमार पाण्डेय**

**रामानंद** से प्राप्त रामभक्ति की लहर को जिस प्रकार गोस्वामी तुलसीदास ने शिखर तक पहुँचाया, उसी प्रकार वल्लभाचार्य द्वारा चलायी गयी कृष्ण भक्ति की वेगवती धारा को सूरादास ने उत्कर्ष तक पहुँचाने का काम किया। कृष्ण भक्ति धारा के अन्यतम कवि सूरदास हिन्दी साहित्याकाश के देदीप्यमान नक्षत्र हैं। उनका काव्य हृदय की गहराई से निःसृत है। उन्होंने एक ओर जहाँ श्रृंगार के संयोग और वियोग दोनों पक्षों का मनोरम वर्णन किया वहीं दूसरी ओर वात्सल्य रस का कोना कोना झांक दिया है। उन्होंने कृष्ण के प्रति प्रेम भाव को वात्सल्य एवं श्रृंगार रस के माध्यम से अपने काव्य में ऐसे उकेरा है जैसे मानों स्वयं उनकी लीलाओं को देखा हो।

सूरदास का जन्म दिल्ली के निकट ब्रज की ओर स्थित सीही नामक गाँव में हुआ था। माना जाता है कि 105 वर्ष की लंबी आयु के बाद खंजन नैन रूप रस मातेह्य पद गाते हुए परसैली में उनका निधन हुआ। वैसे तो सूरदास द्वारा लिखित अनेक ग्रंथों के नाम बताये जाते हैं परंतु सूरसागर, सूरसारावली एवं साहित्यलहरी नामक ग्रंथ प्रमाणिक माने गए हैं। सूरदास के अनुसार एकनिष्ठ भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का एक मात्र साधन है। उन्होंने भक्ति को ज्ञान से भी अधिक महत्व दिया है।

सूरसागर सूरदास द्वारा रचित एक मुक्तक काव्य है। श्रीमद्भगवद्गीता के समान इसमें भी बारह स्कंध हैं। यह कृष्ण भक्ति काव्य का गौरव और सूर साहित्य की मूल्यवान संपत्ति है। यह एक गीतिकाव्यात्मक रचना है, जिसमें महाकाव्योचित औदात्य समाया हुआ है। सूरसारावली ग्रंथ को अनेक विद्वान अप्रमाणिक ग्रंथ मानते हैं तो कई विद्वान इसे सूरसागर का सार कहते हैं। हलांकि यह एक स्वतंत्र पुस्तक है। इसमें अनेक ऐसे प्रसंग है जो सूरसागर में नहीं है। साहित्य लहरी सूरदास के प्रसिद्ध पदों का संग्रह है। इसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का मनमोहक चित्रण हुआ है।

सूरदास की काव्य में एक ओर जहाँ माता यशोदा का सिसकता हुआ मातृत्व है तो दूसरी ओर प्रेमिका राधा का कहराता हुआ हृदय। एक ओर खीझ है तो दूसरी ओर विनय और दैन्य का अखंड साम्राज्य। एक ओर कुब्जा के ऊपर बरसने वाली गोपियों की व्यंग्य की फुहारें हैं तो दूसरी ओर उद्धव के ज्ञान को ढाह देने वाली मार्मिक रसोक्तियाँ हैं। सच कहा जाय तो क्या नहीं है सूरदास के काव्य संसार में ? उनमें वात्सल्य भी है, कसक भी है, प्रेम भी है, पीड़ा भी है। वात्सल्य रस के क्षेत्र में बाल जीवन का कोई भी चित्र उकेरने से सूर चूकते नहीं हैं। कृष्ण का पालना झूलना, अंगूठा चूसना, हसना मचलना सबका जीवंत चित्रण उन्होंने किया है। स्पर्धा बच्चों की सहज स्वभाव है। बलराम की लंबी चोटी देखकर कृष्ण माता यशोदा से चोटी बढ़ाने का उपाय पूछते हैं। माता यशोदा कहती है दूध पीने से तुम्हारी चोटी बढेगी। कुछ दिनों तक लगातार दूध पीने के बाद भी चोटी नहीं बढ़ती देख कृष्ण खीझ उठते हैं-

**मैया कबहिं बढेगी चोटी।**
**किती बार मोहि दूध पियत भई, यह आजहूँ है छोटी।**

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सूरदास की बाल चित्रण के विषय में लिखते हैं- बालकृष्ण की एक एक चेष्टाओं के चित्रण में कवि कमाल की होशियारी और सूक्ष्म निरीक्षण का परिचय देता है न उसे शब्दों की कमी होती है, न अलंकार की, न भावों की न भाषा की। सचमुच सूर वात्सल्य सम्राट हैं।

संयोग का जितना उल्लास पूर्ण चित्रण किया है वियोग का उतना ही करूण और मार्मिक चित्र उकेरा है। कृष्ण के मथुरा जाते ही ब्रज का सारा सुख और उल्लास छिन्न भिन्न हो जाता है। कृष्ण के वियोग में यशोदा, गोपियाँ, ग्वाले ही दुखी नहीं रहते हैं बल्कि लता, पेड़-पौधे, गउवें सभी विरह की वेदना में जलते हैं।

# मैंगो फेस मॉस्क से लाभ

**आम** में बेहतरीन स्वाद के अलावा भी कई गुण होते हैं। आम हमारी त्वचा को निखारने में बहुत मदद करता है। चेहरे पर आम से बना फेस मास्क काफी फायदेमंद होता है। मैंगो फेस मास्क से चेहरे पर मुहांसे भी कम होते हैं, साथ ही चेहरे को ग्लोइंग बनाता है। इसके अलावा गर्मी में तेज धूप के कारण टेन हुई आपकी स्किन के लिए आम काफी असरकारक साबित होता है। आम में पाए जाने वाले विटामिन और न्यूट्रिएंट्स होने के चलते इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।

**मैंगो फेस मास्क**

मुहांसे की समस्या का हर किसी को सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में मुहांसे की समस्या ज्यादा होती है। इसके लिए आप कच्चे आम के जूस का इस्तेमाल कर सकते हैं। कच?चे आम का जूस एस?ट्रीजेंट के रूप में मुंहासे हटाने के लिये प्रयोग किया जा सकता है। इसके अलावा इससे झाइयां भी दूर हो जाती हैं। मुहांसों की समस्या से निजात पाने के लिए मैंगो फेस मास्क बनाएं। इसके लिए दो चम्मच आम का पल्प, एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी और थोड़ा गुलाब जल लें। इसके बाद तीनों को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस तैयार फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। सूखने के बाद इसे छुड़ाकर चेहरा साफ पानी से धो लें। मैंगो फेस मास्क का इस्तेमाल करने से आप मुहांसों से छुटकारा पा सकेंगे। बता दें कि आम में बहुत सारा एंटीऑक्सीडेंट होता है जो त्वचा को बूढ़ा नहीं होने देता है।

-यदि आपकी स्किन ढीली पड़ गई हो तो मेंगो और हनी फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। आम और शहद का मेल स्किन को टोन कर उसे निखरने में मदद करेगा। इसके लिए आम का पल?प, शहद और बादाम तेल मिलाएं। इस पेस?ट को चेहरे पर लगाकर धो लें।

-ब्लैकहेड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आम के पल्प, मिल्क पाउडर और शहद को मिलाकर स?क्रब बनाएं। फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इसके बाद आपकी स्किन शाइनिंग करेगी।

# अपने पौधों को कैसे बचाएं

**रजनी अरोड़ा**

**गर्मी** के मौसम में जीव-जंतुओं का ही नहीं, पेड़-पौधों का भी हाल बेहाल हो जाता है। अगर उनकी समुचित देख रेख न की जाए, तो वे मुरझा जाते हैं या ग्रोथ रुक जाती है। ऐसे में अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखें तो गर्मियों में अपने पौधों को हरा-भरा रख सकते हैं।

**हरी नेट या चादर लगाएं**

इस मौसम में वेस्ट-फेसिंग पौधे तेज धूप का सामना करते हैं। जमीन में लगे पौधों को बचाने के लिए ग्रीन नेट या प्लेन चादर लगाएं। ताकि धूप छन कर आए और पौधे जलने से बच सकें।

**नमी बनाए रखें**

गर्मियों में पौधों के आसपास नमी बनाए रखने के लिए किसी टब में थोड़ा-सा पानी डालें। उसमें अपने छोटे गमलों में लगे पौधों को रखें। या फिर अपने पौधों के पास एक टब, बाल्टी या परात में थोड़ा -सा पानी भर कर रख दें। गर्मी की वजह से जब पानी इवेपोरेट होगा, तो पौधों के आसपास नमी बनी रहेगी। **स्प्रे भी फायदेमंद**

नोजल लगाकर पौधों की पत्तियों पर दिन में कम से कम दो बार मिस्टिंग या छिड़काव करना फायदेमंद है।

**ठीक से करें सिंचाई**

गर्मियों में पौधों को डीप वॉटरिंग की जरूरत होती है। नियमित रूप से पानी देना चाहिए। अगर टैम्परेचर 40 डिग्री से ज्यादा हो, तो दिन में दो बार पौधों को पानी देना चाहिए। पौधों को पानी तेज धूप निकलने से पहले (तड़के) या फिर सूरज ढलने (शाम) होने पर दें। धूप निकलने के बाद पानी देने से पानी गर्म हो जाता है जिससे उसकी जड़ें खराब हो जाती हैं। साथ ही पानी तेज धूप में वाष्पित जल्दी हो जाता है और पौधों को पोषण नहीं मिल पाता। गमलों में पानी इतना दें जब तक कि व ड्रेन होल से न निकलने लगे। सुबह अच्छी तरह से पानी देने से पौधे दोपहर की धूप झेल लेते हैं। शाम को चैक करें जो पौधा सूखा लगे, उसमें दोबारा पानी देना चाहिए। पानी देते हुए ध्यान रखें कि उनकी पत्तियों को भी धोएं। जरूरत के हिसाब से थोड़ा पानी डाल सकते हैं। पत्तियां धोने से वे अच्छी तरह सांस ले पाती हैं।

**पौधों को अंदर ग्रुप में रखें**

धूप से बचाने के लिए यथासंभव पौधों को शेड में, बरामदे या बालकनी में एकसाथ ग्रुप में रखें। जहां तेज धूप न आती हो। या छनकर धूप आती हो। एकसाथ रखने से इन्हें एक-दूसरे की ठंडक मिलती रहती है और ये सूखने से बचे रहते हैं।

**माहौल ठंडा रखें**

गर्मी से बचाने के लिए पौधों को कूलर, पंखें की हवा में रख सकते हैं। इससे वातावरण थोड़ा ठंडा हो जाएगा और पौधे गर्मी को झेलने में सक्षम हो पाएंगे। पौधों पर पंखे की हवा सीधी नहीं पड़नी चाहिये, इससे जड़े कमजोर होती हैं।

**फर्टिलाइजर**

गर्मियों में पौधों को ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर देने चाहिए। क्योंकि केमिकल फर्टिलाइजर बहुत तेज होने के कारण पौधे जल सकते हैं। मई-जून की गर्मी में 10-15 दिन के अंतराल पर सरसों खली, बनाना पील फर्टिलाइजर, कम्पोस्ट टी जैसे लिक्विड फर्टिलाइजर डालना सुरक्षित है।

**मल्चिंग**

गर्मी की वजह से ऊपरी मिट्टी बहुत गर्म हो जाती है जिससे पौधे की जड़ें जल सकती हैं, पौधा सूख सकता है। इसके लिए सूखी घास, सूखे पत्ते, धान का भूसा, नारियल के छिलके, लकड़ी का बुरादा, ईंट या कोयले के टुकड़े, टाट पट्टियां जैसी चीजें ले सकते हैं और मिट्टी को कवर या मल्चिंग करनी चाहिए। इससे नमी बनी रहेगी। धीरे-धीरे मल्चिंग की चीजें मिट्टी में मिल जाएंगी और खाद का काम करेंगी।

**मॉस का करें इस्तेमाल**

छोटे गमलों या ट्रे में लगे पौधों को गर्मी से बचाने के लिए उनकी मिट्टी को पानी में भीगी मॉस से ढक देना चाहिए। ताकि इसमें नमी बनी रहे। मनी प्लांट जैसे क्लाइम्बर पौधों को मॉस स्टिक में चढ़ाएं। पानी देते हुए मॉस स्टिक गीली हो जाती है तो पौधों में नमी बनी रहती है और जड़ों को न्यूट्रीशन मिलता रहता है।

# प्रवचन करने वाला महान साधु नहीं चाहिए भाई

**मनोज शर्मा**

**हमें** साम, दाम, दंड और भेद वाला पीएम चाहिये प्रवचन करने वाला महान साधु बाबा,गुरु बाबा नहीं।

150 करोड़ वाला देश जिसके अंदर दर्जन भर और देश सर उठाने को खड़ा है उसे चलाने के लिये कठोर फैसले लेने वाले नेतृत्व की जरूरत है। दया,भावुकता, ड्रामा ,इमोशंस से देश नहीं चलेगा।

हर मुद्दे पर तमाशाई चुप्पी और कार्रवाई के बदले मन की बात अब जनता में क्षोभ पैदा कर रही है।

सबसे पहले सोशल मीडिया पर कठोर कार्रवाई कर दें। ये अब स्वयंभू कमांडर हो गये हैं। क्या इसके लिये भी आप अक्षम हैं? बंद हो जाये फेसबुक ,ट्विटर,ह्वाट्सेप कोई चिंता नहीं ये अफवाह के वाहक हो गये हैं।

विपक्ष पर संगीन आरोप लगा लगा कर जनता को उल्लू मत बनाइये। जनता झांसे में आकर बार- बार आपका साथ नहीं देगी। आरोप लगाते हैं तो साबित करें और दोषियों को सजा दिलवाइये। ये राजनितिज्ञों वाली नूरा कुश्ती ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। क्या हुआ टूजी, चिदंबरम से लेकर मयडम और दामाद और उनके पुत्र पर लगाये गये संगीन आरोपों का जिसका शोर करके आप पीएम बने?

क्या भाजपा में काम करने वाले नेताओं का टोटा पड़ गया है? जो नाचने गाने वाले झूट्ठे और हल्के लोगों को सर पर बैठाये हुये हैं? प्रवक्ता ऐसे कुतर्की कि अब लोगों को पका दे रहे हैं। विपक्ष के दुष्ट, भ्रष्ट , षड्यंत्रकारियों, गद्दारों को सीखचों के पीछे डालने या ठिकाने लगाने के लिये जनता ने सत्ता सौंपी थी, बार बार आपके मन की बात सुनने के लिये नहीं। सभाओं में जनता से ही ये सवाल कि फलां .... है कि नहीं ? और जनता से उन्मादी




जवाब के स्टंट से बाज आइये, ये अब खींझ पैदा करता है।

दूसरी पारी निराश कर रही है और याद रखिये मोदी का सपोर्टर सबसे ज्यादा आंखे खुला रखता है मोह भंग हुआ तो फीलगुड करा देगा, वह अंधभक्त नहीं होता। अंधभक्त गंधभक्त अंडभक्त गुलाम चमचे ये सभी उच्छिष्ट विपक्ष में अधिकाधिक होते हैं। राष्ट्र हंता मान्यवर । कोई राष्ट्रहित में जीवन न्योक्षावर कर दे उसे एक गिरोह बनाकर बदनाम किया जाए यह कोई न्याय नहीं है।

देश का पीएम हमारा गर्व है, वह ईमानदार है, कर्मठ है, अग्रसोची, व्यवहारिक है,अरे जनाब वह चुनाव जीताना भी जानता है। लेकिन अकेले का सबके मॉस्क पहनाते चलेगा? आपका चापनल बनवा दें। आज उसका कोई विकल्प भी नहीं है। एक बेहाल तंत्र में जान भरना आसान तो नहीं है लेकिन हम आपसे प्रवचन नहीं सुनना चाहते। वश उड़ कर मारिये चाहे घुस कर मारिये लेकिन मारिये जरूर कोरोनवा को।

दाढ़ी कटवाइये और पुराने एक्शन मोड वाले मोदी बन जाइये। और हां ये तल्खी किसी विपक्ष या वामपंथी के षडयंत्र की उपज नहीं है। जो देखा,समझा उसकी प्रतिक्रिया है। (लेखक रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

**सही है सही है ...**



# रामगढ़ में बाइक चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

- गैंग के सदस्यों ने एसबीआइ शाखा तोपा में सेंधमारी व कुज्ज में दो दुकानों में की थी चोरी
- अपराधियों के पास से एक ग्लैमर बाइक, एक एलईडी टीवी, सीसीटीवी कैमरा, चांदी का एक सिक्का, भारी मात्रा में दुकान की सामग्री बरामद



**रामगढ़।** जिले में बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग का भंडाफोड़ हो गया है। पुलिस ने इस गैंग के पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने शनिवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुजू ओपी क्षेत्र में दो अपराधी चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में निकले हैं। इस सूचना के बाद तत्काल एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कुजू डायवर्सन के पास से चोरी की ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ दो अपराधियों को पकड़ा। पकड़े गए सभी पांच अपराधियों राजकुमार विश्वकर्मा उर्फ राज करमाली पिता सुखदेव करमाली कुजू ट्रांसपोर्ट नगर, अभिषेक कुमार पिता ननबुटन पासवान कोसमांडू कॉलोनी कुजू, दीपक सिंह पिता संजय सिंह ट्रांसपोर्ट नगर कुजू, सलमान शेख पिता रफीक व मो ईबरान पिता मो तैयब उर्फ बाले खान फुटानी चौक कुजू को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए इन अपराधियों के पास से एक काला रंग का ग्लैमर बाईक, एक एलईडी टीवी, एक सीसीटीवी कैमरा, चांदी का एक सिक्का, भारी मात्रा में चुराए दुकान की सामग्री बरामद किया गया। पुलिस टीम ने सभी पांचों अपराधियों को जेल भेज दिया है। छानबीन में पता चला कि ग्लैमर बाइक के मामले में कांड संख्या 121/2024 पहले से दर्ज है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल दूसरी गाड़ियों की चोरी करने में की जाती थी। दोनों अपराधियों ने सहयोगियों के नाम भी पुलिस को बताए। एसपी ने बताया कि गैंग के सदस्यों ने एसबीआई की शाखा तोपा में सेंधमारी की थी। इसके अलावा 17 मई को कुज्जू कोलियरी में दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इससे पहले 11 मई को एसबीआई तोपा में सेंधमारी की घटना में भी आरोपितों ने संलिप्तता स्वीकार की है।

## स्पीड न्यूज

### ब्लैक बेल्ट टेस्ट का फाइनल आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में 22 मई से चल रहे ब्लैक बेल्ट टेस्ट ट्रेनिंग का रविवार को समापन होगा। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के देखरेख में रविवार सुबह 8 बजे भुरकुंडा पंचायत भवन परिसर में चैम्पियनशीप का शुभारंभ होगा। सफल कराटेकारों कोा जिप उपाध्यक्ष रीता देवी देवी मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करेंगी। कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बताया कि इस चैम्पियनशीप में चार वर्ष से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं शामिल होंगे। शिविर में सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट के तहत जूडो और आत्मरक्षा का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। इधर शिविर के चौथे दिन कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास द्वारा कराटेकारों को काता, कुमिते, एडवांस काता, फाईट, पंचिंग, रेफरी टाइमिंग का विधिवत टेक्निक ट्रेनिंग दिया गया। वहीं सृष्टि कुजूर सुंदर नगर, आस्था सिंह कुरसे बस्ती, स्मृति मुंडा मतकमा चौक, मयंक कुमार व मिहिर कुमार टालीवान धौड़ा, हर्ष राज भुरकुंडा को ब्लैक बेल्ट का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शिविर को सफल बनाने में कराटे के सचिव राकेश कुमार एक्का, महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर एवं आस्था सिंह जुटे हैं।

### कराटे प्रशिक्षकों के लिए लगा कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ रामगढ़ जिला संघ के तत्वाधान में शनिवार को सीनियर कराटे प्रशिक्षकों के लिए एकदिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। उरीमारी के दामोदर तट पर आयोजित समर कैंप में भुरकुंडा, सयाल, उरीमारी, पतरातु, बरकाकाना, रामगढ़ , रांची रोड, गोला, चितरपुर, रजरप्पा के कराटे प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कराटेकारों ने पानी और बालू पर किये जाने वाले कराटे के विभिन्न तकनीक का अभ्यास किया। यह समर कैंप शोकफ के अध्यक्ष सह भुरकुंडा एरिया के मुख्य प्रशिक्षक कीओसी नरेंद्र सिन्हा सातवां डान, सचिव शशि पांडेय के मार्ग दर्शन मे संपन्न हुआ। समर कैंप में सीनियर कराटे प्रशिक्षक प्रदीप हांसदा, अंजन प्रसाद, संजय सोनकर, सुमित कुमार, राजू किसकु, जोगेंद्र गंझू, मार्शल टुडू, कमल नायक, प्रदीप नायक, केसरी यादव, चंद्रशेखर कुमार, नंदू साव, रूपेश कुमार, विनय रंजन, चंदन साहनी, रवि सोरेन, अर्जुन कुमार, नरेश राणा आदि ने हिस्सा लिया।

### 31 तक करायें गैस का केवाइसी

**कुजू।** रसोई गैस कनेक्शन के लिए अब बायोमैट्रिक अनिवार्य कर दिया गया है। अगर उपभोक्ता ने 31 मई तक ई केवाईसी नहीं कराया तो उनका कनेक्शन स्वतः बंद या अवैध माना जाएगा।एजेंसी के संचालक मो अबुल कलाम ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार रसोई गैस उपभोक्ताओं को ई केवाईसी बायोमेट्रिक कराना अति आवश्यक है। इसके लिए मोबाईल नंबर सहित आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति लेकर गैस कार्यालय पहुंचे। साथ ही, अंगूठा लगाकर ई केवाईसी कराकर सुनिश्चित करा ले। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कार्य 31 मई तक हर हाल में करा लें। नहीं तो आगामी 1 जून से कनेक्शन स्वतः बंद या अवैध माना जाएगा। अब गैस लेने के लिए पहले वॉटशॉप बुकिंग नंबर 1800224344 पर हाई लिखकर भेजकर नंबर लगाये। जिन उपभोक्ता का कनेक्शन 5 वर्ष से पूर्व का हो गया है, वैसे उपभोक्ता के घर जांच के लिए कर्मी भेजे जा रहे हैं। निःशुल्क गैस पाइप रेगुलेटर चूल्हा आदि का जांच करेंगे।

### कैंप में 200 से अधिक लोगों का इलाज

बड़कागांव। प्रखंड के चौपदार बलिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय गोसाई बलिया के प्रांगण में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम के नेतृत्व में किया गया। शिविर का आयोजन डीकेयर पॉलिटेक्निक ओखला न्यू दिल्ली इन मेमोरी आफॅ स्वर्गीय एनुल हक के बैनर तले किया गया। शिविर में दिल्ली से आए डॉक्टरों ने मरीजों का मुफ्त इलाज किया। वहीं शिविर से इलाजरत लोगों को दवाई आदि मुफ्त में दी गई। हाजी तबस्सुम ने बताया कि लगभग 200 से अधिक लोगों के कई तरह की बीमारियों का मुफ्त इलाज किया गया। इलाज दिल्ली से आए डॉक्टर जेबा अलकमर, डॉक्टर अब्दुल्ला तैय्यब एमबीबीएस डीएनबी ऑर्थो सर्जन, मोहम्मद अकबर खान, सैफुल्लाह तैयब ने जांच किया। इलाजरत ग्रामीणों ने कहा कि इस शिविर से हमसब काफी खुश हैं। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, हाजी फखरे आलम, शमशेर अंसारी, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद सहगल, संजर हुसैन, मोहम्मद इस्लाम, माजदा खातून सहित महिला -पुरुष उपस्थित थे।

### तालाटांड़ में मंडा पूजा कल से

रामगढ़। पतरातू प्रखंड के तालाटांड़ गांव में शिव पूजा मंडा सह मेला 27-28 मई को मनाया जाएगा। इसको लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें संरक्षक पूर्व मुखिया पंचम मुंडा, अध्यक्ष बालदेव मुंडा, सचिव रघुनाथ महतो, उप सचिव सुरेश करमाली, कोषाध्यक्ष छोटेलाल मुंडा, उप कोषाध्यक्ष महंती उरांव का चयन किया गया। साथ ही सदस्यों में राजेश मुंडा, विनोद गंझु, देवचंद महतो,राजेंद्र कुमार, रोहित मुंडा, जीतन राम, अमित, कृष्णा, सहदेव, महेश, नंदकिशोर आदि दर्जनों लोगों का चयन किया गया। मेला में छऊ नृत्य कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे।

# चौपारण में 15 ऊंट लदे वाहन जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

## बध के लिए राजस्थान से बंगाल ले जा रहे थे तस्कर



**चौपारण ।** चौपारण पुलिस ने अब ऊंट तस्करी का खुलासा करते हुए शनिवार को दो तस्करों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात में गुप्त सूचना के आधार पर गया (बिहार) की ओर से एक डीसीएम पंजियन संख्या-आरजे-27जेई-4285 में क्रूरता पूर्वक ऊंटों को लोडकर वध करने के उद्देश्य से बंगाल ले जा रहे है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी ने एक छापामारी दल का गठन किया, जिसमें प्रभारी के अलावे पुअनि निलेश कुमार रंजन, सअनि मनोज कुमार कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे, जिनके साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर गया (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का जांच करने लगा। इसी दरम्यान समय करीब चार बजे सुबह में बिहार की ओर से एक नारंगी रंग का डीसीएम वाहन आता हुआ दिखाई दिया, जिसके नजदीक आने पर रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से भागने का प्रयास करने लगा। इस क्रम में वाहन चेकिंग में तैनात जवान ने बैरियर लगा दिया, जिससे चालक वाहन को रोक दिया और वाहन से उतरकर दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गये दो व्यक्ति में मोहम्मद सलमान (26 वर्ष) पिता-मोहम्मद वजीर ग्राम मेरठा थाना निशाड़ीगेट जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, दयालाल (36 वर्ष), पिता -नौजा राम ग्राम+थाना गोकुन्दा जिला उदयपुर राजस्थान का तलाशी के क्रम में तीन मोबाइल बरामद हुआ। वाहन का पंजियन संख्या-आरजे-27जेई-4285 पाया गया, जिसका तिरपाल हटाकर जांच करने पर वाहन में 14 ऊंट क्रूरतापूर्वक लोड पाये गये, जिससे एक ऊंट की मौत हो गयी। पकड़ाये लोगों ने वाहन एवं बरामद ऊंट के संदर्भ में कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया।

## कटकमदाग में पशु लदा टाटा सुमो जब्त



**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र और कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में लगातार जानवरों का चोरी किया जा रहा है। ताजा मामला गादोखर पंचायत भवन के गरीब मस्जिद के पास ओ पी पेलावल पुलिस ने सुबह के करीब 6बजे से जांच पड़ताल के क्रम में लाल रंग के टाटा सुमो नंबर JH02k1001से तस्कर ने तीन गाय और एक बछड़ा को छोड़कर गो तस्कर भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि ओपी पेलावल पुलिस ने तीन गाय और एक बछड़ा को स्थानीय लोगों के बीच बांट दिया औरसुमो विकटा को थाना ले जाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल किया जा रहा है और गाड़ी मालिक पर करवाई की जायेगी। कटकमसाडी प्रखंड व कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में लगातार गोवंश का तस्करी किया जा रहा है।

## पेंशनर समाज के पूर्व संरक्षक डॉ निर्मल बनर्जी की जयंती मनी

**रामगढ़।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज रामगढ़ जिला कार्यालय( अनुमंडल परिसर) में शनिवार को जिला पेंशनर समाज के पूर्व संरक्षक स्व. डॉ निर्मल कुमार बनर्जी की जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह नें बैठक की अध्यक्षता की। सर्व प्रथम स्व.डॉ निर्मल कुमार बनर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्व. डॉ निर्मल बनर्जी मूल रूप से शिक्षा के क्षेत्र में जुड़े रहने के बावजूद विभिन्न समाजिक संस्थाओं से जुड़े थे। इन्होंने छोटानागपुर कॉलेज, रिपब्लिक कॉलेज आदि अनेकों शिक्षण संस्थानों संस्थापक भी थे। डॉ बनर्जी में बेहतरीन संगठन की क्षमता थी। वे अपने आप में एक संस्था थे। सभा को सचिव छोटू लाल मोदी, उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह, संरक्षक पन्ना लाल राम, शिव शंकर मोदी, दिलीप साहा, देवशरण महतो, राम स्वरूप खन्ना, छुन्नू साहू, रामप्रसाद महतो, मधुसुधन साहू, उमा साहू , आदित्य त्रिपाठी, बाल गोविंद करमालि, नरेश साहू, आदि ने संबोधित किया। मौके पर वृंदावन सिंह, अशोक गुप्ता, रामप्रसाद महतो,नरेश साहू, मधु सुधन साहू, अनिल बनर्जी,सुनील बनर्जी आदि उपस्थित थे।

# संघर्षों से उपजी पार्टी है झामुमो : बेदिया

- पतरातू प्रखंड के 42 पंचायतों को चार भागों में बांटकर प्रभारी नियुक्त होंगे
- विस चुनाव को लेकर सभी पंचायतों में बनेगा बूथ कमेटी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातु प्रखंड कमेटी की बैठक शनिवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द बेदिया और संचालन सचिव उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में झामुमो के केन्दीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित थे। बेदिया ने कहा कि झामुमो संघर्षों से उपजी पार्टी है। झामुमो के लोग हमेशा इमानदारी पूर्वक संघर्ष करते आये हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो आज से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गया है। सभी साथी अपने-अपने पंचायत में बूथ कमेटी बनाने के लिए जोर-शोर से लग जाएं। आने वाले विधानसभा चुनाव में झामुमो अपने बल पर बहुमत हासिल करेगी। बेदिया ने कहा कि झामुमो पतरातू प्रखंड के 42 पंचायतो को चार भागो में बांटकर प्रभारी नियुक्त करेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो जात की नहीं जमात की राजनीति करता है। मौके पर हरीलाल बेदिया, आजाद अंसारी, संजय वर्मा, उदय मालाकार, लव कुमार, सत्येंद्र यादव, अनिल एक्का, योगेन्द्र यादव, संजीव राम, जग्गू घांसी, रमेश प्रसाद, दौलत सिंह, इस्लाम अंसारी, नरेश बेदिया, रामलखन मुंडा, टिंकु बेदिया, रोशन कुमार, सीता राम बेदिया, मालवीर बंदिया, छोटू बेदिया, शंकर तुरी, राजा मुंडा, राजू मुंडा, प्रमोद ठाकुर, झलकू बेदिया, संजीत राम सहित झामुमो के दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थे।

## एक नजर में

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के राधे कृष्ण मंदिर प्रांगण से शनिवार सुबह 11 बजे श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। क्षेत्र की महिला व बच्चियों ने 501 कलश के साथ कलशयात्रा में शामिल हुई। महायज्ञ के आचार्य अरविंद पंडित के द्वारा कलश देकर कलश यात्रा शुरूआत किया गया। कलश यात्रा केदारुत मंदिर प्रांगण से निकलकर गांव होते हुए अमरूतवा नदी पहुंचा, जहां विधि विधान के साथ कलश में जल उठाकर पुरा गांव भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापित किया। बतौर पुजारी टेकलाल यादव व संतोष यादव पूजा पर बैठे हुए है। कलश यात्रा में सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, केदारुत मुखिया सरिता देवी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव शामिल हुए। इस दौरान जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से इस क्षेत्र का ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्र शुद्ध होता है। इसके साथ साथ लोगों का मनोभाव में भी शुद्धता आती है। मुखिया सरिता देवी ने कहा की सनातन धर्मलंवबियों के द्वारा इस तरह का आयोजन हर जगह किया जाना चाहिए। कलश यात्रा में अवध यादव, राजु यादव, संतोष यादव, उदय यादव, बासुदेव यादव, मंजीत यादव, रंजीत यादव, जगदीश यादव, देवचंद यादव, रविरंजन यादव, विशाल कुमार, दिलीप यादव, त्रिलोकी यादव, चन्द्र यादव, विनय यादव, लखन यादव, रामु यादव, त्रिवेणी यादव, चेतलाल यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चरही घाटी में ट्रक पलटा, बचे चालक व उपचालक

**चरही।** थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ घाटी में शनिवार सुबह एक ट्रक को पलट जाने से इसके चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए ।जबकि ट्रक के कल-पुर्जेअलग-अलग हो गए ।तथा उस लदे सामग्री सड़क पर बिखर गए ।जानकारी के अनुसार ट्रक नं.एचआर 45बी/0088 बिहार से प्लाई को लादकर उड़ीसा जा रहा था। चरही के यूपी मोड़ घाटी में तेज घुमावदार सड़क होने के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया ।जिस कारण घाटी में पलट गई। ट्रक पलटने जाने से लदे प्लाई सड़क पर बिखर गए ।तथा ट्रक के सारे कल-पुर्जे और बॉडी अलग-अलग हिस्से में बंट गए ।चरही पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि दोनों चालक और उपचालक को सुरक्षित बचा लिया गया।

### सेमेस्टर-6 के इंटरनल परीक्षा कल से

**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में 27 और 28 मई को सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों का इंटरनल एग्जाम आयोजित किए जायेंगे। परीक्षा विभाग ने रूटीन भी जारी कर दिया है। जारी रूटीन के आधार पर परीक्षा दो पाली में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक तथा दूसरी पाली 11 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित किए जायेंगे। प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने सभी विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर परीक्षा में शामिल होने का निर्देश दिया है।

### खतियानी जमीन हड़पने का लगाया आरोप

**बरही।** दुधपनिया निवासी साबो देवी पति महेश पंडित ने खाता संख्या 6 प्लौट संख्या 568 रकवा 14 डीसमिल एवं प्लीट संख्या 578 रकवा 18 डीसमिल जमीन को अपना खतियानी जमीन बताते हुए जमीन के पड़ोसी रमेश कुमार प्रजापति पिता स्व कुंजो पंडित दुधपनिया पर बाजबरन जमीन को हड़पने के नीयत से जमीन पर चढ़कर बाउण्ड्री करने का आरोप लगाई है। साथ ही साथ काम रोकने पर गाली-ग्लोज, मारपीट एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए बरही थाना मे आवेदन देकर कानुनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### मनीष जायसवाल ने रामलला के किये दर्शन

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग में चुनाव संपन्न होने के बाद शुक्रवार शाम को अयोध्या पंहुचे। जहां उन्होंने प्रभु श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दिव्य बाल स्वरूप का दर्शन किया। मनीष जायसवाल ने सोशल मीडिया में तस्वीर और वीडियो साझा करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन पाकर और संध्या आरती में शामिल होकर धन्य हो गया हूं। निजी तौर पर मेरे लिए यह जीवन का एक बेहद ही भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रभु की मोहिनी मूरत ऐसी है की आंख हटती ही नहीं है। उनकी मंद- मंद मुस्कान वाला अद्भुत स्वरूप अभी भी मेरे आंखों के सामने ही तैर रहा है। प्रभु श्री राम के दिव्य, भव्य और अलौकिक स्वरूप दर्शन का आनंद का बखान करना संभव ही नहीं है। मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारे पुरखों के 500 वर्षों की त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है जो आज प्रभु श्री राम अपने धाम में विराजमान हुए हैं। उन्होंने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के सुख, शांति और समृद्धि की कामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से की।

### डीएवी हजारीबाग में समर कैंप का समापन

हजारीबाग। डीएवी पब्लिक स्कूल कैनरी हिल में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 21 मई से 25 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शनिवार को किया गया। प्रभारी प्राचार्या कविता पांडेय ने बताया कि कला, संगीत, खेल ,योगा, एनसीसी, स्पोकन इंग्लिश और शिल्प कला में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह विशेष समर कैंप था। जिसमें शिल्प, संगीत, खेल, योगा, एनसीसी, स्पोकन इंग्लिश, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, हैंडबॉल और अन्य विभिन्न गतिविधियों के विशेषज्ञ शिक्षक सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक बच्चों का मार्गदर्शन करते थे। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए उचित अवसर प्रदान करना था। शिविर में कुल मिलाकर 500 विद्यार्थी भाग ले रहे थे। श्रीमती पाण्डेय ने समर कैंप में अपना योगदान देने के लिए बीके दूबे, उमेश गुप्ता, कुणाल गोस्वामी, बीके पंडा, अरुणा दिव्यदर्शिनी, शुभम कुमार, अरिंदम पटनायक, अनन्या मुखोपाध्याय, शकील खान आदि शिक्षकों को साधुवाद दिया। साथ ही छात्रों और उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

# चौपारण में ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारी शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

- एक लाख से अधिक भक्तों के जुटने की संभावना
- चौपारण से धार्मिक और आध्यात्मिक शिक्षा की लहर फैलेगी : डॉ केशवानंद प्रभु



**चौपारण ।** झारखंड - बिहार में चर्चित रथयात्रा की तैयारी चौपारण में शुरू हुयी। श्री भक्ति वेदांत शिक्षालय के संस्थापक सह इस्कॉन के धर्म गुरु डॉ केशवानंद प्रभु के निर्देशन में सियरकोनी बैधनाथ नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में धर्मसभा का आयोजन किया गया।

धर्म सभा में कोलकाता इस्कान मंदिर के कुमार लीला प्रभु विशेष रूप से मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हुये। धर्मसभा में सात जुलाई को वृहद आयोजन के मैनेजमेंट संबंधित विभिन्न निर्णय लिए गए।

डॉ केशवानंद प्रभु ने कहा कि आनेवाले सालों में चौपारण की धरती से भक्ति और परमार्थ से धर्म-कर्म के साथ अध्यात्म का विस्तार होगा। बताया कि इस साल रथयात्रा के आयोजन में लाख से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति होने की संभावना है। इसे लेकर भक्तगण तथा गृहस्थ ईटखोरी , चौपारण, मयुरहंड, चौपारण आदि क्षेत्रों में घर घर घुमकर प्रचार कर रहे हैं। सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को रथ पर बिठाकर भक्तगण रस्सी से खींचकर बिगहा हनुमत मंदिर स्थित मौसीबाड़ी गढकाली माता के मंदिर पहुंचायेंगे। धर्मसभा में राजदेव यादव, मनोज सिंह, विकास यादव, रंजीत सिंह, विकास सिंह, जिप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया पप्पू रजक, मुखिया जानकी यादव, रंजीत बर्णवाल, रोहित जैन,दिलीप राणा, उपेंद्र सिंह,आशीष सिंह, प्रदीप केशरी, प्रताप सिंह, मुनेश्वर गुप्ता, राजेन्द्र चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, मुकेश मधेशिया, संतोष सिंह, कामदेव प्रजापति सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

आयोजकों में संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, अभिषेक सिंह,राजु सिंह, आनंद चंद्रवंशी, कैलाश सिंह,विवेक सिंह,राजु सिंह सहित दर्जनों युवा बैठक में मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने बांटा गरीबों के बीच फल-बिस्कूट

रामगढ़। भीषण गर्मी में थाना चौक स्थित श्री संकट मोचन मंदिर के सामने शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा की ओर से जन सेवा राष्ट्र सेवा के तहत गरीब जरूरतमंद लोगों एवं राहगीरों के बीच फल एवं बिस्कुट का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने संकटमोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं देश के प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ और राष्ट्र की उन्नती की कामना की। इस जन सेवा कार्य को निःस्वार्थ भाव से संपन्न करने में अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव धीरज बंसल, कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़, राहुल अग्रवाल, संतोष गोकुलका, आशुतोष बरेलिया, प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, रौनक अग्रवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### किसान गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी



**सिमरिया।** सिमरिया में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डाड़ी, एदला, पुण्डरा, सिमरिया आदि के दर्जनों किसानों ने भाग लिया। यह आयोजन बीज बेचने वाली एक निजी कंपनी यूएस सीड्स द्वारा किया गया था। कंपनी के प्रतिनिधि सुनील कुमार साहू ने किसानों को कम जमीन में अच्छी उपज के तरीकों की जानकारी दी और बताया कि हाइब्रिड बीजों की खेती हमेशा श्री विधि से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक दूसरे से कुछ फासलों पर धान के पौधों की रोपाई करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। श्री साहू ने इस अवसर पर उपस्थित सभी किसानों को तीन-तीन किलो हाइब्रिड बीज भी प्रदान किए।

### बारीसाखी पंचायत में पेयजल की समस्या



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारीसाखी में स्थित पांडेय टोला और साव टोला के निवासियों को पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पांडेय टोला के लगभग आधे निवासी अपनी प्यास बुझाने के लिए लगभग 1 किलोमीटर दूर स्थित एक चापानल पर निर्भर हैं। बढ़ती गर्मी के कारण चापानल का जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों को चापानल से दो बाल्टी पानी निकालने के बाद लगभग 1 किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए, ग्रामीण सोलर सिस्टम से चलने वाली जल योजना से उपलब्ध होने वाली चापानल से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

### 10 वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गाँव में एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्ची का शव बीती रात करीब 10 बजे एक पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि गाँव के कुछ दबंग लोगों ने एक दलित परिवार के साथ अत्याचार किया और फिर मामले को रफा-दफा करने के लिए आधी रात को ही बच्ची के शव को पेड़ से उतारकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। सूत्रों का कहना है कि दबंगों ने पुलिस में मामला दर्ज न करवाने के एवज में दलित परिवार से मोटी रकम भी ली। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है और वे दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। टंडवा थाना पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### मयूरहड बीडीओ पर कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप

**चतरा।** मयूरहड प्रखंड के पंचायत सचिव अर्जुन पासवान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पर अपने कर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और अलोकतांत्रिक व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पासवान ने जिला पंचायत सचिव संघ को लिखित शिकायत में कहा है कि 25 मई को जब वे आवास निरीक्षण करने गए थे, तो प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने कक्ष में जनसेवक चंदन राम और अन्य कर्मियों को बुलाकर कहा कि अर्जुन पासवान को कह देना कि उसे ऐसा गाली देंगे कि शर्म से नौकरी छोड़कर भाग जाएगा। पासवान का कहना है कि चुनाव के समय भी प्रखंड विकास पदाधिकारी उन्हें हरिजन पासवान जैसे शब्दों से गाली देते थे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्य कर्मियों के साथ भी तानाशाह जैसा व्यवहार करते हैं। जिला पंचायत सचिव संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के इस व्यवहार का विरोध किया है और जिलाधिकारी से उचित कार्रवाई की मांग की है।

### ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में दो घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग तमोलिया पुल नावाडीह मोड़ के समीप ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार कलीडीह निवासी 18 वर्षीय रामबचन कुमार पिता छोटू यादव व 17 वर्षीय उदय कुमार पिता अरुण यादव दोनों शुक्रवार देर शाम में जेएच11एस/0403 बाइक से खूंटा की ओर जा रहे थे। इसी बीच तमोलिया पुल नावाडीह मोड़ के समीप विपरीत दिशा आ रही ई-रिक्शा जेएच12ओ/1106 की टक्कर हो गई। जिसमें उक्त बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय गुप्ता दल बल के साथ पहुंच कर घायल युवक को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं रामबचन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पिज्जा खाकर नौ लोग बीमार होने के मामले में रेस्टोरेंट सील



खबर मन्त्र का असर

पिज्जा खाने से एक ही परिवार के नौ लोग बीमार



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पिज्जा खाने से बीमार हुए नौ लोगों के मामले में कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी चौक स्थित जंगल रेस्टोरेंट को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा शनिवार को रेस्टोरेंट पहुंचकर मामले सहित खाद्य सामग्री के नमूनों की जांच की गई, जिसके बाद अगले आदेश तक के लिए रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया। विदित हो कि खबर मन्त्र अखबार ने घटना के बाद दुबारा कोई इस प्रकार की घटना न घटे और आमजनों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा रेस्टोरेंट पर किसी प्रकार की कार्यवाई नहीं किये जाने को लेकर प्रमुखता से छापा था, जिसके बाद जिला प्रशासन ने जांच किया। जांच में पाया गया कि रेस्टोरेंट बिना फूड लाइसेंस के चलाया जा रहा था। जिसके बाद रेस्टोरेंट को सील किया गया। कार्यवाई के बाद अन्य रेस्टोरेंट शायद खाद्य सामग्री में मिलावट न करे और आमजनों को बेहतर खाद्य सामग्री परोसे।

उल्लेखनीय हो कि गत दिनों पिज्जा खाने से नगरखारा निवासी बच्चे, महिला, बुजुर्ग समेत 9 लोग बीमार हो गए थे, जिनका इलाज उपायुक्त मेघा भारद्वाज के पहल पर सदर अस्पताल में कराया गया था।

## दूध उत्पादन के साथ जैविक खाद तैयार कर डबल करें अपनी आमदनी, मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण : नागमणि

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पशुपालन कार्य से जुड़े लोग दूध उत्पादन के अलावे गोबर से जैविक खाद तैयार कर अपनी आमदनी को डबल कर सकते हैं। बाजारों में अब बड़ी संख्या में लोग जैविक खाद के महत्व को समझते हुए इसकी डिमांड कर रहे हैं। विशेषज्ञ की निगरानी में जैविक खाद तैयार करने को लेकर कोडरमा में लोगों को निःशुल्क प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था की गई है। वहीं चेचाई में बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के जैविक खाद विशेषज्ञ नागमणि महतो ने बताया कि पर्यावरण में बदलाव के साथ अब मिट्टी अम्लीय रूप धारण करते जा रही है। जिसकी वजह से फसलों के उत्पादन पर भी व्यापक असर पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को केमिकल से बने फर्टिलाइजर का उपयोग करने से बचना चाहिए और उन्हें जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए।

### इस तरीके से तैयार करें वर्मी कंपोस्ट



उन्होंने बताया कि आज के समय में वर्मी कंपोस्ट का कारोबार भी बड़े पैमाने पर हो रहा है। किसान इसे तैयार कर बाजारों में भी बेच सकते हैं और अपने खेतों में भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्मी कंपोस्ट तैयार करने में 45 से 60 दिनों का समय लगता है। वर्मी कंपोस्ट बनाने से पहले किसानों को कम से कम 10 दिनों तक गोबर को खुले स्थान में रखकर उसके गरमाहट को कम करना होता है। इसके बाद छायादार स्थान पर गड्ढे बनाकर उसमें गोबर भरने के बाद ऊपर से केंचुआ को छोड़ जाता है और उसे ढक कर रखा जाता है। तापमान अनुकूल रहने पर 45 दिनों में जैविक खाद बनाकर तैयार हो जाता है। जो चाय की पत्ती की तरह दानेदार होता है। उन्होंने बताया कि यदि मिट्टी की जगह उपलब न हो तो शेड का निर्माण कर नॉन बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक की बोरियों में भी जैविक खाद तैयार किया जा सकता है।

### लॉटरी के टिकट के साथ एक गिरफ्तार



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तिलैया थानान्तर्गत गुरुद्वारा के पास आमलोगों को धोखाड़ी एवं जालसाजी कर लॉटरी से जुआ खेला जा रहा है। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी के द्वारा थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को लॉटरी का टिकट तथा एक व्यक्ति मो. मुस्तकीम पिता मो. शेखावत करमा तिलेटांड वार्ड नम्बर-3 थाना तिलैया को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना में काण्ड संख्या 123/24 के तहत दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं मौके से कार्टून में रखा लॉटरी का टिकट 1260 बंडल, प्रत्येक बंडल में 50 पीस कुल 63000 लॉटरी टिकट, टिकट के ऊपर नागालैण्ड स्टेट लॉटरीज डियर टिस्ट्स् लिखा जप्त किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी तिलैया विनय कुमार, सअनि रंजीत कुमार झा व सशस्त्र बल व तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

### आंगनबाड़ी के समीप लगे ट्रांसफार्मर को हटाने को लेकर सेविका ने लगाई गुहार

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 2 कोड संख्या-16 के सेविका ने आंगनबाड़ी भवन के समीप लगे विधुत ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर स्थानांतरण करने की प्रखंड प्रशासन से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन के समीप लगे ट्रांसफार्मर से केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे को करेंट लगने का हमेशा डर बना रहता है। वहीं बरसात के दिनों में ट्रांसफार्मर के दोनों खंबे पानी से डूबा हुआ रहता है, जिससे करेंट आने का संभावना बनी रहती है। उल्लेखनीय हो इस मामले को लेकर पूर्व में सेविका करुणा कुमारी तथा सहायिका निर्मला देवी के साथ साथ ग्रामीणों के द्वारा तत्कालीन बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर उक्त ट्रांसफार्मर को आंगनबाड़ी भवन के समीप से हटाने की मांग की गयी थी। मगर आज तक इस मामले का समाधान नहीं हो सका। बतादें कि आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 40 बच्चे नामांकित है, मगर शौचालय एवं पानी की व्यवस्था नहीं रहने से बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र का चापानल वर्षों से खराब पड़ा है। सहायिका के द्वारा मोहल्ले से पानी लाकर किसी तरह से काम चलाया जा रहा है। शौचालय रूम और सीट बना दिया गया है, मगर टंकी नहीं रहने के कारण शौचालय को चालू नहीं किया गया है। जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे जहां-तहां शौचालय जाने पर मजबूर हैं।

## देवांगना से दीदी बन गयी नरेंद्र झाझंरी की बेटी

**जैन साध्वी बन जैन धर्म के सिद्धांत व नियमों का पालन कर देश में करेगी भ्रमण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आज के डिजिटल युग में युवाओं पर सोशल मीडिया का खुमार चढ़ा हुआ है। रील्स, मीम्स, लाइक-कमेंट और शेयर के दौर में युवा संस्कारों से दूर जा रहे हैं। वहीं कोडरमा की बेटी देवांगना झांझरी ने आधुनिक चकाचौंध, सांसारिक सुखों को त्याग कर अब जैन साध्वी बनकर जैन धर्म के सिद्धांत और नियमों का पालन करते हुए पूरे देश में भ्रमण करेगी।

#### आर्किटेक्ट बनने के बाद जॉब भी की

झुमरीतिलैया के झांझरी रोड निवासी जैन समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेंद्र झाझंरी की 27 वर्षीय पुत्री देवांगना झाझंरी ने संसार की माया व धन संपदा को त्याग कर वैराग्य पथ अपनाने का निश्चय किया है। खबर मन्त्र संवाददाता से नरेंद्र झाझंरी ने बताया कि देवांगना की प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा से हुई, इसके बाद हिसार स्थित जिंदल विद्यालय से 12वीं तक की पढ़ कर आर्किटेक्ट की डिग्री हासिल की, इंस्पायरिंग स्पेस बेंगलुरु में इंटर्नशिप किया। वहीं उन्होंने बताया कि शुरुआत में सफूरना डिजाइंस भरूच गुजरात में 6 लाख के पैकेज पर जॉब किया।

#### शहर पहुंचने पर भव्य स्वागत

नरेंद्र ने बताया कि जैन धर्म के महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज की विदुषी शिष्या आर्यिका पूर्णमति माताजी से बेटी देवांगना झाझंरी ने धर्म संस्कार लेकर ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर लिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में धर्म प्रभावना के बाद झुमरीतिलैया पहुंचने पर जैन समाज के लोगों ने देवांगना का उनके घर पर पहुंच कर भव्य स्वागत किया। वहीं बाद में मंदिर में उनके स्वागत सम्मान के लिए धर्म सभा आयोजित की गई। बैंड बाजा ढोल नगाड़े के साथ परिवार के सभी लोगों का समाज द्वारा माला पहनाकर, तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

#### परदादा, नाना-नानी और मामा भी बन चुके साधु



नरेंद्र झांझरी ने बताया कि 6 भाई-बहनों में देवांगाना सबसे छोटी हैं। बेटी की नानी भी काफी पहले दीक्षा लेकर जैन साध्वी बन गई थी, जिससे उनकी बेटी काफी प्रभावित हुई थी। वहीं उन्होंने बताया कि इसके बाद उनके नाना, मामा और परदादा ने भी दीक्षा लेकर जैन मुनि का जीवन अपनाया था। उनके परदादा, नाना और नानी की समाधि हो चुकी है, जबकि मामा भारतवर्ष में पैदल भ्रमण कर जैन धर्म की प्रभावना कर रहे हैं। देवांगना की माता वीणा देवी भी काफी धार्मिक हैं। देवांगना देश के विभिन्न इलाकों में आयोजित होने वाले जैन मुनि और जैन साध्वी की धर्म सभा में हिस्सा भी लेती थी।

#### शादी के प्रस्ताव पर करती थी टालमटोल

नरेंद्र ने बताया कि एक पिता की तरह उन्होंने भी अपनी बेटी की शादी काफी धूमधाम से करने का सपना संजोया था। उन्होंने अपनी बेटी के समक्ष शादी के कई प्रस्ताव दिए मगर वह हमेशा टालमटोल करती रहती थी। उन्हें भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनकी बेटी एक दिन साध्वी बन जाएगी। अब वह ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर साध्वी दीदी का जीवन जीने के लिए अग्रसर है। बहुत जल्द दीक्षा ग्रहण कर वह जैन साध्वी बनेगी। इसके बाद पूरे भारत वर्ष में पैदल भ्रमण कर जैन धर्म का प्रचार प्रसार करेंगी।


## एक नजर में

### बाइक लाने गया युवक नहीं लौटा घर, परिजनों ने गुमशुद्गी का दिया आवेदन



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर निवासी एक युवक के लापता होने पर युवक की माता अनीता देवी ने तिलैया थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र राहुल कुमार के खोजबीन की गुहार लगाई है। वहीं अनीता देवी ने बताया कि उनका पुत्र टीओपी गली स्थित तेल मिल में काम करता था। वह पिछले कुछ दिनों से परेशान दिख रहा था। 19 मई को वह अपनी बाइक से काम पर गया, शाम को घर लौटा मगर वह अपनी बाइक लेकर नहीं लौटा। इसके बाद बाइक के संबा में पूछा तो बाइक अपने दोस्त को देने की बात कही। इसके बाद 21 मई की सुबह बाइक लाने की बात कह वह घर से निकला, इसके बाद आज तक वापस नहीं लौटा। इसे लेकर अनीता देवी ने अपने पुत्र के लापता होने की शिकायत तिलैया पुलिस से करते हुए मामले की उचित छानबीन कर कार्रवाई करने के मांग की है। वहीं राहुल के भाई संजय कुमार ने बताया कि राहुल जाते समय शर्ट, जींस और सैंडल पहन कर निकाला था।

### नाग-नागिन के जोड़े ने एक घंटे तक खेली अठखेलियां



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के पपलो पंचायत स्थित ग्राम बिंधनिया के देवी मंडप के समीप खेत में शुक्रवार की शाम नाग-नागिन के जोड़े ने एक घंटे तक अठखेलियां की, यह देखकर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन जैसे नाग-नागिन ने वहां मौजूद लोगों की ओर ध्यान ही नहीं दिया। वहीं बुजुर्गों ने बताया कि नाग-नागिन की अठखेलियों से अनुमान लगाया जाता है कि इस बार मानसून अच्छा होगा, खेती बारी अच्छी होगी। एक घंटे अठखेलियां करने के बाद नाग-नागिन झाड़ी में घुस गए। इससे पूर्व ग्रामीणों ने सुबह भी इस जोड़े को देवी मंडप के आसपास घूमते देखा था।

### जल सहिया के निधन पर परिजनों को मिला मदद



**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी जिला शाखा कोडरमा के आह्वान पर झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एतवारी महतो, प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी ने प्रखंड के ग्राम पंचायत जामु के जल सहिया मनिता देवी की निधन पर दु:ख जताते हुए उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। ज्ञात हो कि जल सहिया मनिता देवी की आकस्मिक निधन 23 मई को हो गई, जल सहिया के तीन बच्चे हैं। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा जल सहिया के परिवार वालों को आर्थिक मदद भी किया गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने सांत्वना देते हुए कहा कि विभागीय मदद भी इन परिवार को दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर मुखिया नीता देवी, देवेंद्र कुमार राणा, गीता देवी, रूबी राणा, बबिता देवी, सरिता देवी, रिंकी देवी, ललिता देवी, गीता देवी, ममता देवी, तारा देवी, रंजीत राणा, रामचंद्र यादव, शंकर यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मृतक के स्वजन को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मिला दो लाख का चेक



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मृतक खाताधारक के स्वजन डोंगोडीह गांव के मृतक ठेकनी देवी के पुत्र विनोद साव को दो लाख की राशि का चेक दिया गया। वहीं बैंक बीसी मुकेश साव ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 रूपये प्रतिवर्ष का इन्सुरेंश किया था, इसी योजना के तहत मृतक के माता ठेकनी देवी को तेलोडीह पंचायत भवन कैम्प में सहायक महाप्रबंधक अजित पौदार, एलडीएम निवास कुमार, मरकच्चो शाखा प्रबंधक सुशील बर्णवाल के द्वारा दो लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि इसी वर्ष डोंगोडीह गांव के विनोद साव की कर्मा पूजा के दिन रात में बिजली करंट लगने से मौत हो गयी थी। वहीं क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि क्षेत्र के सभी खाताधारकों को यह बीमा अवश्य करवाना चाहिए। उक्त बीमा में मात्र 20 रुपए सालाना प्रीमियम लगता है। असमय दुर्घटना होने पर स्वजनों को इसका लाभ मिल सकेगा, इसी दौरान बैंक बीसी मुकेश साव ने लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन ज्योति बीमा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मैं इसी प्रकार की योजना से अपने क्षेत्र में 9 लोगों को दो-दो लाख रुपया का लाभ दिला चुका हूं, लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी अपने और अपने परिवार के सभी सदस्यो को उक्त योजना से जोड़े ताकि किसी प्रकार का घटना दुर्घटना भविष्य में घटे तो परिवार वाले को मदद मिल सके। मौके पर बैंक कर्मी, स्वंय सहायता के दर्जनों लोग व खाताधारक मौजूद थे।

### पेट्रो जलप्रपात में अपने दोस्त के साथ पिकनिक मनाने गए एक युवक की मौत



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र स्थित पेट्रो जलप्रपात में अपने दोस्त के साथ पिकनिक मनाने व स्नान करने गए युवक पानी के कुंड में डूबने से मौत हो गयी। वहीं मृतक युवक की पहचान 18 वर्षीय मोहित कुमार यादव पिता विजय यादव ग्राम अम्वाबाद निवासी के रूप हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने दोस्त हजारीबाग सिंदूर निवासी के साथ शुक्रवार को पेट्रो जलप्रपात पिकनिक मनाने व स्नान करने गया था। इसी दौरान वह अकेला फॉल के पांचवें कुंड में स्नान करने चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब मोहित नहीं आया तो साथ गए दोस्त ने मोहित के घर आकर परिजनों को बताया कि वह अपना मोबाइल और ट्राउजर खोल कर मेरे बैग में रखकर फॉल के पांचवें कुंड स्नान करने गया था मगर अब तक नहीं लौटा है। तभी परिजनों ने आनन फानन में पेट्रो पहुंच कर खोजबीन की मगर मोहित का कहीं पता नहीं चल सका। वहीं घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। वहीं घटना की सूचना पाकर एसआई कार्तिक सिंह मुंडा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं एसआई मुंडा एवं ग्रामीणों की अथक प्रयास के बाद देर रात मृतक का शव पानी के कुंड से बाहर निकाला गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उल्लेखनीय रहे कि मृतक अपने तीन भाई-बहन में सबसे छोटा था। वहीं मृतक के पिता चतरा में झारखंड पुलिस के पद पर कार्यरत हैं।

# टंडवा में अवैध शराब बिक्री पर चला छापेमारी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



टंडवा। (चतरा) **प्रखंड में 24 मई** को देर शाम छापामारी अभियान चलाया गया। टंडवा में सरकारी शराब दुकान के बगल में स्थित दुकानों में एमआरपी से अधिक दर पर शराब बेचने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। चतरा जिला के उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू के नेतृत्व में छापामारी दल ने टंडवा में जांच पड़ताल कर गहन पूछताछ तथा छापामारी अभियान चलाया। उत्पाद विभाग की छापामारी अभियान की खबर पहले ही टंडवा में लीक हो चुकी थी, जिस पर उत्पाद विभाग के ऊपर भी सवाल उठने लगे हैं। कार्रवाई से पहले टंडवा के हरदियाबांद समीप सरकारी शराब दुकान बंद होने के बावजूद भी ब्लैक में विदेशी शराब की बोतल ऊंचे दामों में बेची जाती है। दुकानों की लाइसेंस नहीं होने के बावजूद भी ऊंचे दामों में बीयरबार की तरह बिठाकर शराब परोसा जाता है। बगल वाली संचालित दुकानों में अवैध रूप से और ऊंचे दामों में शराब बेचे जाने की भनक आखिर इन कारोबारियों को कैसे सूचना प्राप्त हुई, इस विषय पर उत्पाद विभाग की टीमों ने कुछ भी बताने से परहेज किया। टंडवा के सरकारी शराब दुकान के बगल में ऊंचे दामों में बेचे जाने वाले दुकानों में ताला लगाकर भागने में सफल दिखे।

## अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातों रात शव को करा दिया दाह संस्कार, वन विभाग ने कराया मामला दर्ज**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार देर रात लोकई स्थित ब्लू स्टोन माइंस में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद सुबह युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर वन्यप्राणी प्रक्षेत्र कोडरमा प्रभारी वनपाल मो. उरामान अंसारी पिता मो.यासीन अंसारी ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर बताया है कि 24 मई 2024 को लगभग 8:00 बजे सूचना मिला की कोडरमा पुराना आरक्षित वन अंतर्गत लोकाई, इन्दरवा ब्लू स्टोन माइंस में कुछ व्यक्तियों द्वारा ब्लू स्टोन का अवैध रूप से उत्खनन् के क्रम में चाल धंसने से एक व्यक्ति कि मौत हो गई। जिसके बाद लगभग 08:30 बजे पूर्वाहन में मैं अपने सहयोगी सहकर्मियों के साथ कोडरमा पुराना आरक्षित वन अंतर्गत लोकाई इन्दरवा ब्लू स्टोन माइंस के समीप पहुंचा तो देखा कि कृपा पुरनानगर माईस का चाल धंसा हुआ है, परन्तु वहीं कोई भी नहीं मिला। आस-पास के ग्रामिणों से पूछ-ताछ पर पता चला कि 24 मई 2024 समय करीब 2:00 बजे पूर्वाहन में कृपा पुरनानगर ब्लू स्टोन गाईस में अवैध खनन के क्रम में चाल धसने से मनीष पासवान पिता पप्पु पासवान, साकिन बलोरोटांड़ जिला कोडरमा गिरने के कारण उनकी मौत हो गयी। ग्रामिणों द्वारा यह भी बताया गया कि उक्त अवैध खनन मनीकांत यादव पिता स्व. बिसुन महतो साकिन बसधरवा थाना जिला कोडरमा, मनोज मोदी पिता विजय मोदी, पंकज चक्रवर्ती पिता-नामालूम, कृष्णा साव पिता स्व. कारू साव, मनोज साव पिता श्याम साव चारों का साकिन लोकाई थाना जिला कोडरमा, सुरेश राणा पिता दर्शन राणा साकिन इन्दरवा के द्वारा अवैध रूप से ब्लू स्टोन का खनन् कराया जाता है एवं इनके द्वारा ही खनन् स्थल से मृत शव को रातो-रात दाह संस्कार कराया गया। वहीं इस मामले में कोडरमा कांड संख्या 108/24 के तहत मामला दर्ज कर ली गई है।

# समझौते से विवाद के समाधान से बढ़ता है आमजनों का भरोसा: अरविंद कुमार पांडेय




संबोधित करते जज व उपस्थित अधिवक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय ने रेफरल जजेज एवं मेडियेटर को लेकर हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्तों को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते से हुए विवाद समाधान से व्यवस्था पर आमजनों का विश्वास बढ़ता है । जो वकील यह सोचते हैं कि समझौते से समाधान के पश्चात उनके केस खत्म हो जाता है, उन्हें यह जानना चाहिए कि समझौते के पश्चात त्वरित न्याय मिलने के कारण आमजनो का विश्वास बढ़ता है और वे ज्यादा केस लेकर कोर्ट पहुंचते हैं ।मध्यस्थता के मूल नियमों को व्याख्यापित करते हुए पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय ने यह कहा कि मध्यस्थ को धैर्य से काम लेना चाहिए। दोनों पार्टी को अलग-अलग एवं समन्वित रूप से सुनना चाहिए, तभी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में उपस्थित मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ताओं, एवं पीएलबी को संबोधित करते हुए यह कहा कि मोटर वाहन से बढ़ते दुर्घटना को लेकर सचेत होने की आवश्यकता है। दुर्घटना किसी के बुलावे से नहीं आती लेकिन दुर्घटना के पश्चात हुए नुकसान की भरपाई के लिए मोटर क्लेम अधिनियम में काफी उपबंध दिए गए हैं । जैसे कि 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात उनके आश्रित को 5,00000 की निश्चित राशि मिलती है।

हिट एंड रन के केस में मृत्यु के स्थिति में 2,00000 एवं गंभीर अवस्था में घायल होने की स्थिति में 50,000 का भुगतान किया जाता है। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यदि वे कानून को बेहतर तरीके से जानेंगे तभी आम जनों को इसका लाभ वे दिला पाएंगे। न्यायालयों में लंबित मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस कई सालों तक चलते रहते हैं जिसका कोई मतलब नहीं होता। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णय सरला वर्मा एवं प्रणय सेठी को पढ़ने मात्र से आमजनों को भी मुआवजा गणना करना आ जायेगा। इससे पूर्व प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने मोटर एक्सीडेंट के मामले में मृतक के आश्रित को दिए जाने वाले मुआवजा की गणना कैसे की जाती है उसे विस्तृत रूप से बताया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यह बतलाया कि सड़क दुर्घटना जिसमें मृतक या घायल को गाड़ी वाला मार के भाग जाता है उसमें मुआवजा के प्रावधान किए गए हैं। मुआवजा को पाने के लिए एसडीएम के यहां आवेदन देना होता है। जिसका प्रारूप डालसा द्वारा जरूरतमंद को निःशुल्क रूप से प्रदान कराया जाता है। नशा उन्मूलन को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय के हाल ही में जनहित याचिका में पारित आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु ज्यादा से ज्यादा जन जागरूकता फैलाने, दिन-रात नशा में रहने वालों की पहचान कर उनके इलाज एवं पुनर्स्थापन करने हेतु मध्यस्थ, एलएडीसीएस, पीएलबी एवं पैनल अधिवक्ताओं का आह्वान किया। डालसा द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों का विवरण उन्होंने पीडीजे लोहरदगा का समक्ष रखा। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, द्वितीय जिला जज नीरजा असरी, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, सीजीएम कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल कोर्ट निबंधक अमित कुमार गुप्ता के अतिरिक्त एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पीएलबी, एवं मध्यस्थ उपस्थित थे। एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

## पारदर्शिता के साथ मतगणना कराने की अपील की



डीसी से वार्ता करते कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सुखदेव भगत ने शांति पूर्ण मतदान के लिए उपायुक्त का अभार जताया। साथ ही श्री भगत ने मतगणना का कार्य पूरे पारदर्शिता के साथ कराने की उपायुक्त से अपील की। उन्होंने बातचीत के क्रम में पोस्ट बैलेट से हुए मतदान की भी जानकारी ली। जिसमें उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12 हजार मतदान पोस्टल बैलेट से हुई है। वहीं श्री भगत ने काउंटिंग प्रक्रिया विधान सभा वार कराने की अपील की।

### शहरी क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या पर चेंबर के प्रतिनिधि मिले उपायुक्त से

## ज्ञापन सौंपकर जलापूर्ति की समस्या के समाधान की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर शहरी क्षेत्र में बाधित रहने वाले जलापूर्ति की समस्या के समाधान की मांग की। चेंबर सदस्यों ने कहा कि गुमला शहर में पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है।

गर्मी में जहां लोगों को पानी पर्याप्त मात्रा में मिलनी चाहिए। वहां कई कई दिनों तक गुमला में पानी की आपूर्ति बाधित हो जाती है। बाधित होने का मुख्य कारण पीएचईडी विभाग एवं नगर परिषद में आपसी समन्वय की कमी है। अगर किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित खराबी होती है तो पीएचईडी के अधिकारी से मिलने पर वह नगर परिषद के नाम पर पल्ला झाड़ लेते हैं। उनका बार-बार एक ही बात कहना है कि नगर परिषद जब व्यापारियों एवं आम नागरिकों से टैक्स लेती है। तो पानी देने की जिम्मेदारी भी उनका ही बनता है। पीएचईडी और नगर परिषद का आपसी तालमेल ठीक नहीं रहने के कारण गुमला में पानी के लिए आम जनता और व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



डीसी को ज्ञापन सौंपते चेंबर के सदस्य

### झारखण्ड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने पालकोट में मजदूरों के साथ बैठक की

## मजदूरों का हो रहा है शोषण: राजेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखण्ड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने पालकोट प्रखंड मुख्यालय में भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ बैठक की। जिसमें मजदूर एवं राजमीस्त्रियों ने बताया कि रेजा को 250 रुपया, कुली को 300 रुपया और राजमिस्त्री को 500 रूपया मजदूरी दर से ठेकेदार के द्वारा मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। मजदूरों ने कहा कि पालकोट में अस्पताल भी बना जहा उनको कम मजदूरी दिया गया और यहाँ भी हमलोगों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर नहीं मिल रहा है। बैठक में मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की मजदूरों का हराम का खून चूसना बंद किया जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा की गुमला जिला के श्रम पदाधिकारी का ध्यान बिलकुल भी मजदूरों के प्रति नहीं है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार और विभाग के कार्यपालक अभियंता के मिलीभगत से मजदूरों का शोषण जारी है। श्री सिंह ने कहा कि गुमला जिला में कई स्थानों पर प्रखंडों में सरकारी कार्य किया जा रहा है। जहां मजदूरों के प्रति कोई भी जनप्रतिनिधि सांसद या मुखिया आवाज उठाने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के समस्याओं को लेकर जिला के उपायुक्त एवं जनप्रतिनिधि या सांसद और मुखिया को लिखित आवेदन दिया जायेगा।

श्री सिंह ने गुमला जिला के प्राइवेट दुकानों में काम कर रहे मजदूरों को भी कम मजदूरी दिये जाने की बात कही। मजदूरों को भारत सरकार के द्वारा अपना अपना ई श्रम कार्ड बनवा लें ताकि भविष्य में सरकार द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजना का लाभ मिल सके। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घट जाने पर सरकारी मुआवजा जैसे लाभ मिल सके। अंत में गुमला जिला मजदूर भाइयों से भीषण गर्मी को देखते हुए मजदूर नेता ने कहा की सुबह 7 बजे मजदूर अपना काम में चले जाएँ ताकि लू से बचें।



बैठक में मजदूरों को संबोधित करते राजेश सिंह

## जंगली हाथी ने किसान के फसलों को पहुंचाया नुकसान

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन कहीं न कहीं किसानों के घर एवं फसलों को हाथी बर्बाद कर रहे हैं। ताजा मामला चैनपुर के कातिंग अंबाटोली गांव का है। जहां देर रात दो जंगली हाथियों ने गांव के किसान अनिल लकड़ा के एक एकड़ में लगे कोहड़ा, खीरा, कद्दू एवं करेले की फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान अनिल लकड़ा ने बताया कि शुक्रवार की रात जंगली हाथियों ने खेत में लगे सब्जियों को बर्बाद कर दिया। रात में जब पता चला तो गांव वालों की मदद से किसी प्रकार हाथियों को खदेड़ा गया। लेकिन तब तक हाथियों के द्वारा पूरे खेत को तहस नहस कर दिया था।

## निर्माण के एक साल बाद भी सामुदायिक शौचालय में लटका हुआ है ताला

### अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों के बेरुखी का खामियाजा भुगत रहे है आम लोग

**संदीप कुमार गुप्ता**

**भंडरा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर से लेकर गांव तक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, ताकि लोग खुले में शौच के लिए न जाएं और बाहर से आने वाले राहगीरों को किसी भी तरह का परेशानियों का सामना करना नहीं पड़े, पर लाखों रुपये खर्च कर के बनाए गए इन अधिकांश शौचालयों में ताला लटका हुआ हैं। क्योंकि शुभारंभ के बाद इनके संचालन के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है। भंडरा प्रखंड में वितीय वर्ष 2021-22 में पीएचईडी विभाग द्वारा भंडरा प्रखंड कार्यालय, भंडरा बाजार टांड़, चट्टी व कचमची बाजार टांड़ में मनरेगा कन्वर्जन के तहत 2.98 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, परंतु इनमें से अधिकांश सामुदायिक शौचालय अपने निर्माण काल के बाद से ही पानी के अभाव में ताला लटका हुआ है। इससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ सप्ताहिक बाजार में पहुंचने वाले ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे भंडरा ऑटो स्टैंड, आकाशी रेलवे स्टेशन, भंडरा बाजार टांड़, कचमची बाजार टांड़, चट्टी बाजार टांड़ में बने सार्वजनिक शौचालय बेकार साबित हो रहे है। भंडरा के मंगरा महली, श्रवण लोहरा, छोटका महली, अजित उरांव कहते है भंडरा बाजार टांड़ में सार्वजानिक शौचालय के बने एक साल बीत गए है। इसके बाद आजतक शौचालय का ताला नहीं खुला है। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार भले ही खुले शौच से मुक्ति को लेकर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है, परंतु शौचालय में पानी का कोई भी प्रबंध नहीं है। ऐसे में लोग शौचालय का प्रयोग कैसे कर सकते है। इसी तरह भंडरा ऑटो स्टैंड, आकाशी रेलवे स्टेशन में बने सार्वजनिक शौचालय की भी यही कहानी है। बता दें कि भंडरा प्रखंड में मनरेगा, पीएचईडी, 15 वीं वित्त आयोग के कन्वर्जन के तहत दो लाख 98 हजार की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसमें पीएचईडी विभाग से 1.92 लाख, मनरेगा से 26 हजार तथा 15 वीं वित्त आयोग से 80 हजार रुपये है। इस मामले में जिला परिषद सदस्य राजमणी उरांव ने कहा कि भंडरा में शौचालय की उपयोगिता सुनिश्चित कराने को लेकर जिला के बैठक में बात रखेंगे। इस तरह योजना बनने के बाद भी उपयोगिता सुनिश्चित कराने को लेकर प्रशासन को पहल करनी चाहिए। पानी की व्यवस्था कर सार्वजनिक शौचालय से बंद ताला को खोलवाया जाएगा।




सामुदायिक शौचालय में लटका ताला

## स्पीड न्यूज

### आईपीएल फाइनल मैच का एलईडी स्क्रीन में होगा प्रसारण

**लोहरदगा।** आज रविवार को आईपीएल 2024 का फाइनल मैच जो कि हैदराबाद बनाम कोलकाता के बीच खेला जाएगा, उसका बड़े एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखण्ड प्रदेश के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु के सौजन्य से मिशन चौक रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधानपार्षद प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा किया जाएगा।

### पूर्ण छात्रवृति के साथ 14 बच्चों का चयन

**गुमला।** अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन की आधारभूत इकाई अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरू और भोपाल में पूर्ण छात्रवृति के साथ 6 माह के ब्रिज कोर्स हेतु जिले के 14 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने छात्र-छात्राओं के चयन पर प्रसन्नता जताते हुए बच्चों को आगे कि पढ़ाई के लिए तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### टमाटर का फसल हुआ बर्बाद, किसान डूबे कर्ज में

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के जलका गांव में किसानों के द्वारा लगाया गया टमाटर की फसल ओलावृष्टि व बारिश से बर्बाद हो गया। किसानों ने लाखों रूपये कर्ज लेकर दिन रात मेहनत करते हुए टमाटकर की खेती की थी और जब` लाभ कमाने की बारी आयी तो प्राकृतिक के मार ने उन्हें बर्बाद कर दिया। मिशन बदलाव के ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साहू ने जब घाघरा प्रखंड के जलका गांव का दौरा किया तो बेबस किसानों ने अपनी बात उनके समक्ष रखी।

### पोस्टल बैलेट की जानकारी व गणना हेतु बैठक आयोजित

**गुमला।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में मतगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी देने हेतु बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें अनुमण्डल पदाधिकारी तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं मास्टर प्रशिक्षकों को पोस्टल बैलेट में किस प्रकार मतगणना किया जाना है।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के लारंगों बाजार के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। घायलों में घाघरा बाराडीह निवासी जीतेन उरांव, हालमाटी निवासी सोमा उरांव, गड़गाव चंदवा सेन्हा निवासी बिंदेश उरांव के नाम शामिल है।

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक हुए घायल

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के खरता निवासी प्राथमिक विद्यालय खरता के शिक्षक सुंदेश्वर उरांव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। हालांकि बहुत गंभीर चोट नही होने के कारण देर शाम घर पहुँच गए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## खबर एक नजर में

### आर्यवीर वैदिक संस्कृति को आत्मसात करें: डॉ. कुंजदेव मनीषी

**लोहरदगा।** बौद्धिक कक्षा में शिविरार्थियों को महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना उड़ीसा के उपाचार्य डॉ. कुंजदेव मनीषीजी ने कहा कि आर्य का तात्पर्य श्रेष्ठ है, जो सदाचार, संयम का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। वही आर्यवीर है मैंने कहा कि हमें बाल हकीकत राय जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने शिविर में प्रतिदिन दिए जा रहे प्रशिक्षण को अपने जीवन में आत्मसात करें। प्रांतीय आर्य वीर दल व शांति आश्रम का संयुक्त तत्वाधान में युवा चरित्र निर्माण शिविर का समापन 27 मई 2024 को संध्या 4 बजे से होगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव होंगे।

### मनरेगा सिंचाई कूप के लाभुक ने मनरेगा लोकपाल से की शिकायत

**लोहरदगा।** किसको प्रखंड के हिसरी पंचायत के रोकशाना खातून ने मनरेगा योजना से निर्मित होने वाले कूप निर्माण में हो रहे धांधली और अनिमियता की शिकायत लोकपाल इन्दु तिवारी से की है। रोकशाना खातून ने अपने आवेदन में कहा की उनको मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण करना है और कूप निर्माण के पटाई का काम भी शुरू है परंतु पंचायत सचिव विनोद दुबे और रोजगार सेवक प्रीति कुमारी के द्वारा गांव के कुछ बिचौलिए से मिलकर कूप निर्माण में धांधली और अनिमियता बरती जा रही है और कूप निर्माण से संबंधित सामग्री मुहैया नही कराया जा रहा है। इस आवेदन से संबधित लोकपाल इन्दु तिवारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया की मनरेगा लाभुक के शिकायत पर जांच जारी है, जांच पूरी होने पर दोषियों पर उचित करवाई की जायेगी।

### मांगा गया जीएसटी एवं रोयल्टी टैक्स का ब्योरा

**भंडरा।** मनरेगा योजनाओं में सामग्री आपूर्ति करने वाले भेडरों से भंडरा प्रखंड के बीडीओ प्रतिमा कुमारी के द्वारा जीएसटी एवं रोयल्टी जमा करने से संबंधित प्रमाण की मांग की गई है। भंडरा प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं में भेंडरों के द्वारा करोड़ों का भुगतान फर्जी विपत्र जमा कर सामग्रियों की आपूर्ति का पैसा भुगतान लिया गया है।।

### मजदूर ने की आत्महत्या, पुलिस जुटी जांच में

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत करचा टोली में एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर असपताल भेज दिया है। मृतक की पहचान करचा टोली निवासी 38 वर्षीय पुणे उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक पुणे उरांव झारखंड से बाहर मजदूरी का काम किया करता था। पिछले सप्ताह अपने घर लौटा था। जिसके बाद एक दिन अपने घर पर रहकर कही चला गया था। परिजनों के अनुसार पुणे उरांव किसी बात को लेकर परेशान था और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिजन जब शनिवार की सुबह पुणे के कमरे का दरवाजा खुला देख अंदर गए तो पुणे को फांसी के फंदे से झूलता पाया गया। जिसके बाद सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मामले की जांच व अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन

**गुमला।** विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय गुमला में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 12 मामलों का निष्पादन हुआ। जिसमें कुल एक लाख पचासी हजार रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। मौके पर अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि मासिक लोक अदालत के द्वारा न्यायालय में सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग तथा नापतोल विभाग के मामले का निष्पादन किया गया। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय तथा पैसे की भी बचत होती है और साथ ही साथ आपसी संबंध भी मधुर बना रहता है।

### जमीन पर गड्ढा खोदने से मना करने पर महिला के साथ हुई मारपीट

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोंटगसेरा गांव निवासी विधवा महिला सीता देवी ने गुमला थाना में मारपीट करने व जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की है। सीता देवी ने कहा है कि करंट रोड में उनकी जमीन पर गांव के ही लौहरा साहु उसकी पुत्री सरिता देवी व विकास साहु उसकी जमीन पर गड्ढा खोद रहे हैं। सूचना मिलते ही वहां पहुंचकर गड्ढा खोदने से मना करने पर लौहरा साहु अचानक कुदाल से हमला कर दिया। जिसे हाथों से मैंने रोक लिया लेकिन मुझे चोट लगी और मैं गिर गयी। जमीन पर गिरते ही विकास साहु व सरिता देवी मुक्का से मुझे मारने लगे। इसी दौरान फिर से लौहरा साहु कुदाल से मुझपर हमला कर रहा था। जिसे उकी बेटी सरित ने रोक लिया। सीता देवी ने कहा कि पूर्व में भी लौहरा साहु उसके पुत्रों और उसके साथ मारपीट की थी। उसने थाना प्रभारी से तीनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### दो दिवसीय समर कैंप का समापन

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा संकुल में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। यह कार्यक्रम पूर्णत शैक्षिक था। जिसमें खेल-खेल के माध्यम से शिक्षा, गीत, कविता, कहानी, नाटक एवं गणित की गतिविधियों तथा छोटे बच्चों के द्वारा मिट्टी के खिलौने का प्रदर्शन कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग ढाई सौ बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने ही रोचक गतिविधियां जैसे कहानियों का नाटक मंचन शिक्षक की मदद से तैयार कर प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों में पढ़ने लिखने की संस्कृति विकसित करने पर संकुल के शिक्षकों ने विचार विमर्श किया।

### झामुमो जिला समिति ने जफर इकबाल और सुखदेव उरांव से मांगा स्पष्टीकरण

**लोहरदगा।** झामुमो जिला समिति ने लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल लोगो को चिन्हित कर उन्हें पत्र भेज कर एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। झामुमो जिला समिति सचिव अनिल उरांव ने पार्टी के जफर इकबाल और सुखदेव उरांव को पत्र भेजकर चुनाव में पार्टी के निदेशों का पालन नहीं करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा के लिए कार्य करने की बात कही है। अनिल उरांव ने पत्र में कहा है की झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मील अहमद के निदेशानुसार आप दोनो को कारण बताओ नोटिश जारी किया जाता है की किन परिस्थितियों में आपके द्वारा गठबंधन धर्म के विरूद्ध एक निर्दलिय प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया गया तथा पार्टी कार्यकत्ताओं को दिग्भ्रमित किया गया।

### रामलीला महोत्सव में उमड़ रही राम भक्तों की भीड़

**सेन्हा।** श्री दुर्गा मंदिर परिसर में 23 मई से आयोजित रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को कलाकारों द्वारा सीता स्वयम्बर एवम रावण वाणासुर संवाद का जीवंत प्रस्तुती की गई।इससे पूर्व श्री रामायण प्रचारक मण्डल काशी विंध्याचल गड़बड़ा धाम मिजार्पुर उत्तर प्रदेश से आये कलाकारों द्वारा प्रथम दिवस दसरथ पुत्र यष्ठी यज्ञ, रामजन्म द्वितीय दिवस मुनि आगमन, तड़का,मारीच सुबाहू वध की प्रस्तुति कर लोगों की खूब तालियां बटोरी। 29 मई तक चलने वाले इस महोत्सव की जानकारी जैसे जैसे आसपास के गांवों में फैल रही है दर्शको की भारी भीड़ उमड़ रही है।लोग आधुनिकता के इस युग मे भी रामलीला जैसे आयोजनों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

# चमातू ग्राम में पेयजल समस्या से जूझ रहे है ग्रामीण, सीसीएल नहीं दे रहा है ध्यान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** एशिया महादेश के सबसे बड़ा कोलियरी मगध क्षेत्र के चमातू ग्राम के ग्रामीण इन दिनों पीने का पानी के लिए जूझ रहा है। सीसीएल एवं सरकार को करोड़ो रुपया मुनाफा देने वाला गाँव आज बून्द बून्द पानी को तरस रहा है। इस गांव के कोयला से पूरे देश की बिजली जलती है। लेकिन इस गांव को पानी की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 20 से अधिक कुआं है जो सीसीएल द्वारा किये गए कोयला खनन में की गई अधिक गहराई के कारण पानी का स्तर नीचे चला गया जिससे सभी कुआं सूख चुका है। पूरे गांव में सीसीएल तीन जगह डीप बोरिंग किया था। जिसमें दो जगह फेल हो चुका है। वही एक डीप बोरिंग इमली पेड़ के पास जो चालू स्थिति में है।


जानकारी देते ग्रामीण

जिससे लगभग 300 घरों के 1000 आबादी में एक जल मीनार से नहाने एवं पानी पीते हैं। गांव के दो-तीन संपन्न लोग अपने-अपने घरों में भी डीप बोरिंग करा चुके हैं जो अगल-बगल के लोगों को सिर्फ पीने का पानी अपने मनमुताबिक देते हैं। जबकि मगध कोलियरी के मुनाफा से बनाया गया डीएमएफटी फंड का पैसा से पूरे लातेहार जिला में कई जगह सड़क, जल मीनार समेत कई कार्य किया जा रहा हैं। लेकिन जिस गांव से कोयला निकाला जा रहा है। उस गांव में सीसीएल सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। चमातू गांव के ग्रामीण पूनिया देवी, तारा देवी, गुलाबी देवी, पुतुल देवी, मीना देवी, धनो देवी, सरोदा देवी, जीरादेवी समेत कई ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग कई बार सीसीएल प्रबंधन को पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन सीसीएल के सीएसआर फंड के सिविल इंजीनियर सुनील मनोहर भास्कर सिर्फ खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हाल फिलहाल में एक डीप बोरिंग किया था वह भी फेल हो चुका है। ग्रामीणों के अनुसार इस गांव में कम से कम 10 से 15 डीप बोरिंग करने से जल समस्या का समाधान हो सकता है। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन एवं लातेहार उपायुक्त से चमातू गांव को जल समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। वही इस सबंध में मगध कोल परियोजना के जीएम नीपेंद्रनाथ से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत नहीं मिली है। मिलने पर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## नि:शुल्क तीन दिवसीय योग शिविर एक से


होटल द कार्निवाल्स

**लातेहार।** शहर के जुबली रोड के होटल द कार्निवाल्स में आगामी एक से तीन जून तक निःशुल्क तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया जायेगा। शिविर प्रातः छह से आठ बजे तक आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में आचार्यकुलम व स्वामी रामदेव के शिष्यों के द्वारा योग व प्रणायाम की जानकारी दी जायेगी। शिविर में भाग लेने के लिए या अन्य किसी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9927127555/ 8210989177 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मामूली विवाद में युवक के साथ मारपीट, युवक घायल

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया मोड़ के समीप शुक्रवार की रात्रि बाइक साइड लेने को लेकर हुई मामूली विवाद में दो बाइक सवार युवकों के गुट के बीच विवाद व मारपीट हो गयी। जिसमें एक बाइक पर सवार युवक फैजान अंसारी पिता असरफ अंसारी बोदा घायल हो गया। घटना के बाद बाइक पर साथ जा रहे युवको ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाँदवा पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना को लेकर घायल फैजान अंसारी ने थाना को मामले की सूचना दी है साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। घटना को लेकर बताया जाता है फैजान का तबीयत खराब था, वह चंदवा बाजार दवा खरीदना आया था, दवा खरीदने के बाद वह शुक्रवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान लुकुईया मोड़ के समीप बाइक साइड लेने को लेकर दूसरे बाइक पर सवार युवकों से कुछ कहा सुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष भिड़ गए।

## नावाडीह-हेहेगड़ा के बीच सिंहठोकवा नदी पर बनेगा पुल: अनिल सिंह

### पुल के निर्माण होने से आवागमन होगा सुलभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत वासियों को एक बार फिर से बड़ी सौगात दिलाई है। विधायक के लगातार प्रयास से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग सिंहठोकवा नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस वरिष्ठ नेता अनिल सिंह ने बताया कि पिछली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता ने इस नदी पर पुल निर्माण की लगातार मांग की, लेकिन पूर्व की भाजपा सरकार की उदासीनता के कारण कोई भी सकारात्मक पहल नहीं हो पाई।

राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद एक बार फिर उत्साह से भरे ग्रामीणों ने विधायक रामचंद्र सिंह से पुल निर्माण की मांग की जिसे विधायक ने अथक प्रयास कर स्वीकृति दिलाई।


अनिल सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता)

आजादी के बाद पहली बार सिंहठोकवा नदी पर पुल बनेगा, जिसका लाभ सीधे तौर पर ग्रामीणों को मिलेगा। सिंहठोकवा नदी पर पुल बनने से दो दर्जन से अधिक गांव के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। वर्तमान में स्थिति यह है कि हर साल बरसात में इन ग्रामों का संपर्क मुख्यालय से कट जाता है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्या होने पर या किसी भी प्रकार की आपातकालीन परिस्थिति में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उक्त पुल निर्माण होने के बाद जहां सीधे तौर पर आवागमन सुलभ हो सकेगा वहीं आपातकालीन परिस्थिति में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं पड़ेगा।

अनिल सिंह ने कहा कि विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में पूर्व के कई वर्षों से रुके हुए विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद उक्त पुल की निविदा होगी।

## प्रखंड कर्मियों के साथ बीडीओ ने की बैठक


बैठक करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 15 वीं वित्त योजना, मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि 394 लाभुकों को खाता में चला गया है। जिन्हे प्रथम किस्त का राशि प्राप्त हुआ है पीलिंत का कार्य पूर्ण करवाने का दिशा निर्देश दिया गया। 2016-17 से पीएम आवास योजना 202 लंबित है उसे भी सभी कर्मियों को अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। 14 अम्बेडकर आवास लंबित है। सभी लाभुकों से मिलकर 15 वीं वित्त, मनरेगा सहित अन्य लंबित योजनाओं को लाभुकों से मिलकर अधूरे योजना कार्य को पूर्ण कराने की बात कहा. मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, पीएम आवास कॉर्डिनेटर शशि कुजूर, पंकज पाण्डेय, रवि यादव सहित सभी पंचायत के पंचायत सेवक रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आवास मित्र उपस्थित थे।

### नक्सलियों ने दुरूप गांव में

## बीएसएनएल टॉवर निर्माण कार्य कराया बंद


बंद पड़ा निर्माण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम दुरूप में बीएसएनएल फोन टॉवर निर्माण कार्य चल रहा था। जिसे लेकर गुरुवार रात साढ़े दस बजे 10 से 12 की माओवादी संगठन के द्वारा टॉवर निर्माण कार्य में लगे मजदूर के डेरा दुरूप पंचायत भवन पहुंच कर कार्य बंद करने की बात कही। डरे सहमे मजदूर निर्माण कार्य नहीं कर रहे है। आम लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस की गतिविधि बढ़ने पिछले तीन माह करीब इस क्षेत्र में माओवादी संगठन का हलचल नहीं था। जैसे ही चुनाव संपन्न हुई। फिर से माओवादी संगठन सक्रिय हो गई। जिसे क्षेत्र में भय व्याप्त है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

## चोरी करने गये तीन युवकों में एक की झुलस कर मौत



झुलसा युवक व दुकान में लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के पकरी ग्राम में शुक्रवार की देर रात एक दुकान में चोरी करने गये तीन युवकों में एक युवक की आग से झुलस कर मौत हो गयी। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार बादल भुइयाँ 15 वर्ष पिता स्व. विनोद भुइयां ग्राम डीही मुरूप थाना लातेहार निवासी, अमित तुरी 12 वर्ष पिता मोहन तुरी,सागर तुरी 16 वर्ष पिता अशोक तुरी दोनो ग्राम पकरी थाना बालूमाथ निवासी तीनों दोस्त पकरी गाँव निवासी बालकेश्वर साव के खाद-बीज दुकान में चोरी करने गये थे। जहां मोमबत्ती जलाकर दुकान में रखा समान ढूँढ रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल के डब्बे से पैर टकरा गया और मोमबत्ती नीचे गिर गया। जिससे पेट्रोल में भीषण आग लग गया। जिसमें झुलस कर एक युवक अमित तुरी की मौके पर ही मौत हो गई। वही बादल भुइयाँ गंभीर रूप से झुलस गया एवं सागर तुरी पिछले दरवाजे से बच कर भाग निकला।

घटना शुक्रवार देर रात 11:00 बजे की बताई जाती है। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस घटनास्थल पहुँचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया, और गंभीर रूप से झुलसे युवक बादल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक इलाज डॉक्टर संजय सिदार्थ के द्वारा किया गया और उसकी गम्भीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु उसे राँची रिम्स रेफर किया गया। दुर्घटना में बादल भुइयां के शरीर का 70% हिस्सा जल गया है। जिसकी स्तिथि चिंताजनक बताई जा रही है। बता दे उपरोक्त तीनो युवक ईंट भट्ठा में काम करते थे। जिसमे बादल भुइयां अपने नानी के घर पकरी आया हुआ था। वहीं बचकर भागने वाले युवक सागर तुरी का अब तक कोई अता-पता नहीं चल पाया है। सागर के परिजन बिहार के पटना में ईंट भट्ठा में काम करते है। इधर बीज दुकान में आग लग जाने से उसमें रखा लाखों का समान जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक बल्केश्वर साव ने बताया की एक वर्ष पूर्व भी उनके दुकान में चोरी की घटना हुई थी। जिसमें लाखों का नुकसान हुआ था। उनका पूरा परिवार बालूमाथ में रहता है और दुकान बालूमाथ से पांच किलोमीटर दूर पकरी में है। वहीं संबंध में बालूमाथ थाना विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि दुकान संचालक द्वारा इस संबंध में घटना सम्बंधित आवेदन दिया गया है। वहीं फरार युवक सागर तुरी का अब तक पता नहीं चल पाया है।

## चलती वाहन में लगी आग, चालक और उपचालक सुरक्षित


वाहन में लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** गारू थाना क्षेत्र के मारोमार के समीप कोहबरवा नाला के पास चलती वाहन में अचानक लगी आग वहीं चालक और उपचालक ने कुद कर अपनी जान बचाई। चालक राजेश मंडल और उपचालक शमीम अख्तर ने बताया की वाहन संख्या (डब्लू बी 25 के 1773) से मेदिनीनगर से इलेक्ट्रॉनिक समान को लेकर महुआडांड़ बेचने जा रहे थे। इसी दौरान गारू के मारोमार के समीप वाहन के पीछे डला से अचानक धुआ निकलने लगी।

वही देखते ही देखते वाहन में आग लग गई जिससे वाहन के साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक समान भी जल कर खाक हो गया।

गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया की सूचना प्राप्त हुई है आग लगने की कारणों का जाँच की जा रही है।

### देवनद तट स्थित मुक्तिधाम में नही है कोई सुविधा, पिने के पानी के लिए लोग होते हैं परेशान

## लोगो ने प्रशासन से की मुक्तिधाम तक पहुंच पथ व शेड निर्माण की मांग


देवनद तट स्थित मुक्तिधाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** देवनाथ नदी तट पर स्थित मुक्तिधाम हिंदू आस्था जुड़ाव है। चंदवा शहर व आसपास के तमाम हिंदू जाति के लोग शव दाह करने यही पहुंचते हैं। जीवन के बाद अंतिम यात्रा भी काफी कष्टकारी हो जाती है। इसका मुख्य कारण यह है मुक्तिधाम तक पहुंचाने के लिए पहुंच पथ एवं यात्री शेड का नहीं होना है। देवनद के उत्तरी भाग से नीचे उतरने के लिए रास्ता बना है, नीचे जाकर पुल के नीचे से आगे जाने का कोई पथ नहीं है, ठंड एवं गर्मी के दिनों में तो काम किसी प्रकार चल जाता है लेकिन बारिश के दिनों में यह काफी कष्टकारी होता है। शव लेकर मुक्तिधाम तक पहुंचाना काफी कठिन होता है। मुक्तिधाम परिसर में यात्री शेड की कमी भी लोगों को सालती है, यहां पूर्व से दो यात्री सेट बना बना है, दोनों जर्जर स्थिति में है। एक यात्री शेड की मरम्मती कुछ दिन पूर्व 15वीं वित्त आयोग मद से की गई है, दूसरे शेड की स्थिति अब भी वैसे ही बनी है। एक बना हुआ उसका भी उपयोग सही से नही हो पा रहा है। क्योंकि शेड को काफी उच्च स्थान पर बना दिया गया है। जिससे इसका लाभ लोगों को नहीं मिलता है। स्थानीय लोगों ने प्रखंड प्रशासन से इस ओर संजीदगी से ध्यान देकर मुक्तिधाम तक पहुंच पथ एवं यात्री शेड की मरम्मती कर सीढ़ी बनवाने की मांग की है।

## गायत्री मंदिर ट्रस्ट और महाकाल मंदिर समिति के लोगो के बीच विवाद, मामला पहुंचा थाना

### लंबे समय से चल रहा है दोनों पक्षों के बीच विवाद, अपनी-अपनी मांगों को लेकर दोनो पक्ष अड़े

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा मुख्य शहर स्थित गायत्री मंदिर ट्रस्ट परिसर में बने महाकाल मंदिर एवं गायत्री ट्रस्ट के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को एक बार पुनः गायत्री ट्रस्ट के दर्जनों लोग चंदवा थाना पहुंचे व थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया। आवेदन में कहा गया है कि महाकाल मंदिर में पूजन करने वाले कुछ लोग मनमानी कर रहे हैं, उन्होंने ट्रस्ट के कार्यालय एवं परिवाचक के आवास पर ताला जड़ दिया है। इसकी सूचना के बाद चंदवा थाना के एएसआई सुरेश कुमार सिंह गायत्री मंदिर परिसर पहुंचे महाकाल मंदिर में पूजन करने वाले लोगों के साथ वार्ता की व ताला खुलवाया। पुलिस के समक्ष मंदिर संचालनकर्ता विकास मित्तल, दया निधि प्रसाद, नारायण प्रसाद व अन्य


मौके पर मौजूद लोग

लोगों ने बताया कि भगवान शिव के श्रृंगार के लिए एक बक्से में मंदिर परिसर में सामान रखा गया था, जिसे ट्रस्ट के लोगों ने वहां से हटा दिया। इस कारण कार्यालय व कमरे में ताला लगाया गया था, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ट्रस्ट के लोगों ने सिंगर सामग्री से भरा बक्सा उन्हें लौटा दिया। जिसके बाद पुलिस लौट गयी, लेकिन पुलिस के लौट के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। ट्रस्ट के लोगों का कहना है कि यहां अंतिम आरती करीब 6:00 बजे होती है, उसी समय मंदिर व महाकाल मंदिर की आरती पूरी कर ली जाती है। इस आरती के बाद किसी प्रकार की आरती नहीं होनी चाहिए। वहीं महाकाल मंदिर से जुड़े लोगों का कहना है कि पूरे भारत में किसी भी मंदिर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, लोगों को मंदिर में जब पूजा करने की जरूरत होगी लोग आएंगे व पूजन करेंगे। वहीं ट्रस्ट के लोगो का आरोप है कि मंदिर संचालन कर रहे लोग कुव्यवस्था फैला रहे हैं। बताते चले कि पूर्व में भी दोनो पक्षो के बीच विवाद हो चुका है। वर्ष 2022 में इसी मामले में दोनों पक्षों के लोगों पर 107 का मामला भी दर्ज किया गया था। मंदिर संचालनकताओं का कहना है कि पूरे दिन हम लोग यहां कुछ नहीं करते हैं शाम में आधा घंटा आरती के लिए हमें यह लोग समय नहीं देते हैं। वहीं ट्रस्ट के लोग कहते हैं की जो शांतिकुंज हरिद्वार ट्रस्ट की ओर से हमें पूजन विधि दी गई है, उसी के अनुसार यहां पूजा होगी। बहरहाल मामले में काफी दूर पकड़ लिया है। दोनों पक्ष अपनी बातों को लेकर अड़े हैं। खबर लिखे जाने तक मामला पूजन को लेकर ही फंसा था। बताते चले की गायत्री मंदिर ट्रस्ट एवं इसी परिसर में गायत्री धर्मशाला का निर्माण आम जनों की सुविधा के लिए कराया गया था, स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने इसके लिए भूमि दान की थी। इसी भूमि पर गायत्री मंदिर एवं गायत्री धर्मशाला का निर्माण हुआ था। वर्ष 1998 से गायत्री मंदिर का संचालन हो रहा है। गायत्री धर्मशाला जब संचालित होता था तो कम राशि में राहगीरों व आम लोगों को यह सुलभ उपलब्ध हो जाता था। इन दिनों इस धर्मशाला को गर्ल्स हॉस्टल का रूप दे दिया गया है। इससे स्थानीय लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# रमना वन क्षेत्र में चल रहा है अवैध तेंदुपता का कारोबार

## ग्रामीण मजदूरों का हो रहा है शोषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** उतरी वन प्रमंडल गढ़वा रेंज अंतर्गत रमना वन परिसर के वन क्षेत्र इन दिनों अवैध तेंदुपता (बीड़ी पता) कारोबारी के लिए पनाहगाह बना है। इस क्षेत्र में बेरोकटोक और बिना खलिहाना टेंडर के ही खुलेआम संचालित किया जा रहा है। इस क्षेत्र के वन रक्षी मौज उड़ा रहे है। सुरक्षित वनोंपज में तेंदुपत्ता (बीड़ी पता) का महत्वपूर्ण स्थान है। तेन्दुपत्ता एक प्राकृतिक रुप से उत्पन्न होने वाला पौधा है। इसके पत्तों से बीड़ी बनायी जाती है। माह मार्च-अप्रैल के महीने में तेन्दु पेड़ के नये पत्ते निकलते है जो बीड़ी बनाने योग्य होते है। इन पत्तों का संग्रहण कार्य मई के प्रथम सप्ताह से जून के प्रथम सप्ताह तक किया जाता है। तेंदुपता संग्रहण कार्य में मुख्य रुप से ग्रामीण क्षेत्र से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सद्स्यों द्वारा किया जाता है। जिनमें अधिकांश व्यक्ति अनुसूचित जाति जनजाति तथा आदिवासी परिवारों के है। इस कार्य में वर्षो से लगे उक्त वर्ग के लोग पुरे दिन मेहनत करने के बाद भी केवल 150 रु ही कमा पाते है,


बीड़ी पता

सरकार का प्रति व्यक्ति आय कागजो पर बढ़त बना रहा लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। रमना वन परिसर के गम्हरियाबिट अंतर्गत सिलिदाग पंचायत के छपरदगा ग्राम में तेंदुपता का खलिहान अवैध रूप से चल रहा है। इस बात की जानकारी इससे जुड़े ग्रामीणों के द्वारा बताया गया, तेंदुपता वन क्षेत्र के व्यवसायिक उपज है, जिसके कारोबार से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है लेकिन अवैध रूप से संचालित इस खलिहान से सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है और इसमें संलिप्त लोग मौज उड़ा रहे है। आखिर वन विभाग को इतनी गहरी कुम्भकर्ण का नींद कैसे लग गयी, की गत दस दिनों से तेंदुपता का खलिहान लगा हुआ है और इनको पता नहीं। तेंदुपता मजदूर बारपानी निवासी कपिलदेव खरवार ने बताया कि बीड़ी पता के 100 पोला लगाने पर 150रू मिलता है, इसके लिए हमलोग सपरिवार भोर से ही लगते हैं। जिसमें रात के आठ-नव बज जाता हैं और घर पहुंचते पहुंचते दस-ग्यारह बज जाता है। सूत्रों से पता करने पर उन्होंने बताया कि बीड़ी पता का मजदूरी सौ पोला का 214 रू है, जिसमे 200 रू तुरंत और 14रू प्रत्येक मजदूर खाता में जमा होता है लेकिन गम्हरिया बिट के छपरदगा में संचालित कथित अवैध बीड़ी पता खलिहान के मजदूरों को सौ पोला का मजदूरी 150 रू ही मिलता है और कोई भी खाता में पैसे जमा नहीं होता। यदि कोई मजदूर इस विषय में बोलता है तो उसे काम से ही हटा दिया जाता है जिससे कोई मजदूर इसके विरुद्ध अवाज नहीं उठाता। इस संबंध में वनरक्षी प्रवीण कुमार शुक्ल ने बताया कि इस वनक्षेत्र का टेंडर हुआ है, टेंडर के विषय में पूछने पर बताया कि हम कोई जानकारी नहीं दें सकते निगम से इसका विशेष जानकारी लीजिए। ठेकेदार ने बताया कि निगम द्वारा टेंडर हुआ है इस बारे में निगम से जानकारी लीजिये।

## पश्चिम चंपारण ज़िला के गौनाह और मैनाटाड़ ब्लॉक में मतदान बहिस्कार, एक भी वोट नहीं पड़े

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला के गौनाह और मैनाटाड़ ब्लॉक की जनता ने मतदान का बहिस्कार किया। शनिवार को इन दोनों ब्लॉक में एक भी वोट नहीं पड़े।दोनों ब्लॉक बालमिकीनगर लोकसभा क्षेत्र में स्थित है। जिला के मैनाताड़ ब्लॉक के बूथ संख्या 74 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बौद बरवा के मतदाताओं ने सड़क नहीं बनने से आक्रोशित होकर लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया। वोटरों के मतदान नहीं करने की सूचना पर पहुंचे भूमि सुधार उप समाहर्ता चंद्रशेखर कुमारन, उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह,बीडीओ पंकज कुमार ,इंस्पेक्टर सरफराज अहमद, थानाध्यक्ष मंटू कुमार ,जोनल मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों के मान मनौव्वल पर भी वोटर नहीं माने और पूर्णता मतदान का बहिष्कार कर दिया। हालांकि मतदान कर्मी दिनभर वोटरों का इंतजार करते रह गये। पीठासीन पदाधिकारी ने बताया कि 974 मतदाताओं में से एक भी मतदाता वोट देने नहीं आया ।आक्रोशित ग्रामीण महानंद यादव ,हसनैन मियां, बाबूलाल प्रसाद,अमरेश कुमार, रवि रंजन, कृष्णा कुमार ,प्रदीप कुमार ,राजन प्रसाद जगदीश प्रसाद यादव,संजय प्रसाद, संजय कुमार, विनोद प्रसाद आदि ने बताया कि 1995 के बाद बौद बरवा गांव से बस्ठा की तरफ जाने वाली लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से एकदम जर्जर हो गई है ।कई बार हम लोग सांसद, विधायक और प्रशासन से अपनी आवाज उठायें, लेकिन सड़क बनाने के नाम पर किसी ने अपनी जहमत नहीं उठायी। सड़क जर्जर होने के कारण बौद बरवा के लोगों को काफी परेशानी होती है। खास कर अगर किसी की तबीयत खराब हो जाये और मैनाटाड़ तुरंत पहुंचना हो तो यह टेढ़ी खीर है ।आये दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं लेकिन जनप्रतिनिधि सड़क बनाने के पर तनिक भी ध्यान नहीं देते हैं। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि बौद बरवा से बस्ठा तक दो किलोमीटर में सड़क बनना है। ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता के द्वारा सड़क बनने की दिशा में कारवाई भी हो रही है। टेंडर प्रक्रिया जारी है। बौद बरवा गांव से मात्र एक 85 प्लस के मतदाता ने मतदान पूर्व में किया है।बाकी 973 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किये है। दूसरी तरफ बाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र स्थित गौनाहा ब्लॉक के मेहनौल पंचायत अंतर्गत संथॉल गांव के वार्ड न.14 के मतदाताओं ने मतदान केंद्र संख्या 286 पर मतदान का पूर्णतः बहिष्कार किया। संथॉल गांव के बाल्मीकि महतो, रामसुभार महतो, नीतीश कुमार, हेवान्ति देवी, भागीरथी देवी, रुपवान्ति देवी, धर्मराज महतो, रामराज महतो आदि ने जनप्रतिनिधियों व सरकारी पदाधिकारियों को निशाना बनाते हुए कहा कि इनकी उदासीनता के कारण गांव मे ना तो पक्की सड़क है।

स्पीड न्यूज

### एक एकड़ खेत में गरमा बादाम की खेती

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव निवासी जयशंकर प्रसाद गुप्ता व प्रमोद गुप्ता ने अपनी एक एकड़ खेत में गरमा बादाम बोया है। उन्होंने अपने ही गांव के प्रमोद गुप्ता के मार्गदर्शन पर चलकर बादाम बोया। बादाम का बीज छत्तीसगढ़ से लाया गया था। उक्त दोनों किसानों ने कहा कि हमलोग अन्य किसानों को भी जागरूक करने का काम कर रहे हैं। बताया कि बिजली की समस्या तो अत्यंत थी, किन्तु 10 दिनों से बिजली में सुधार हुई है। जिससे खेत की सिंचाई हो पा रही है। वहीं नीलगायों की आतंक से पूरा प्रखण्ड क्षेत्र ही आतंकित है। उक्त किसानों ने कहा कि नीलगायों से फसल को बचाने के लिए रात दिन एक करना पड़ रहा है। कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

### दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**अररिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने दुष्कर्म के बाद चाकू से गोदकर पीड़िता की हत्या मामले में आरोपी मो फकरुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एडीजे प्रथम कोर्ट ने सत्र वाद संख्या -230/2021 में यह फैसला सुनाया ।जिसमे दुष्कर्म के बाद पीड़िता की चाकू से गोद - गोद कर हत्या कर दी गई थी ।मामले में दोषी मो .फकरुद्दीन को भादवि की धारा 302, 376 (2) के अंतर्गत सजा सुनाई ।न्यायालय ने धारा 302 में आजीवन कारावास और 376 (2) के अंतर्गत जेल में ही अंतिम सांस तक रहने का आदेश अपने न्यायिक निर्णय में दिया ।सजा पाए जाने वाले दोषी 40 वर्षीय मो. फकरुद्दीन पिता - स्वर्गीय जुम्मन,ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के सोगनी गांव का रहने वाला है। प्राथिमिकी मृतका के द्वारा ही दर्ज कराई गई थी । जिसमें उन्होंने घटना के बारे में बताया था कि 06 मई 2019 को दोषी ने अपना पहचान पत्र और उसके पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र लाने को कहा था औ? जब मृतका गोलघर पहुंची तो दोषी उसे अपने टेम्पू से अररिया जीरो माइल ले जाने लगा । जब मृतका पूछी कहाँ ले जा रहे हैं तो दोषी बोलने लगा दिल्ली ले जाएंगे। जब पीड़िता ने मना किया तो मटियारी चौक पर उसे जबरन उतारकर मुंह में कपड़ा ठूसकर मकई के खेत में चाकू को नोंक पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया ।जिसके बाद चाकू से बार बार वार की गई।

### पति पत्नी के विवाद में महिला की हत्या

भागलपुर। जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के सकरुद्दीनचक में शनिवार को पुलिस ने लहूलुहान स्थिति में एक महिला का शव बरामद किया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पति पत्नी के बीच विवाद को लेकर ससुराल वालों ने महिला की हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस एवं सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतका के परिजन के मुताबिक मृतका को 60 हजार रुपये रखने के लिए दिए थे। वह चोरी हो गई थी। मृतका ने चोरी का आरोप अपने पति मोहम्मद इरशाद पर लगाया था। जबकि मोहम्मद इरशाद का कहना था की हम पैसे नहीं लिए है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

# बिहार की आठ सीटों पर 55 % मतदान

एजेंसी

**पटना।** बिहार में शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ सीटों पर हुए मतदान में कुल 55.45 प्रतिशत वोट पड़े। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर 58.47 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस प्रकार पिछली बार की तुलना में इस बार करीब तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ है। बिहार के सीईओ एचआर श्रीनिवास ने मतदान के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि छठे चरण में वाल्मिकी नगर में 58.25, प्रतिशत, पश्चिम चंपारण में 59.75 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 57.30 प्रतिशत, शिवहर में 56.30 प्रतिशत, वैशाली में 58.50 प्रतिशत, गोपालगंज में 50.70 प्रतिशत, सीवान में 52.50 प्रतिशत






और महराजगंज में 51.27 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह, सांसद संजय जायसवाल, जर्नादन सिंह सीग्रीवाल, वीणा देवी, पूर्व सांसद लवली आनंद, हेना शहाब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहार चौधरी, रितू जायसवाल, विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला सहित 86 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। उल्लेखनीय है कि वाल्मीकिनगर में 10, पश्चिम चंपारण में 8, पूर्वी चंपारण में 12, शिवहर में 12, वैशाली में 15, गोपालगंज (सु) में 11, सीवान में 13 और महाराजगंज में पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सीवान में त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य सात सीटों पर एनडीए एवं इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है।

# विस चुनाव से पहले 10 लाख नौकरी देने का वादा पूरा करेंगे : नीतीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षकों की बहाली हमने की पर कुछ लोग इसका श्रेय लेने में लगे हैं। अब तक आठ लाख युवाओं को नौकरी दे दी गई है। अगले साल से पहले ही हम लोग 10 लाख नौकरी देने का वायदा पूरा कर देंगे। इसकी तैयारी कर ली गई है। शनिवार को भोजपुर के जगदीशपुर नगर के खेल मैदान और गड़हनी के रामदहिन मिश्र स्टेडियम में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जातीय गणना कराई। गणना में यह पता चला कि



90 फीसदी परिवार गरीबी की मार झेल रहे हैं। ऐसे 94 लाख गरीब परिवारों को सशक्त करने के लिए दो-दो लाख रुपये दिये जा रहे हैं। हमने आरक्षण का दायरा भी 75 फीसदी तक बढ़ा दिया है। बिहार में माहौल बदल चुका है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। सभी का विकास हो रहा है। मैं पूरे बिहार के बेटे-बेटियों को अपना परिवार समझ कर काम कर रहा हूं। विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग सिर्फ अपने बेटा-बेटी में ही लगे रहते हैं। बिना नाम लिये तेजस्वी यादव पर निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग अनाप-शनाप प्रचार कर रहे हैं। जिसे मैंने बनाया था, जब उसके द्वारा ही गड़बड़ किया जाने लगा, तो हट गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की राजद सरकार में शाम में कोई बाहर नहीं जाता था। भाजपा और जदयू ने मिलकर हर गांव-घर में विकास का कार्य किया है। घर-घर बिजली पहुंचाई। नल का जल पहुंचाया।

## लालू ने मुसलमानों को लूटा : ओवैसी

**काराकाट ।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें एवं आखिरी चरण में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी बिहार में पूरी ताकत झोंक दी। ओवैसी ने शनिवार को काराकाट लोकसभा सीट से पार्टी की प्रत्याशी प्रियंका चौधरी के समर्थन में रोहतास जिले के नासरीगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर मुसलमानों को लूटने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बीजेपी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को भी घेरा। ओवैसी ने नासरीगंज के उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एआईएमआईएम प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लालू यादव ने एमवाई बनाकर मुसलमानों को सिर्फ लूटने और उनका वोट लेने का काम किया है। मुसलमान का वोट हासिल कर उन्होंने सिर्फ अपने दोनों बेटे, बेटी एवं दामाद को सत्ता में बैठने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नफरत फैला रहे हैं। वो सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाकर देश पर राज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए ओवैसी ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के दौरान हमारे मजदूर भाई-बहन काफी दूर-दूर से पैदल चलकर आए। क्या इसी के लिए आपको भगवान ने पैदा किया है। जो भी प्रधानमंत्री बने उन्होंने देश पर कोई एहसान नहीं किया और आज मोदी गलतफहमी के शिकार हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष ने कहा की मोदी ने देश पर कोई एहसान नहीं किया बल्कि देश ने आपको प्रधानमंत्री बना कर एहसान किया है।

# रंका बस स्टैंड में चला नशा मुक्ति अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष, सचिव के आदेषानुसार जिले के रंका प्रखंड स्थित बस स्टैंड में शनिवार को नषा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को नशीले पदार्थ का सेवन से दूर रहने की जानकारी दी। ड्रग्स के व्यापार एवं रोकथाम की जानकारी देते हुए भांग, अफीम, शराब, गुटका एवं अन्य नशीले पदार्थ के सेवन से बच्चों को दूर रखने के लिए उनके माता-पिता एवं संरक्षक को सलाह दी। साथ ही नशीले लत से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति केंद्र या मेडिकल ट्रीटमेंट की आवश्यकता पर कानूनी रूप से सहायता के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा को पीएलवी के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराने की बात बताई।

उन्होंने निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने हेतु हर संभव मदद पहुंचाने की बात बताते हुए लोगों से आह्वान किया गया की आप सभी को कहीं भी इस तरह के बच्चे मिलते हैं तो इसकी जानकारी पीएलवी के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा को दें। ताकि उन्हें सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके।

# अहमदाबाद कमाने गये युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** थाना अंतर्गत परसोडीह पंचायत के कधवन ग्राम निवासी जयराम चौधरी के पुत्र कृष्णा चौधरी की मौत 22 मई को गुजरात के अहमदाबाद में हो गई। कृष्णा इसी महीने चार मई को मजदूरी करने गुजरात के अहमदाबाद में गया था। शव गुजरात से लौटते ही ग्रामीणों ने शुक्रवार को थाना के सामने शव रख कर सुबह सात बजे से 10 बजे तक हंगामा किया। मृतक के पिता ने गांव के रिशु सिंह, एएनएम बबिता देवी और पति राकेश सिंह सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन दिया है। दिये आवेदन में जयराम ने कहा गया है कि 25 अप्रैल को मेरा पुत्र के साथ उपर्युक्त लोगों ने मारपीट किया था। कुछ दिनों के बाद पुनः दोनो पक्षों में समझौता भी हुआ। समझौता के बाद बोला गया कि लड़का को कुछ दिनों के लिए यहां से हटा दो। उसी में मेरा पुत्र कमाने अहमदाबाद चला गया और वहां उसकी मृत्यु हो गई।


जानकारी लेती पुलिस

नगर उंटारी एसडीपीओ सत्येंद नारायण और बीडीओ सावित्री कुमारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी को समझा बुझा कर भीड़ को शांत कराया। साथ ही यह आश्वासन दिया कि इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर निश्चित रूप से नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। आवेदन के आलोक में एफ़आईआर दर्ज कर लिया गया है। मौके पर नगर उंटारी इंस्पेक्टर रत्ना कुमार सिंह, थाना प्रभारी रौशन कुमार बरनवाल, समाजसेवी अजय वर्मा, पूर्व मुखिया अनिल पासवान, मुखिया प्रमोद प्रसाद, एसआई विजय सिंह, पंकज सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# सुपरवाईजर ने बांकी नदी को बनाया कचरा डंपिंग यार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बांके तेरी बांकी मैली हो गई, पापियों के जेब भरते भरते। यह किसी फिल्मी गीतों के बोल नहीं हकीकत है। अपनी जेब भरने की लालच में नपं के सफाई सुपरवाईजर ने बांके (श्री कृष्ण) की बांकी (मां राधारानी) को मैला कर डाला है। सफाई सुपरवाईजर की काली करतूत से विश्वविख्यात श्री बंशीधर मंदिर एवं प्राचीन सूर्य मंदिर के बगल से बह रही पवित्र बांकी नदी का अस्तित्व खतरे में है। सुपरवाईजर ने बांकी नदी को कचरा डंपिंग यार्ड बनाकर कचरा


बांकी नदी में डंप किया गया कचरा

का अंबार लगा दिया गया है। बांकी नदी की दुर्गति नपं कार्यालय के ठीक सामने यानी उसके नाक के नीचे हो रही है। नदी की दुर्गति पर नपं के वरिष्ठ से लेकर कनिष्ठ सारे हाकिम और हुक्मरान खामोश हैं। लिहाजा सुपरवाईजर की मनमानी चल रही है। बताते चलें कि श्री बंशीधर नगर खिलखिलाता हुआ शहर है। श्री बंशीधर मंदिर के ठीक बायीं ओर बांकी नदी बहती है। कल कल बहती बांकी नदी के तट पर विराजे श्री वंशीधर जी मंद मंद मुस्कान के साथ वंशीवादन कर सबकी पीड़ा और संताप को दूर कर रहे हैं। लेकिन पैसे की हवस में नपं के लोग उनकी सहचरी प्रेयसी बांकी नदी को मैला कर नरक में तब्दील कर दिया है। नपं कार्यालय श्री बंशीधर मंदिर एवं बांकी नदी की खूबसूरती में चार चांद लगाने के बजाय मंदिर एवं नदी की अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। बांकी नदी में कई जगहों पर बने कचरा डंपिंग यार्ड से जहां नदी सिकुड़ती जा रही है। कचरे के दुर्गंध से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों को नाक मुंह बंद कर जाना पड़ता है। नदी के तट पर कार्तिक एवं चैती छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। उस समय नदी के किनारे छठ घाट की सफाई पर काफी पैसे खर्च होते हैं, फिर भी संपूर्ण स्वच्छता का अभाव रहता है। इस संबंध में श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि कचरा डंपिंग यार्ड नहीं होने के कारण कचरा रखने में परेशानी हो रही है। बांकी नदी के पास जो कचरा रखा हुआ है उसे जल्द ही हटा दिया जायेगा।

## पेज एक का शेष

### केंद्र की तानाशाह...

उन्होंने कहा कि पांच साल के बाद सांसद चुनने का अधिकार मिलता है, इसलिए जिसने अच्छा काम नहीं किया है उसे बदल डालें।

**साथाल की तीन सीटों पर एक को चुनाव :** एक जून को संथाल परगना की तीनों सीट दुमका, गोड्डा और राजमहल में वोट डाले जायेंगे। दुमका सीट से झामुमो के नलिन सोरेन हैं तो दूसरी तरफ सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन भाजपा की टिकट पर मैदान में हैं। कल्पना सोरेन झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन को जीत दिलाने और अपनी जेठानी को शिकस्त देने के लिए कमर कस ली है।

### भ्ष्टाचारियों की पूरी...

लुटेरों को छोड़ेंगे नहीं : पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को लूटने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। ये मोदी की गारंटी है। भ्रष्टाचारियों को अब जेल की रोटी चबाकर जिंदगी पूरी करनी है। बड़े भ्रष्टाचारी चाहते थे कि इंडी गठबंधन बने और मोदी की कुर्सी हिला दें लेकिन मोदी किसी से न डरा और न डरेगा। ारीब को जिन्होंने लूटा है हेलीकॉप्टर का चक्कर खत्म होते ही इनके लिए जेल का रास्ता खुल जायेगा। उसको जेल जाना ही पड़ेगा। चाहे वो कितना ही बड़ा शहजादा क्यों ना हो पीएम ने कहा, बड़े गुनहगार को जेल में भेजना चाहिए, वहीं मैं कर रहा हूं।

**बिहार के लोग निर्णायक होते हैं :** पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के लोग निर्णायक होते हैं। उन्हीं को वोट देते हैं, जिनकी सरकार बनती है। उन्होंने कहा, अब आप गैस सिलेंडर चिन्ह पर उपेंद्र कुशवाहा को वोट दीजिए तो मोदी को मिलेगा। मोदी ने कहा कि रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद इंडस्ट्री का हब बनेगा। यहां बड़ी संभावना रोजगार देने की है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनायेंगे और 70 वर्ष से ऊपर सभी को मुफ्त इलाज, बिजली का बिल जीरो होगा। पीएम सूर्य घर योजना सभी के लिए लागू होगा। मोदी हर गारंटी पूरी करेगा।

### धोनी के आते...

**के रविकुमार ने सपरिवार किया मतदान :** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राजकीय कृत मॉडल उच्च विद्यालय बीएमपी ग्राउंड डोरंडा के बूथ संख्या 372 पर मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी एवं पुत्र भी मतदान करने पहुंचे थे। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने जवाहर नगर, कांके एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने तहसील कचहरी, रातु रोड स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया।

**संजय सेठ और सहाय ने डाले वोट :** रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने अपने परिवार के साथ ओटीसी कैंपस में संत कोलंबस स्कूल में अपना वोट दिया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने अपने पिता सुबोध कांत सहाय और माता रेखा सहाय के साथ धुर्वा स्थित एचईसी महिला समिति कैंपस स्थित मतदान केंद्र में वोटिंग की। दोनों प्रत्याशी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मतदान करने पहुंचे थे। दोनों ने वहां मौजूद पत्रकारों से अपनी-अपनी जीत का दावा किया। संजय सेठ ने कहा कि इस बार रिकॉर्ड टूटेगा। उन्होंने कहा कि आम जनता मोदी की गारंटी को जानती और पहचानती है। ऐसे में भाजपा रांची ही नहीं अधिकांश सीटों पर भारी मतों से जीतेगी।

### धोनी को देखते...

यही कारण है कि आज भी पूरा परिवार मेकॉन कॉलोनी स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने जाता है। महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल रिंग रोड स्थित अपने नए फार्म हाउस में रहते है। झारखंड के पूर्व सीएम और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने अपने परिवार के साथ जमशेदपुर में सीतारामडेरा मंडल क्षेत्र स्थित हरिजन मध्य विद्यालय, भालूबासा के 21 नंबर बूथ पर मतदान किया।

### राज्यपाल ने की...

धन के अलावा कोई और चीज गरीबी नहीं मिटा सकती है इसलिए धन सृजन केवल विकास के के जरिए ही संभव है।

### मतदान लोकतंत्र...

उन्होंने कहा कि मेरे हाथ में लगी स्याही की ताकत से मैं देश का भविष्य बदल सकती हूं। और यह ताकत भारत देश के नागरिकों के पास है। इसका इस्तेमाल करना सबसे ज्यादा जरूरी है। कल्पना सोरेन ने कहा मतदान लोकतंत्र का त्योहार है। झारखंड की राजधानी रांची में इस लोकसभा सीट पर अपने मतदान का प्रयोग कर मैं काफी खुश हूं।

### झामुमो और कांग्रेस ...


वहीं वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और झामुमो ने झारखंड को सिर्फ लूटने का काम किया। श्री मुंडा ने भाजपा को आदिवासी की सबसे बड़ी हितैषी पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने आदिवासियों की भावना को बेचने का काम किया है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जरूरतमंदों को अनाज आगे भी मोदी सरकार मुहैया करायेगी। अर्जुन मुंडा ने विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए राजमहल से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को विजयी बनाने की अपील की। सभा को कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

## स्पीड न्यूज

### मतदान की भ्रांतियों का खुलासा करूंगा : आयुक्त

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों ने शनिवार को दिल्ली में मतदान किया। मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को लेकर बहुत सी भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जिसमें मत प्रतिशत भी एक विषय है। एक दिन इन सबका खुलासा किया जाएगा और बताया जाएगा कि कैसे लोगों को गुमराह किया जा रहा है। राजीव कुमार ने कहा कि देशभर में इस बार चुनावों के दौरान कम हिंसा हुई है। चुनाव आयोग के सुरक्षा और अन्य इंतजामों की प्रशंसा हो रही है।

### सिकंदर में खुद एक्शन करेंगे सलमान खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के एक्शन सीक्वेंस खुद करेंगे। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी।सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गये हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। सिकंदर की शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। प्री-प्रोडक्शन का काम पिछले हफ्ते शुरू हो गया है। पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 300 दबे

पोर्ट मोरेस्बी। उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुये भारी भूस्खलन से 300 लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए। शुक्रवार को स्थानीय समय के अनुसार 3:00 बजे पीएनजी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित एंगा प्रांत में भूस्खलन ने काओकलाम गांव को तबाह कर दिया।

### रूस ने खार्किव में ट्रेन और पटरी को उड़ाया

**कीव।** यूक्रेन के खार्किव में रूस ने हमला कर ट्रेन और रेलवे पटरियों को उड़ा दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि खार्किव में रूसी सेना नए सिरे से भीषण हमला करने के बाद क्षेत्र से बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रीय रेलवे संचालक यूक्रजालिज्नित्सिया के मुताबिक रात भर किए गए हमले में इमारतों और मालगाड़ी को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### उत्तराखंड में बाघिन ने दिया 4 शावकों को जन्म



**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित राजाजी टाइगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक खुशी की सूचना आई है। यहां एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। इससे वन्य जीव संरक्षकों सहित वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं, अपितु वन मंत्री सुबोध उनियाल ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री उनियाल ने शनिवार को बताया कि राजा जी टाइगर रिजर्व के पश्चिमी भाग में बाघों की आबादी को पुर्नस्थापित करने के उद्देश्य से, कार्बेट टाइगर रिजर्व से अभी तक चार बाघों, जिसमें एक नर तथा तीन मादा, को यहां लाया गया है।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कतार में लगकर राजेंद्र केंद्रीय विद्यालय में डाला वोट। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने किया मतदान।

# बंगाल में सर्वाधिक 78.19 फीसदी वोटिंग

## छठा चरण में आठ राज्यों की 58 सीटों पर 58.82 प्रतिशत पड़े वोट

- ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर 59.72 % मतदान
- बिहार में 52.80, दिल्ली में 54.32 और यूपी में 54.02 प्रतिशत हुआ मतदान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में शनिवार को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। देशभर में 58.82 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में कुछ स्थानों पर छिटपुट झड़पों के बावजूद सबसे अधिक 78.19 प्रतिशत और जम्मू और कश्मीर में सबसे कम 51.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा के साथ-साथ आज ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार 59.72 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के अनुसार बिहार में 52.80 प्रतिशत, हरियाणा में 58.14 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 51.41 प्रतिशत, झारखंड में 62.16 प्रतिशत, दिल्ली में 54.32 प्रतिशत, ओडिशा में 59.72 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 54.02 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 78.19 प्रतिशत मतदान हुआ। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सभी सातों सीटों पर आज कुल 54.32 प्रतिशत मतदान हुआ। उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट पर सबसे अधिक 58.30 प्रतिशत वोट डाले गये। इसके बाद पश्चिमी दिल्ली सीट पर 54.90 प्रतिशत, पूर्वी दिल्ली 54.37 प्रतिशत, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली सीट पर 53.81 प्रतिशत, चांदनी चौक सीट पर 53.27 प्रतिशत, दक्षिणी दिल्ली सीट पर 52.83 प्रतिशत और नई दिल्ली सीट पर 51.54 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग के अनुसार 58 संसदीय सीटों में 49 सामान्य, 2 एसटी और 7 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राज्यवार उम्मीदवारों की बात करें तो इस चरण में बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64,



उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में कुल 889 उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो गई। उधर, ओडिशा विधानसभा की 42 विधानसभा सीटों में 31 सामान्य, 5 एसटी और 6 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीटों- चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिणी दिल्ली, हरियाणा की सभी 10 सीटों- अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुड़गांव और फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों- सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही, बंगाल की आठ सीटों- तमलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा और बिष्णुपुर, झारखंड की चार सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर, बिहार की आठ सीटों वाल्मीकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज , सीवान एवं महाराजगंज, जम्मू-कश्मीर की एक सीट अनंतनाग-राजौरी और ओडिशा की छह सीटों भुवनेश्वर, पुरी, ढेंकनाल, क्योंझर (एससी), कटक और संबलपुर पर मतदान संपन्न हो गया।

### बंगाल में हिंसा,दो मरे

पश्चिम बंगाल में कुछ इलाकों में हिंसा से दो लोगों की मौत की गई है। झाड़ग्राम में लालगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलातिकरी इलाके में एक युवक का शव बरामद होने के बाद तनाव बढ़ गया। युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। युवक की पहचान उत्तम महतो के रूप में हुई है। इससे पहले तमलुक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिषादल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें टीएमसी नेता शेख माइबुल की मौत हो गई।

# चक्रवाती तूफान रेमल से भारी बारिश की आशंका

## आईएमडी ने जारी किया एलर्ट, आज रात बंगाल तट पर टकरायेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल में भीषण चक्रवात तूफान आने की आशंका है। इस तूफान के कारण 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

**135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं और बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**

इसके रविवार आधी रात (26 मई) को पश्चिम बंगाल तट से टकराने की बहुत संभावना है। आईएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह एक गहरे दबाव में बदल गया है। यह सुबह 5:30 बजे सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से लगभग 380 किमी दक्षिण-पूर्व में और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 530 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित हो गया।" आईएमडी की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में फूस के घरों, फसलों, पेड़ों के उखड़ने और निचले इलाकों में बाढ़ से बड़े नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने पश्चिम बंगाल सरकार को आश्वासन देते हुए कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए सभी केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं और सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके चलते राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने 12 टीमों को तैनात किया है, वहीं पांच अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### बीजापुर में दो महिला समेत 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान लगातार हो रही मुठभेड़ों में बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने से संगठनों में भय का माहौल देखा जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप शनिवार को सीआरपीएफ डीआईजी एसके मिश्रा, बीजापुर के एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव एवं अन्य पुलिस के अधिकारियों के समक्ष दो महिला नक्सली सहित 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर दो-दो लाख और एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। बीजापुर के एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि समर्पण करने वाले नक्सलियों में राजू हेमला व सामो कर्मा पीएलजीए सदस्य थे। इन दोनों पर दो-दो लाख रुपये के इनाम घोषित था



राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने नयी दिल्ली के निर्माण भवन में किया मतदान।

# देसी रोबोट ने 100 सफलतापूर्वक किया कार्डियक सर्जरी

**बनाया नया कीर्तिमान**

- इस तकनीक से अब तक एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास, आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन, माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट और स्तन धमनी टेकडाउन जैसी सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एसएस इनोवेशन्स द्वारा निर्मित मेड-इन-इंडिया' सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा ने सफलतापूर्वक 100 रोबोटिक कार्डियक सर्जरी पूरे कर इतिहास रच दिया है। इस तकनीक के साथ अब तक एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास, आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन, माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट और द्विपक्षीय आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन जैसी सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

शनिवार को कंपनी के एसएस इनोवेशन के अध्यक्ष और सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि एसएसआई मंत्रा के साथ इस मील के पत्थर तक पहुंचना एसएस इनोवेशन के रणनीतिक बाजार विस्तार में एक और मील का पत्थर है। हमारा मकसद रोबोटिक सर्जरी के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि एसएसआई मंत्रा की डिजाइन इसे जटिल हृदय संबंधी सर्जरी करने में सक्षम बनाती है। कार्डियक सर्जरी के लिए अक्सर बड़े सर्जिकल कट्स लगाए जाते हैं। सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा का वैश्विक स्तर पर 1,000 से अधिक प्रक्रियाओं में उपयोग किया जाता है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा का मकसद सर्जरी को बेहतर तरीके से पूरा करना,



कम रक्त हानि, जल्दी रिकवरी और कम लागत में मरीज को बेहतर परिणाम देना है।

कंपनी 2025 की शुरूआत में अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) और यूरोप में सीई मार्क से अप्रूवल की उम्मीद कर रही है। रिसर्च एंड मार्केट्स के अनुसार वैश्विक सर्जिकल रोबोटिक्स बाजार का आकार 2022 में 78.8 बिलियन डॉलर था और 2032 तक इसके 188.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 से 2032 तक 9.1 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ रहा है।

### हेमकुंड व लोकपाल मंदिर के कपाट खुले



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट शनिवार को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये। सैकड़ोंश्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब में मत्था टेका। शनिवार को हेमकुंड साहिब के कपाट साढ़े नौ बजे अरदास, शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बीच आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये हैं। इसके साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू हो गई है।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !